भोपाल
सोमवार, 3 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष–04
वर्ष : 11, अंक : 338
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 17

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



## संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत आज रात भोपाल आएंगे

विद्या भारती के अभ्यास वर्ग का करेंगे उद्घाटन

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत सोमवार को भोपाल प्रवास पर रहेंगे। डॉ. भागवत देर रात भोपाल पहुंचेंगे। डॉ. भागवत के साथ संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल और वरिष्ठ प्रचारक सुरेश सोनी भी मौजूद रहेंगे। संघ प्रमुख दो दिन भोपाल मे रहेंगे। यहां वे 4 मार्च को विद्या भारती के देशभर से आने वाले 700 से ज्यादा पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के अभ्यास वर्ग का उद्घाटन करेंगे।



## प्रयागराज में महाकुंभ के सफल आयोजन के बाद पीएम मोदी सोमनाथ पहुंचे

# सोमनाथ मंदिर में मार्कंडेय पूजा और ध्वज पूजा की

» सोमनाथ संस्कृत पाठशाला के विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों का जाप किया

» आज द्वारका और गिर जिलों का दौरा करेंगे

एजेंसी ▶▶ जामनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। गुजरात दौरे के दूसरे दिन रविवार को पीएम मोदी सोमनाथ मंदिर पहुंचे। यहां प्रथम ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना करने के बाद 27 करोड़ रुपए से तैयार किए गए हाईटेक मार्केट का उद्घाटन किया। पीएम सोमवार को जामनगर, द्वारका और गिर जिले में कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर में मार्कंडेय पूजा और ध्वज पूजा की। सोमनाथ ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

### आज जंगल सफारी का आनंद लेंगे पीएम

सासन में रात्रि विश्राम के बाद पीएम मोदी सोमवार को जंगल सफारी का आनंद लेंगे। 'सिंह सदन' लौटने पर प्रधानमंत्री एनबीडब्ल्यूएल के पदेन अध्यक्ष के रूप में इसकी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। एनबीडब्ल्यूएल में 47 सदस्य हैं, जिनमें सेना प्रमुख, विभिन्न राज्यों के सदस्य, इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्य वन्यजीव वार्डन और विभिन्न राज्यों के सचिव शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बैठक के बाद ▶▶ शेष पेज 6 पर



ज्योतिर्लिंग की पूजा-अर्चना करते पीएम

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बालाघाट में बाघ की मौत, गले में मिला फंदा

**बालाघाट।** जिले के कटंगी वन परिक्षेत्र के कोड़मी बीट में एक बाघ का शव झाड़ियों के बीच मिला। प्रारंभिक जांच में पशु चिकित्सकों ने भूख-प्यास को बाघ की मौत की संभावित वजह बताया है। बाघ के गले में तार का फंदा लटका हुआ था, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह खुद को छुड़ाने की कोशिश में घायल हो गया और मौत हो गई।



### गुना: हाईवे से दुल्हन किडनैप, पांच अरेस्ट

**गुना।** रविवार को दिनदहाड़े एक दुल्हन का अपहरण हो गया। इस दौरान दूल्हे से मारपीट भी की। दूल्हा, दुल्हन को लेकर अशोकनगर से राजस्थान के सवाई माधोपुर जा रहा था। रूठियाई के पास गाड़ी रुकवाकर कुछ लोगों ने दुल्हन को अगवा कर लिया। पुलिस ने 5 लोगों की गिरफ्तार कर दुल्हन को बरामद किया गया है।



### पाताल में गए आकाश सभी पदों से हटाए गए

**लखनऊ।** रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ा फैसला सुनाया। उन्होंने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया। आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ के निष्कासन के बाद उनका यह दूसरा बड़ा फैसला है। आकाश के भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है।
▶▶ पढ़ें पेज 09 भी



बड़ी सौगातें

## किसान आभार सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा-किसानों की आय बढ़ाने और उनका जीवन बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास जारी

# अब पांच रु. में मिलेगा किसानों को बिजली का 'स्थाई कनेक्शन'

किसानों को प्रति वर्ष 10 लाख कनेक्शन देने का अभियान जल्दी ही शुरू होगा

*डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचे किसानों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत अभिवादन किया। वहीं, किसानों ने सीएम का साफा, गज माला, शॉल-श्रीफल और प्रतीक-चिन्ह के रूप में बैलगाड़ी एवं हल की प्रतिकृति भेंट कर अभिनंदन किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को प्रदेश के किसानों को कई बड़ी सौगातें दी। उन्होंने कहा कि किसानों को अब महज 5 रुपए में ही स्थाई बिजली कनेक्शन दिया जाएगा।

तीन साल में तीन लाख किसानों को सोलर पंप और किसानों को प्रति वर्ष 10 लाख कनेक्शन देने का अभियान जल्दी ही शुरू होगा। किसानों की आय ▶▶ शेष पेज 6 पर

- किसानों द्वारा सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली नकद खरीदी जाएगी
- गो-शाला चलाने वालों को प्रति गाय 20 रुपए के स्थान पर 40 रुपए का अनुदान
- मप्र जैविक खेती में अपनी विशेष पहचान करें स्थापित, जिला स्तर पर लगेंगे कृषि मेले

तीन साल में किसानों को 30 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराए जाएंगे



### आने वाले समय में उन्नत कृषि यंत्र, उन्नत बीज और कृषि व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले समय में उन्नत कृषि यंत्र, उन्नत बीज और कृषि व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिला स्तर पर कृषि मेले लगाए जाएंगे। वर्तमान समय की आवश्यकता के अनुसार वैश्विक स्तर पर उपलब्ध श्रेष्ठतम बीज किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

### मध्य क्षेत्र को यह व्यवस्था तत्काल आरंभ करने के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 5 रुपए में बिजली का स्थाई कनेक्शन उपलब्ध की व्यवस्था मध्य क्षेत्र से तत्काल शुरू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध रूप से पूरे प्रदेश में किसानों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। किसानों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है।

### फसल चक्र में बदलाव करें

मुख्यमंत्री ने किसानों से फसल चक्र में बदलाव का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धान के बदले में मूंगफली और प्राकृतिक फसलों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि जैविक खेती से मप्र अपनी अलग पहचान स्थापित करें। प्रदेश में उत्पादित कपास से क्रांति आने वाली है। किसान परिवार के व्यक्ति को रोजगार देने वाली टैक्सटाइल मिलों को 5 हजार रुपए का बोनस दिया जाएगा।

माणा के पास हिमस्खलन में 54 मजदूर फंस गए थे

## लापता चारों श्रमिकों के शव बरामद आठ की गई जान, 46 को बचाया

इसके साथ ही रेस्क्यू अभियान पूरा हो गया



एजेंसी ▶▶ चमोली

शुक्रवार को भारत-चीन सीमा पर स्थित सीमांत जिले चमोली के माणा के पास भीषण हिमस्खलन में 54 मजदूर फंस गए थे। इसमें से आठ की जान चली गई।

माणा में लापता चारों श्रमिकों के शव रविवार को बरामद हुए हैं। इसके साथ ही रेस्क्यू अभियान पूरा हो गया है। 46 श्रमिकों को बचा लिया गया है।

जीवित बचे लोगों ने सुनाई आपबीती

### हम कंटेनर में थे, अचानक हिमस्खलन हुआ

जीवित बचे विजय पांडे ने कहा कि हम कंटेनर में थे जब हिमस्खलन हुआ और यह कंटेनर को बहा ले गया। हमने खुद को बर्फ में पाया। हममें से 9 लोग कंटेनर में थे, उनमें से 4 आर्मी अस्पताल में भर्ती हैं। मनोज भंडारी ने बताया कि यह इतना अचानक हुआ कि हमें कुछ पता ही नहीं चला। हमारे सभी कंटेनर नष्ट हो ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अभी हमारे पास 46 मरीज

जोशीमठ आर्मी हॉस्पिटल में मेजर अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि अभी हमारे पास 46 मरीज हैं, इनमें से 3 गंभीर हैं इसमें से एक को लीवर में चोट आई हैं। खून का रिसाव हो रहा है उसको हमने मैनेज किया। अभी उनकी स्थिति ठीक है। हम सभी की स्थिति पर निगरानी कर रहे हैं अगर इलाज के लिए आगे भेजना होगा तो हम भेजेंगे।

शेयर बाजार में धोखाधड़ी

## पूर्व सेबी चीफ माधबी बुच और 5 अन्य पर होगी एफआईआर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई की एक विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामक उल्लंघन के आरोप में पूर्व सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।

मुंबई स्थित विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश शशिकांत एकनाथराव बांगर ने कहा कि प्रथम दृष्टया विनियामकीय चूक और मिलीभगत के सबूत हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगा और 30 दिनों के भीतर मामले की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। आदेश में ▶▶ शेष पेज 6 पर



मुंबई की विशेष एसीबी अदालत का आदेश

एनेस्थीसिया के साइड इफेक्ट की आशंका

## डिलीवरी के बाद बेहोश हुईं 5 महिलाएं, चली गई मेमोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

गांधी मेमोरियल अस्पताल में ऑपरेशन से डिलीवरी के बाद 20-25 आयु वर्ग की पांच महिलाएं बेसुध हो गईं। घटना गुरुवार की बताई जा रही है, लेकिन मामला अब चर्चा में है। शुरुआती जांच में एनेस्थीसिया की दवा बुपीवाकाइन के साइड इफेक्ट की आशंका जताई जा रही है।

दरअसल, पूरा मामला श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा का है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा ने बताया कि सी-सेक्शन के जरिए प्रसव के बाद महिलाएं बेसुध हो गईं लेकिन उन्हें कोमा में जाने से बचा लिया गया, लेकिन हालत बिगड़ने के बाद आईसीयू में शिफ्ट करना पड़ा। इनमें से चार महिलाएं अब ▶▶ शेष पेज 6 पर




बुपीवाकाइन दवा के सैंपल को कोलकाता जांच के लिए भेजा

13 मार्च को लेंगे स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति

## मप्र के अपर मुख्य सचिव मो. सुलेमान का वीआरएस मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कॉडर के सीनियर आईएएस अफसर अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मो. सुलेमान ने आखिरकार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) ले ली। भारत सरकार के कार्मिक मंत्रालय ने उनके वीआरएस के आवेदन को मंजूरी दे दी। उन्हें 13 मार्च को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति दी जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक एसीएस सुलेमान के आवेदन को केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) से मंजूरी के लिए भेजा गया था। हालांकि इस संबंध में डीओपीटी का अभी कोई पत्र राज्य सरकार के पास नहीं आया है। सामान्य प्रशासन ▶▶ शेष पेज 6 पर



कार्मिक मंत्रालय ने वीआरएस के आवेदन को दी मंजूरी





नए पश्चिमी विक्षोभ से 7 मार्च के बाद बदलेगा मौसम

## मुरैना जिले में ओले गिरे, पूरे प्रदेश में पारा गिरा, 4 दिन साफ रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के तापमान में बदलाव के साथ मौसम के अलग-अलग रंग दिख रहे हैं। रविवार रात को मुरैना जिले के कई ग्रामीण इलाकों में जहां बारिश के साथ ओले गिरे, वहीं ग्वालियर और चंबल संभाग के आंचलिक हिस्सों में बादल और बौछारें पड़ीं हैं। ओले गिरने से इन इलाकों में फसलें भी प्रभावित हुई हैं।

रविवार रात से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में दिन और रात के तापमान में गिरावट का क्रम भी शुरू हो गया है। 6 मार्च तक मौसम आमतौर पर साफ रहेगा, इसके बाद फिर से बदलाव की उम्मीद है। प्रदेशभर में दिन और रात का पारा एक डिग्री तक गिरकर 32 डिग्री और रात का 17 डिग्री तक रहा। भोपाल में दिन का पारा दशमलव 4 डिग्री ▶▶ शेष पेज 6 पर



ओले गिरने से इन इलाकों में फसलें भी प्रभावित हुई

छेड़खानी की घटना मुक्ताईनगर के मेले में हुई

## शर्मनाक! महाराष्ट्र के जलगांव में केंद्रीय मंत्री की बेटी से छेड़खानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई/जलगांव

महाराष्ट्र में पुणे रेप कांड के बाद अब केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे की बेटी के साथ छेड़खानी की घटना सामने आई है। खडसे पीएम मोदी के मंत्रिमंडल में खेल राज्य मंत्री के कई अन्य विभाग संभाल रही हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे की बेटी के साथ छेड़खानी की घटना जलगांव में आने वाले मुक्ताईनगर के मेले में हुई। बेटी के साथ छेड़खानी की शिकायत के लिए खुद केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे को पुलिस थाने में जाना पड़ा। इस मुद्दे उनके ससुर और भाजपा के दिग्गज नेता रहे एकनाथ खडसे ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पुलिस ने शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह घटना संत मुक्ताई यात्रा के दौरान हुई। केंद्रीय मंत्री की बेटी और उसकी सहेली ▶▶ शेष पेज 6 पर



एफआईआर दर्ज कराने खुद थाने पहुंची केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे

## खबर संक्षेप



### सनातन हिंदू जनसभा का कार्यक्रम हुआ संपन्न

**भोपाल।** धर्म सुधाकर सेवा समिति के तत्वावधान में सनातन हिंदू जनसभा का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें कई प्रदेश के विद्वान एवं समस्त सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के आयोजक आचार्य पंडित योगेश शास्त्री ने बताया इस दौरान वृंदावन से डॉ चतुर नारायण शास्त्री, विदिशा से अंकित कृष्ण शास्त्री बटुक ने भी सरकार से सनातन बोर्ड बनाने की मांग की है। इस मौके मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा, पंडित बृजेश भार्गव, लेखराज शर्मा कपिल शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

### 'कैंसर का निदान समझदारी से समाधान' पर 'विमर्श 2025'



**भोपाल।** भोजपाल मित्र परिषद द्वारा अरेरा क्लब में 'कैंसर का निदान समझदारी से समाधान' विषय पर 'विमर्श 2025' की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सिंगापुर यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ क्लीनिकल फार्माकोलॉजिस्ट एवं शोधकर्ता डॉ बलराम चौबे समेत 25 कैंसर विशेषज्ञ शामिल हुए। 'विमर्श 2025' कार्यक्रम में डॉ. चौबे द्वारा वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दवाइयों के प्रभाव में सुधार, नवीन दवाइयों की खोज एवं व्यक्ति विशेष के लिए पर्सनलाइज्ड उपचार विषय पर अपने शोध पत्रों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सभी चिकित्सा पद्धतियों एवं आहार पद्धतियों द्वारा सर्व समावेशी रूप से कैंसर से बचाव उपचार पुनरावृति को रोकना एवं भविष्य को सफल बनाने के प्रयोजन पर चर्चा की गई। कैंसर से बचाव उसके उपचार और उपचार के पश्चात होने वाली परिस्थितियों के सामना करने के लिए भोपाल में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के संस्थान को बनाए के लिए भोजपाल मित्र परिषद द्वारा इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया।



## बाबा बटेश्वर को छप्पन भोग, महाआरती हुई, भंडारे में बांटा प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रुद्राभिषेक, महाआरती, 56 भोग, भोजन एवं सुमधुर भजनों के साथ राजधानी के कायस्थपुरा स्थित बटेश्वर महादेव मंदिर में चल रही शिव- पार्वती की वैवाहिक रस्मों के अंतर्गत रिसेप्शन (भंडारा) हुआ, जिसमें लगभग 12 से 16 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि शाम 5 बजे भगवान भोलेनाथ का महाअभिषेक कर मां गोरा व बटेश्वर की रजत प्रतिमा को दूल्हा-दुल्हन स्वरूप में मंदिर के गर्भ गृह में विराजित किया गया। गर्भ ग्रह को दो क्विंटल फूल व कपड़े से सजाया गया था। छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती के बाद रात्रि 9 बजे से महाप्रसादी का वितरण प्रारंभ हुआ, जो देर रात तक चला। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर समिति के प्रकाश मालवीय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### श्रीजी मंदिर में फाग उत्सव में खेली फूलों की होली

**भोपाल।** पुराने शहर के चौक बाजार लखेरापुरा में स्थित श्रीजी मंदिर में वसंत पंचमी के साथ ही होली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जोकि 40 दिन तक चलेगा। इस दौरान मंदिर प्रांगण में यमुनाजी के रूप में विराजे प्रभु श्रीनाथ जी का रोजाना अलग-अलग वेश-भूषा में आकर्षक श्रृंगार किया जाता है। रविवार को श्री यमुनाजी के श्रृंगार कर वैष्णव जनों ने फूलों की होली खेली। इस मौके पर गुलाब गेंदा और बिजली के फूलों के साथ होली खेली गई, एक दूसरे को गुलाल लगाई गई।



### सीएम और इस्कॉन जीबीसी ने रखी इस्कॉन की नींव

# 8 एकड़ में मंदिर, भगवत गीता स्कूल ऑडिटोरियम और गो-शाला बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रविवार को कोलार स्थित इस्कॉन मंदिर का भूमिपूजन किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत की पहचान राम और कृष्ण से है। अगर आप विदेश में जाकर यह कह दो कि आप राम और कृष्ण के देश से हो तो वह समझ जाएगा कि आप भारतीय हो। इस कृष्ण भावनामृत को जगाने में इस्कॉन के संस्थापकाचार्य श्रील प्रभुपाद का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने पूरी दुनिया में हरे कृष्ण नाम की अलख जगाई है। सीएम ने ऐलान किया कि आज से इस मार्ग का नाम 'श्रीमद् अभयचरणाविंद भक्तिवेदांत श्रील प्रभुपाद मार्ग' होगा।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज हम इस जगह पर भूमिपूजन कर रहे हैं। बहुत ही जल्द यहां पर भगवान राधा गोविंद का एक भव्य मंदिर भी होगा। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार गो रक्षा के लिए काम कर रही है। हम किसानों के हितों में काम कर रहे हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम का शुभारंभ जगन्नाथपुरी, इंदौर और वृंदावन से आए पुरोहितों ने किया। प्रभात में भव्य यज्ञ हुआ, जिसमें कई गृहस्थों ने यजमान के रूप में भाग लिया। इसके बाद इस्कॉन वर्ल्ड वाइड के प्रेसीडेंट और जीबीसी परमपूज्य गुरुप्रसाद स्वामी महाराज ने अनंत शेष की स्थापना और पहली ईंट रखी।

> विश्व पटल पर भारत की पहचान राम और कृष्ण से है: सीएम यादव

**कोलार में निकलेगी जगन्नाथ रथयात्रा**



**पहली बार निकलेगी जगन्नाथ रथ यात्रा**

इस्कॉन कोलार के आने के बाद कोलार क्षेत्र में पहली बार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा भी निकाली जाएगी। ये यात्रा हर साल जुलाई माह में होती है। इस बार इस्कॉन बीवायसी कोलार क्षेत्र में भव्य जगन्नाथ रथयात्रा निकालेगा। इसमें पुरी से आए विग्रह होंगे। भगवान जगन्नाथ पूरे कोलारवासियों को अपना आशीष देंगे।

**कृष्णभावना भावित हो सके**

इस मौके पर गुरुप्रसाद महाराज ने कहा कि भगवान बहुत दयालु है। उन्हें किसी चीज की कमी है, लेकिन वो हमें सेवा करने का मौका देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभुपाद चाहते थे कि भारत के हर शहर के हर कोने में मंदिर हों ताकि लोग कृष्णभावना भावित हो सके। पांच साल में यहां एक भव्य श्रीश्री राधा-गोविंद मंदिर होगा। यह मध्यभारत का सबसे बड़ा इस्कॉन मंदिर होगा। वर्तमान में इसकी अनुमानित लागत 100 करोड़ लगाई गई है। जिस जगह पर यह मंदिर है। यहां पर एक भव्य मंदिर जिसमें श्रीश्री राधा-गोविंद (राधा-कृष्ण), कृष्ण-बलराम, गौर-निताई (चैतन्य महाप्रभु, नित्यानंद प्रभु), श्रीश्री नृसिंह देव, जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा महारानी और सुदर्शन के विग्रह होंगे। इस्कॉन भक्ति योगा कल्चरल सेंटर के अध्यक्ष रसानंददास ने बताया कि यहां एक भव्य गोशाला बनाई जाएगी।



### मालवीय बने होली चल समारोह के संयोजक



**भोपाल।** श्री हिन्दू उत्सव समिति भोपाल के अध्यक्ष संतोष साहू (लखपति) ने आगामी पर्व होली महोत्सव के आयोजन होली चल समारोह का संयोजक समाजसेवी महेश मालवीय को नियुक्त किया है। इस अवसर पर समिति के संरक्षक नारायण सिंह कुशवाह, महामंत्री शरण खटीक, उपाध्यक्ष अरुण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कौशल साहू, राकेश अहिरवार, संजय चौरसिया, पवन शाक्य, कमल साहू, गौरव गुप्ता, अशोक गुप्ता, भावेश खेग, किशोर बाथम, राधेजी, यश मालवीय सहित समिति के अन्य सदस्यों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### पोप फ्रांसिस के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना

**भोपाल।** कैथोलिक ईसाई समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के जल्द स्वस्थ होने सभी कैथोलिक गिरिजाघरों में रविवार को प्रार्थना सभाएं हुईं। आर्चबिशप दुरईराज ने कहा कि पोप फ्रांसिस अप्रिय समय से गुजर रहे हैं। आइए हम सब मिलकर प्रार्थना करें कि वे जल्द ही भले चंगे हो जाएं। जहांगीराबाद सेंट फ्रांसिस, लूर्द माता, अजंपसन, संत जोसफ, इन्फेंट जीसस, होली फैमिली सहित अन्य गिरिजाघरों में प्रभु यीशु से पोप को जल्द स्वस्थ करने की प्रार्थना की।

**भक्तों ने बड़ी संख्या में भंडारा किया ग्रहण**

## महाशिवरात्रि के मौके पर प्राचीन शिव मंदिर मिलेट्री स्टेशन में हुई महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गौतम नगर मिलिट्री स्टेशन के समीप रविवार को महाआरती और महा प्रसादी का आयोजन का हुआ। संयोजक शैलेंद्र साहू ने बताया इस अवसर पर जोन अध्यक्ष और पार्षद देवेंद्र भार्गव, एम आई सी सदस्य और पार्षद मनोज राठौर, भगवान दास ढालिया, पवन सक्सेना, शैलेश गोस्वामी, मनोज साहू, मनोज यादव,सुरेश यादव और आसपास के क्षेत्रवासियों ने हजारों की संख्या में महा आरती में भाग लेकर भंडारा ग्रहण किया।

**मां पार्वती को पहनाए छह तौले के आभूषण**

## राठौर समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिवरात्री पर्व को लेकर राजधानी के तलैया स्थित राठौर समाज के श्री संकट हरण महादेव मंदिर में आयोजन का सिलसिला जारी है। महाशिवरात्री के मौके पर मंदिर में मां पार्वती के श्री चरणों में अर्जी लगाते हुए महाभिषेक, पूजन श्रृंगार भजन संध्या के साथ समाज के ऐसे छात्र-छात्राओं जिनका 70 से ऊपर प्रतिशत रहा .0 सम्मान किया गया .जिसमें आरती के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

**विवि के उत्कृष्टता केंद्र घोषित विभागों ने आयोजित किया कार्यक्रम**

## बीयू में राष्ट्रीय विज्ञान दिवसः एआई से लेकर छोटे से छोटे नवाचार के पेटेंट तक हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन, विकसित भारत के लिए विज्ञान एवं नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना, थीम पर किया गया। विवि के 6 उत्कृष्टता केंद्र घोषित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भूविज्ञान विभाग की डॉ. विनिशा सिंह ने संचालन किया। कुलगुरु प्रो. एसके जैन ने कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम में कुल 137 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सीनियर प्रिंसिपल वैज्ञानिक डॉ. एनके चौबे ने ट्रेडमार्क और औद्योगिक डिजाइन पर जानकारी दी।

**विभिन्न पोस्टर और मॉडल्स का प्रदर्शन**

*उन्होंने छात्रों को छोटे से छोटे नवाचार का पेटेंट कराने पर बल दिया। डॉ. कविता रावत ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की कन्वीनर एवं डीन प्रो. साधना सिंह ने नई शिक्षा नीति में विज्ञान विषयों के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में प्रो. रागिनी गोथलवाल, प्रो. एनके गौर, प्रो. विवेक शर्मा सहित कई सीनियर प्रोफेसर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने विभिन्न पोस्टर और मॉडल्स का प्रदर्शन किया।*

**100 से अधिक टीमों ने लिया हिस्सा**

## ट्रिपल आईटीः आइडियाथन स्ट्रेटजी बिल्ट्ज ग्रैंड फिनाले में जीते 50 हजार के पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी स्थित ट्रिपल आईटी के ई-सेल द्वारा आइडियाथन_ स्ट्रेटजी बिल्ट्ज ग्रैंड फिनाले के फाइनल राउंड में विभिन्न कॉलेजों की 100 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। इसके लिए रुपए 50,000 के अलग अलग पुरस्कार बांटे गए। कार्यक्रम ने नवीनतम नवाचारों, रचनात्मक रणनीतियों और मजबूत उद्यमिता की भावना को प्रदर्शित किया। शुरुआत ट्रिपल आई टी भोपाल के ई सेल इंचार्जऔर टीपीओ अजय श्रीवास्तव ने की। ग्रैंड फिनाले के जजों में हर्षवर्धन (सीएमओ, कोडिंग थिंकर) अविनाश झा (सॉफ्टवेयर इंजीनियर)के साथ ही अमित कुमार घोष (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और सॉफ्टवेयर इंजीनियर, कोडिंग थिंकर) रहे। इन सभी टीमों में से केवल 8 टीमों ने ग्रैंड फिनाले में प्रवेश किया। हर टीम ने अपने नवीन विचार प्रस्तुत किए, जिसके बाद एक चुनौतीपूर्ण प्रश्नोत्तर सत्र हुआ। रेन 404 ने पहला पुरस्कार जीता। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोनाल्ड फर्नांडीस ने नवाचार और उद्यमिता पर विचार साझा किए।

**वैज्ञानिक संगोष्ठी में टेक्नोलॉजिस्ट प्रस्तुत करेंगे शोधपत्र**

## मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट का एमएल टीयंस कॉन 2025 का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट का तीसरा राष्ट्रीय महाधिवेशन एमएल टीयंस कॉन 2025 मंगलवार को पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक कॉलेज के रजत जयंती सभागार में आयोजित किया जा रहा है।

जिसमें मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, मप्र पैरामेडिकल कॉउसिंल के रजिस्ट्रार डॉ. शैलोज जोशी, आरोग्य भारतीय संस्था के मिहिर कुमार, डॉ रंजीत सिंह, डॉ अशोक कुमार होंगे। जॉइंट फोरम ऑफ मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव एवं आयोजन सचिव डॉ संतोष कुमार यादव और वैज्ञानिक समिति चेयरपर्सन डॉ शादमा सिद्धीकी ने बताया कि इस नेशनल कांफ्रेंस में वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देशभर के मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी क्षेत्र के वैज्ञानिक, शिक्षक, शोधकर्ता, विद्यार्थी एवं मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट अपना शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। साथ ही इनोवेटिव स्पीकर के रूप में अलग-अलग क्षेत्र में कार्य कर रहे वैज्ञानिक एवं शिक्षक के द्वारा विद्यार्थियों को मेडिकल लैब साइंसेज के क्षेत्र में हो रहे रिसर्च सहित नई टेक्नोलॉजी के बारे में भी अवगत कराया जाएगा।

> रिसर्च सहित नई टेक्नोलॉजी के बारे में कराएगा अवगत

**नई टेक्नोलॉजी से होंगे रूबरू**

मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद वर्मा ने बताया कि नेशनल कांफ्रेंस में मप्र समेत देशभर के अन्य राज्यों के एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। नेशनल कांफ्रेंस में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, लैब टेक्नीशियन, पैथ लैब संचालक और पैथोलॉजी क्षेत्र में कार्य कर रही कंपनिया को नई टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी दी जाएगी।

**शांतिकुंज प्रतिनिधियों ने माना जिला प्रशासन का आभार**

## मंडीदीप में हुए यज्ञ के 500 कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विगत 13 से 16 जनवरी तक मंडीदीप में संपन्न विराट 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में जिन अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला रायसेन और भोपाल जिले के कार्यकर्ताओं ने सेवा कर महायज्ञ को पूर्ण सफल बनाया, उनका रविवार को एमपी नगर शक्तिपीठ में आयोजित समीक्षा गोष्ठी में शांतिकुंज प्रतिनिधियों ने स्मृति चिन्ह एवं प्रोत्साहन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शांतिकुंज प्रतिनिधि जगदीश कुल्मी एवं मप्र ज़ोनल समन्वयक राजेश पटेल एवं उपजोन समन्वयक आरपी हजारी मौजूद रहे। समीक्षा गोष्ठी मे महायज्ञ समिति के अर्थ व्यवस्था प्रभारी यतीश गुप्ता ने समस्त आय व्यय का मदवार व्यौरा प्रस्तुत किया।



**अमूल्य योगदान की मुक्तकंठ से सराहना**

संयोजक धीरज मनी ने महायज्ञ मे सहयोगी रहे मंडीदीप के सभी सामाजिक सागठनों, नगर पालिका मंडीदीप तथा प्रशासनिक अधिकारियों के अमूल्य योगदान की मुक्तकंठ से सराहना की। गोष्ठी मे नगर के पूर्व अध्यक्ष विपिन भार्गव, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नरेन्द्र मैथिल, मारन, प्रार्थना चौहान पार्षद, समाजसेवी रचना सिंह ओबेदुल्लागंज, गायत्री शक्तिपीठ के कार्यकर्ता, भोपाल गायत्री पीठ, प्रज्ञापीठ बरखेड़ा और विभिन्न चेतना केंद्रों से लगभग 500 कार्यकर्ता उपस्थित हुए, जिन्हें प्रशंसा पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

**नूतन भव्या 2025 और इको-क्लब का संयुक्त आयोजन**

## नूतन कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल, छात्राओं ने रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय(नूतन कॉलेज) में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के तहत नूतन भव्या 2025 प्रतियोगिता का आयोजन 6 मार्च को किया जाएगा। इससे पहले प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शनिवार को को वन वाटिका में पौधारोपण कर हरित भविष्य का संदेश दिया। नूतन भव्या- 2025 और इको-क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाना और उन्हें प्रकृति संरक्षण के प्रति प्रेरित करना था। इस दौरान छात्राओं ने औषधीय और छायादार पौधों का रोपण किया। पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव ने छात्रों से कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बहुमूल्य उपहार है।



## महिला दिवस कार्यक्रम में महिलाएं सम्मानित वक्ताओं ने कहा-हर कार्य में सक्षम हैं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को है। इसके तहत मां नर्मदा समाज कल्याण समिति द्वारा कान्हा कुंज परिसर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिला उद्यमी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से मेले का आयोजन किया गया।

> ■ स्वरोजगार को मिलेगा हर हाल में बढ़ावा

इस मौके पर आयोजक समिति अध्यक्ष आशा जैन ने कहा महिलाओं को अपने पैरों पर खड़े होने के उद्देश्य से उनके द्वारा चलाई जाने वाले स्वरोजगारों को बढ़ावा देने के लिए इस मेले का आयोजन किया गया है। इस दौरान सभी महिला उद्यमियों का समिति के सदस्य द्वारा प्रमाण पत्र देकर स्वागत किया गया। जिससे उनका मनोबल बढ़े और वह समाज में एक अलग भूमिका निभा सके। उन्होंने कहा कि नारी में अपरिमित शक्ति और क्षमताएं विद्यमान है। आज नारी अपने साहस के बल पर पूरे आत्मविश्वास के साथ हर क्षेत्र में कामयाबी का परचम लहरा रही है। समाज के दो पंख है एक स्त्री व दूसरा पुरुष यह दोनों पंख समान होंगे तभी समाज, देश व राष्ट्र का विकास होगा। मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर एडीजी अलका शुक्ला शामिल हुई। इस मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष काजल राजपूत, राकेश टी टारिया, पलक जैन, आदेश जैन एवं सदस्य संध्या अग्रवाल व सुषमा चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।








रेयर ब्लड ग्रुप की महिला गर्भवती एनीमिया से भी थी पीड़ित

# गर्भवती महिला का था 'बॉम्बे ब्लड ग्रुप', 700 किमी से भोपाल आकर डोनर ने ब्लड देकर बचाई जान



प्रेरक खबर

## एनीमिया से पीड़ित 40 सप्ताह की गर्भवती के लिए शिर्डी से आया डोनर

## समय पर ब्लड नहीं मिलता, तो जच्चा बच्चा दोनों को था जान का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनीमिया से पीड़ित 40 सप्ताह की एक गर्भवती महिला की जान बचाने के लिए एक व्यक्ति शिर्डी से 700 किमी की दूरी तय कर शनिवार रात एम्स भोपाल पहुंचा और महिला को रेयर ब्लड ग्रुप देकर उसकी और उसके नवजात बच्चे की जान बचाई। भोपाल एम्स के डॉक्टरों ने बताया कि एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिला की हालत गंभीर थी। तत्काल ब्लड चढ़ाने की जरूरत थी, लेकिन चुनौती यह थी कि महिला का ब्लड ग्रुप 'बॉम्बे ब्लड ग्रुप' था, जो अत्यंत दुर्लभ होता है। अस्पताल के ब्लड बैंक में यह उपलब्ध नहीं था।

भोपाल के कई ब्लड बैंक से संपर्क किया, लेकिन कहीं भी 'बॉम्बे ब्लड ग्रुप' का डोनर नहीं मिला। डॉक्टरों के पास समय कम था और अगर जल्द ही ब्लड नहीं मिलता, तो जच्चा और बच्चा दोनों की जान को खतरा हो सकता था। एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह को जब यह जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत डॉक्टरों और ब्लड बैंक टीम को सक्रिय कर दिया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजय वर्मा, डॉ. सीमा अग्रवाल और ब्लड बैंक प्रभारी आदित्य शुक्ला ने मिलकर एक आपातकालीन योजना बनाई। ब्लड बैंक में खोजबीन के बाद जब रक्त नहीं मिला, तो समाजसेवी संगठन जीवन संजीवनी से संपर्क किया गया, जो दुर्लभ रक्त समूहों के रक्तदाताओं की सूची तैयार करने में मदद करता है।

### तीन महीने से डोनर की कर रहे थे तलाश 700 किलोमीटर दूर शिर्डी में मिला

*एम्स के डॉ. रोमेश जैन ने बताया कि प्रेग्नेंट महिला करीब चार महीने से इलाज के लिए आ रही थी। इस दौरान पता चला कि महिला का बॉम्बे ब्लड ग्रुप है। रेयर ब्लड गुरप होने के कारण तीन महीने से डिलीवरी के लिए उस ब्लड की तलाश कर रहे थे। वह ब्लड भोपाल में कहीं से भी उपलब्ध नहीं हो पाया। इस दौरान हमें पता चला कि अशोक नायर जो कि ब्लड डोनेशन सेक्टर में लंबे समय से काम कर रहे हैं। उन्होंने हमारा संपर्क रवींद्र जो कि शिर्डी में रहते हैं, उनसे करवाया। वे शिर्डी से 700 किमी का सफर तय कर भोपाल पहुंचे, जिसके बाद उन्होंने ब्लड डोनेट किया। जिसके बाद महिला की सुरक्षित डिलीवरी करवा पाए।*

### मैं जीवन भर आभारी रहूंगा रवींद्र का

*महिला के पति कपिल ने बताया कि ब्लड की तलाश में हमने भोपाल समेत पूरे मप्र में संपर्क किया, लेकिन कहीं भी हमें इस ग्रुप का ब्लड नहीं मिला। पूरा परिवार बहुत परेशान हो गया था, हमें नहीं लग रहा था कि यह ब्लड कहीं मिलेगा। कई जगहों पर पता करने के बाद निराश ही मिली। मैं रवींद्र का आभारी हूं, जो मेरी पत्नी की जान बचाने के लिए शिर्डी से भोपाल कार से आए। 28 फरवरी की रात शिर्डी से निकल कर 1 मार्च को भोपाल पहुंचे। मैं लोगों से यही कहूंगा कि रक्त दान हम तीन महीने में करना चाहिए, इससे किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है।*

---

भेल से रिटायर्ड वृद्ध का फांसी के फंदे पर लटका मिला शव, दूसरे कमरे में मिली बेटी की लाश

# विक्षिप्त चिकित्सक बेटी को जहर देकर होम्योपैथी डॉक्टर झूल गया फांसी पर!

- *सुसाइड नोट में लिखा-बेटी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं, मुझे भी सेवा की जरूरत, इसके सिवा कोई और रास्ता नहीं*
- *गोविंदपुरा के शक्ति नगर में घर में मिली पिता-पुत्री की लाश, सुसाइड नोट बरामद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित सी सेक्टर शक्ति नगर में रविवार सुबह बंद मकान में भेल के रिटायर्ड बुजुर्ग की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक अन्य कमरे से उनकी बीएएमएस बेटी की लाश बरामद की है। अनुमान है कि पिता ने बेटी को जहर खिलाने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या की है। हालांकि पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार 82 साल के हरिकृष्ण शर्मा भेल से रिटायर्ड थे। वे मकान नंबर 392 सी सेक्टर, शक्ति नगर गोविंदपुरा में रहते थे। उनके परिवार में दो बेटियां और पत्नी थी। बड़ी बेटी की वह शादी कर चुके हैं और वह बागसेवनिया में अपने परिवार के साथ रहती हैं। यहां हरिकृष्ण शर्मा अपनी 40 साल की छोटी बेटी डॉ. चित्रा शर्मा के साथ रह रहे थे। डॉ. चित्रा बीएएमएस करने के बाद घर में ही प्रेक्टिस कर रही थी। पिता ने उनसे काम सीख लिया था और वह भी प्रेक्टिस करते थे।







शक्ति नगर स्थित घर पर जांच करती पुलिस। इनसेट: दोनों मृतक

### मरीज पहुंचे तो लगा था गेट पर ताला

हरिकृष्ण शर्मा के घर इलाज कराने प्रतिदिन मरीज पहुंचते थे। रविवार सुबह भी कुछ मरीज इलाज कराने पहुंचे। इस दौरान बाहर के गेट पर ताला लगा हुआ मिला। मरीजों ने हरिकृष्ण शर्मा के मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद पड़ोसियों से पूछा। पड़ोसियों ने भी हरिकृष्ण को कॉल किया, लेकिन उनका कॉल रिसीव नहीं हो रहा था। पड़ोसियों ने उनके बेटी दामाद को घटना की जानकारी दी।

### पुलिस के साथ पहुंचे बेटी और दामाद

बागसेवनिया में रहने वाले हरिकृष्ण शर्मा के बेटी दामाद पुलिस के साथ घर पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस ने मकान की खुली हुई खिड़की से झांककर देखा तो हरिकृष्ण शर्मा का शव फांसी के फंदे पर लटका नजर आया, जबकि अंदर दूसरे कमरे में फर्श पर चित्रा शर्मा की लाश पड़ी हुई थी। दोनों शव पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिए। तीसरे कमरे में पुलिस को टेबिल पर रखा सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट में हरिकृष्ण ने लिखा था कि वे उम्रदराज हैं और उन्हें खुद सेवा की जरूरत है। बेटी का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है और उन्हें बेटी की सेवा करना पड़ रहा है।

### दो साल पहले पत्नी के निधन के बाद से ही बेटी हो गई थी विक्षिप्त

*चित्रा शर्मा का मानसिक संतुलन काफी समय से बिगड़ा हुआ था। दो साल पूर्व हरिकृष्ण शर्मा की पत्नी का निधन हो गया। पत्नी के बाद बेटी का मानसिक संतुलन कुछ ज्यादा ही बिगड़ने लगा था। उम्रदराज हरिकृष्ण को घर के काम के अलावा बेटी की भी देखरेख करनी पड़ रही थी। इससे वह परेशान रहने लगे थे।*

### बायपास के अलावा 12 बार टूट चुकी हैं हड्डी, बेटी को लेकर रहते थे चिंतित

*थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर ने बताया कि हरिकृष्ण शर्मा कर्मठ थे। उनका 12 बार एक्सीडेंट हो चुका है और हड्डियां टूट चुकी हैं। इसके अलावा उनकी बायपास सर्जरी भी हो चुकी है। वे बेटी को लेकर चिंतित रहते थे। उन्होंने सुसाइड नोट में देहदान की बात लिखी है। इसके अलावा वह अपना शक्ति नगर वाला घर उन्होंने बेटी दामाद को दे दिया। गांव में उनकी प्रॉपर्टी थी वह अपने छोटे भाई के बेटा बहू को देकर गए हैं।*

### सुसाइड नोट में लिखा-एम्स में कर देना बेटी और मेरा देहदान

*हरिकृष्ण शर्मा ने सुसाइड नोट में देहदान की बात लिखी है। उन्होंने लिखा है कि मरने के बाद हमारे शव मेडिकल के छात्रों की पढ़ाई के लिए काम आए इसलिए हमारा देहदान कर देना। पुलिस दोनों शव लेकर एम्स पहुंची थी, लेकिन एम्स में शवों का पीएम नहीं किया गया। पुलिस को एम्स से शव हमीदिया ले जाना पड़ा। हमीदिया में पीएम के बाद शवों का एम्स में देहदान किया जाएगा।*

---

चिमनी से उत्सर्जित पैरामीटर की मात्रा निर्धारित मानक सीमा के भीतर

# पीथमपुर में अब तक यूनियन कार्बाइड के 6750 किग्रा अपशिष्ट का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूनियन कार्बाइड के कचरे का निपटान शुरू हो गया है। आज शाम 5 बजे तक 6750 किलोग्राम अपशिष्ट का दहन (डिस्पोजल) किया जा चुका है। अपशिष्ट के साथ लगभग 6750 किलोग्राम लाइम भी मिलाकर दहन किया गया है।

फ्लू गैसेस की सफाई हेतु लगभग 7500 किलोग्राम लाईम, 3750 किलोग्राम एक्टीवेटेड कार्बन तथा 50 किलोग्राम सल्फर का उपयोग किया गया। अपशिष्ट को जलाने के लिए लगभग 33 हजार लीटर डीजल की खपत हो चुकी है। उच्च न्यायालय जबलपुर की रिट याचिका में पारित आदेशानुसार यूनियन कार्बाइड के अपशिष्ट का प्रथम ट्रायल रन 27 फरवर से मेसर्स पीथमपुर इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट प्रा.लि. पीथमपुर, जिला धार से संचालित इंसीनरेटर में किया जा रहा है। संभागायुक्त दीपक सिंह ने बताया कि अपशिष्ट के दहन के दौरान चिमनी से हो रहे इमीशन की लगातार मॉनिटरींग केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लगभग 20 अधिकारी, कर्मचारियों की ओर से की जा रही है। साथ ही इमीशन के लगातार मॉनिटरींग के लिए ऑनलाईन कन्टीन्युअस इमीशन मॉनिटरींग सिस्टम भी संचालित है। चिमनी से उत्सर्जन निर्धारित मानक सीमा के भीतर पाए जा रहे है।



### पर्टीक्यूरेट मेटर का उत्सर्जन 9.6 मिलीग्राम सामान्य घनमीटर

संभागायुक्त सिंह ने बताया कि पर्टीक्यूरेट मेटर का उत्सर्जन 9.6 मिलीग्राम, सामान्य घनमीटर है, जिसकी निर्धारित अधिकतम मानक सीमा 50 मिलीग्राम, सामान्य घनमीटर है। इसीतरह सल्फर डाईऑक्साइड का उत्सर्जन 70 मिलीग्राम, सामान्य घनमीटर है, इसकी अधिकतम मानक सीमा 200 मिलीग्राम, सामान्य घनमीटर है। नाईट्रोजन ऑक्साईड्स का उत्सर्जन 116 मिलीग्राम सामान्य घनमीटर है, इसकी निर्धारित अधिकतम मानक सीमा 400 मिलीग्राम सामान्य घनमीटर है। कार्बन मोनो ऑक्साईड का उत्सर्जन 18 मिलीग्राम सामान्य घनमीटर है, इसकी अधिकतम मानक सीमा 100 मिलीग्राम सामान्य घनमीटर है।

### कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन 6.54 प्रतिशत

इसीप्रकार कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन 6.54 प्रतिशत हो रहा है, इसकी निर्धारित अधिकतम मानक सीमा 7 प्रतिशत है। हाईड्रोजन क्लोराईड का उत्सर्जन 3.86 मिलीग्राम, सामान्य घनमीटर है, इसकी अधिकतम मानक सीमा 50 मिलीग्राम, सामान्य घनमीटर है। हाईड्रोजन फ्लोराईड का उत्सर्जन 1.85 मिलीग्राम, सामान्य घनमीटर है, इसकी निर्धारित अधिकतम मानक सीमा 4 मिलीग्राम, सामान्य घनमीटर है तथा टोटल आर्गेनिक कार्बन का उत्सर्जन 2 मिलीग्राम, सामान्य घनमीटर है, इसकी निर्धारित अधिकतम मानक सीमा 20 मिलीग्राम, सामान्य घनमीटर है।

---

चार अलग-अलग स्थानों में लगी आग

# गोविंदपुरा केमिकल फैक्ट्री से फिर उठा धुंआ, इलाके में फैली दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल स्थित केमिकल फैक्ट्री में रविवार को उठता धुंआ देखकर इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही गोविंदुरा फायर स्टेशन से दमकलें मौके पर पहुंच गई। ज्ञात हो कि शनिवार को उक्त केमिकल फैक्ट्री में बड़ी आग लगी थी।

आग को पूरी तरह बुझा दिया था, रविवार को गोविंदपुरा पुलिस चौकी के प्रभारी पवन सेन घटनास्थल का मुआयना करने पहुंचे तब उन्होंने देखा कि धुंआ उठ रहा है। इसकी सूचना तुरंत फायर बिग्रेड को दी। मौके दो दमकल पहुंची जिन्होंने 20 मिनट तक पानी का छिड़काव कर अंदर सुलग रही आग को बुझाया। हालांकि इसके अलावा शहर के चार अलग-अलग स्थानों पर कचरे और झाड़ियों में लगी आग की सूचना नागरिकों ने फायर बिग्रेड को दी।



### यहां भी लगी आग

*रविवार को एमपी नगर जोन 2 रेलवे लाइन स्थित प्लांट नंबर 31 के भवन की छत पर पड़े कचरे में आग लगी। वहीं वल्लभ नगर और बनखेड़ी चार मिनार मस्जिद के पास झाड़ियों में आग की सूचना मिलने पर दमकल आग को काबू करने के लिए पहुंची। चूंकि कचरे और झाड़ियों में आग लगी थी। इसलिए कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।*

---

बड़ी झील की लहरों पर साइकिल नौका...



भोपाल। बोट क्लब पर साइकिल नौका का संचालन शुरू हो गया है। इस नए तरह की नौका को लेकर युवाओं में खासा जोश नजर आ रहा है। रविवार को साइकिल नौका चलाते कई युवा नजर आए।

---

नगरीय प्रशासन विभाग में मर्ज हो जाएंगे पुलिस फायर स्टेशन

# पुलिस फायर सर्विसेस में 16 साल से नहीं हुई एक भी भर्ती और न ही मिला कर्मचारियों को प्रमोशन

मप्र पुलिस फायर सर्विसेस अंतर्गत भोपाल, इंदौर सहित अन्य स्थानों पर चल रहे फायर स्टेशन अब नगरीय प्रशासन विभाग में मर्ज होंगे। यहां तैनात पुलिसकर्मियों का दर्द यह है कि न तो 16 साल में एक भी भर्ती हुई और न ही प्रमोशन मिला। कई आरक्षक पद से ही रिटायर हो गए।

इधर, पुलिस के फायर स्टेशन को नगरीय प्रशासन विभाग में मर्ज करने का निर्णय भी स्टाफ में तैनात कर्मचारियों को रास नहीं आ रहा। पुलिस फायर सर्विसेस के अंतर्गत वर्तमान में 209 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं। एडीजी स्तर के अफसर को शाखा का प्रभारी बनाया गया है। भोपाल में मंत्रालय, विंध्याचल, सतपुड़ा भवन, राजभवन, सीएम हाउस और विधानसभा सहित वीवीआईपी इमारतों में अग्निशमन सेवाओं का जिम्मा है। इसके अलावा कोई बड़ी आगजनी होने पर भी पुलिस फायर सर्विसेस की मदद ली जाती है।

भोपाल में एक फायर स्टेशन है, जिसमें पुलिस के 5 फायर ब्रिगेड वाहन संचालित हैं। इसके अलावा इंदौर में 5 स्टेशन, पीथमपुर और मालनपुर में एक एक स्टेशन है। वर्ष 2010 के पुलिसकर्मियों के केडर को डाइंग केडर घोषित कर दिया गया था। इसके बाद से कोई भी नई भर्ती नहीं की गई।

### पुलिसकर्मियों का वेतन अब नगरीय प्रशासन से

*अब पुलिस फायर सर्विसेस में तेनात पुलिसकर्मियों का वेतन नगरीय प्रशासन विभाग देगा। इसके लिए अभी पत्राचार जारी ह। पुलिसकर्मियों को डर ह कि कहीं इस फेरबदल में उनका एक माह का वेतन भी न अटक जाए। सरकार पुलिस फायर ब्रिगेड का संचालन नगरीय प्रशासन विभाग को सौंपने जा रही है जिसमें अभी एक माह से अधिक का समय लग सकता है। जल्द ही फायर स्टेशन की जमीन, स्टाफ और सभी वाहन , उपकरण नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकार क्षेत्र में होंगे।*

---

बीना से भोपाल के बीच की दूरी महज डेढ़ घंटे में तय कर सकेंगी ट्रेनें

# चौथी रेल लाइन जल्द होगी शुरू, 3 घंटे में ही पूरा होगा बीना-इटारसी का सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेल मंडल की ओर से बीना से इटारसी के बीच चौथी रेल लाइन बिछाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही विधिवत रूप से काम शुरू किया जाएगा। इसके लिए भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों ने आवश्यक तैयारी पूरी कर ली है।

चौथी रेल लाइन के लिए सर्वे रिपोर्ट को बोर्ड भेजी थी, जिसको स्वीकृति मिल गई है। उल्लेखनीय है कि अभी इस मार्ग पर ट्रैफिक अधिक होने से बीना से इटारसी पहुंचने में 4 से 5 घंटे लगते हैं, लेकिन चौथी रेल लाइन शुरू होने से यही दूरी घटकर 3 से साढ़े घंटे की हो जाएगी। चौथी रेल लाइन के काम में करीब तीन साल यानी 2028 में पूरा हो सकेगा।



### 160 से 220 की रफ्तार से दौड़ेंगी ट्रेनें

डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी के अनुसार बीना-इटारसी के बीच तीसरी रेल लाइन का काम पूरा हो चुका है। नवंबर 2023 से इस पर ट्रेनें चल रही हैं। इससे भोपाल मंडल को 10 से अधिक नई ट्रेनें मिली हैं। इनमें वंदे भारत, महामना, सिंगरौली-पुणे हमसफर और आरकेएमपी-एलटीटी आदि हैं। अब चौथी रेल लाइन बिछाने के बाद सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनें 160 से 220 किमी की रफ्तार से दौड़ेंगी। इससे सफर में कम समय लगेगा।

### वर्तमान में लगते हैं 5 घंटे

बीना से इटारसी की दूरी 230 किमी है. इसे तय करने में निजामुद्दीन-जबलपुर सुपरफास्ट को करीब साढ़े चार से पांच घंटे का समय लगता था। इसी प्रकार जीटी और कुशीनगर बीना से इटारसी पहुंचने में करीब 4 घंटे का समय लेती हैं। दरअसल, यह समय भी गत वर्ष तीसरी लाइन का काम पूरा होने की वजह से घट गया। 3 लाइनों पर ट्रेनों के संचालन से ट्रेनों का लोड कम हो गया। इसी तरह लेकिन चौथी रेल लाइन बिछने के बाद लोड कम हो जाएगा और ट्रेनों की स्पीड बढ़ जाएगी।

### होली स्पेशल: 3-3 फेरे चलेगी पुणे-दानापुर स्पेशल ट्रेन, इटारसी स्टेशन पर लेगी हॉल्ट

*भोपाल। होली के मौके पर ट्रेनों में लगातार वेटिंग लिस्ट बढ़ती जा रही है। इसी के तहत रेलवे की ओर से होली पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेन का संचानल करने का निर्णय लिया है। इसके तहत गाड़ी संख्या 01481/01482 पुणे-दानापुर के बीच तीन-तीन फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी, जो कि भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर हाल्ट लेगी। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 01481 पुणे-दानापुर होली विशेष ट्रेन 10 मार्च , 14 मार्च एवं 17 मार्च को पुणे स्टेशन से रात 19.55 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सुबह 11.15 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 05.00 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01482 दानापुर-पुणे होली विशेष ट्रेन 12 मार्च, 16 मार्च एवं 20 मार्च को सुबह 06.45 बजे दानापुर स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन रात 01.50 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए दोपहर 17.35 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में पुणे जंक्शन, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड़ जंक्शन, जलगांव जंक्शन, भुसावल जंक्शन, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी।*

## खबर संक्षेप



### आचार्यश्री की भोजपुर में हुई भव्य अगवानी

**औबेदुल्लागंज।** रविवार को सुबह 8 बजे पूज्य आचार्यश्री विशद सागर महाराज की 10 मुनिश्री के साथ तीर्थ अतिशय क्षेत्र भोजपुर में भव्य अगवानी हुई। मुकेश जैन, अनिल जैन इलेक्ट्रॉनिक्स आदि ने बताया कि रविवार की दोपहर मुनि संघ पूज्य आचार्यश्री विशद सागर महाराज का ससंघ विहार भोजपुर से औबेदुल्लागंज की ओर हुआ, जिसमें युवा नेहिल जैन, संयम जैन, शुभम जैन, सम्यक जैन आदि शामिल रहे। रात्रि विश्राम खसरोद में हुआ। सोमवार को यहां से विहार कर औबेदुल्लागंज आचार्यश्री ससंघ पहुंचेंगे।

### बाबा महाकाल के स्वरूप का किया विसर्जन



**औबेदुल्लागंज।** बाबा महाकाल के स्वरूप को नगर भ्रमण कराकर मां नर्मदा में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर विसर्जन समिति के सदस्य वचन लोधी, पदम सिंह चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, पूर्व पार्षद मुकेश कहार, बाला चौधरी, विनोद नामदेव, हरी पंडित आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



### राष्ट्रीय विज्ञान स्पर्धा में चिराग, सक्षम रहे प्रथम

**संतनगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में नोबल पुरस्कार विजेता डॉ. सी. वी. रमन द्वारा खोजे गये रमन प्रभाव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का दो दिवसीय आयोजन मध्य प्रदेश काउंसिल आफ साइंस एवं टेक्नोलाजी, नेशनल काउंसिल फार साइंस एंड टेक्नोलाजी कम्यूनिकेशन नई दिल्ली के सहयोग से किया गया। जिसमें विभिन्न अंतर विद्यालयीन एवं अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिताएं आयोजित की जिसमें दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी चिराग मेहरा और सक्षम उदासी ने विज्ञान माडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### कई आयोजनों में दिखेगी महिला शक्ति

**संतनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शाम 4 बजे वूमेंस विंग, प्लेओटल एवं एसडीएफसी ड्रीम इवेंट लालघाटी स्थित प्लेओटल इन्न एरिया में नारी शक्ति को नमन करने के उद्देश से अलग-अलग क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट कार्यों से पहचान बनाने वाली महिलाओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन करेंगे। इसके अलावा गेम्स, फैशन शो, रेड कारपेट वॉक, डांस वर्कशॉप, लाइव म्यूजिक, गिफ्ट्स, व्यंजन के साथ प्रतियोगिताएं होंगी। मुख्य अतिथि कृष्णा गौर (राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार) रहेंगी।

### मतीन उर रहमान हाफिज साहिब का इंतकाल

**औबेदुल्लागंज।** नगर के प्रसिद्ध घड़ीसाज मतीन उर रहमान हाफिज साहिब का रविवार दोपहर में इंतकाल हो गया। उन्हें गोवर्धन रोड कब्रिस्तान में उनके पुत्र अन्नू भाई, सिकंदर बतर भाई, भतीजे सलमान भाई आदि ने सुपुर्द ए खाक किया। मुस्लिम समाज अध्यक्ष गुड्डू भाई, उप सदर सलीम भाई, डॉ. ममनून, पार्षद आमिर ममनून, सुरजीत सिंह बिल्ले, अफसर भाई, दिनेश दंडगे, बंटी जोशी, पप्पू खन्ना, मनोज मेघानी, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, आकिल भाई, सगीर भाई, आमीन आसिफ पठान, नफीस भाई, अख्तर महमूद हाजी ट्रेडर्स नईम भाई मंडी वाले, रईस भाई, सोहेल भाई, राजा सिद्दीकी इसराइल सेठ आदि शामिल हुए।



# प्रो. तिवारी ने कहा, ज्ञान सनातन है, लोक कल्याण ही हमारा उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय शोधार्थी समागम के दूसरे दिन विद्वानों ने व्यक्त किए विचार



दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा मैपकास्ट कैंपस में चल रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम के दूसरे दिन रविवार को विविध सत्रों को देशभर से आए विद्वानों ने संबोधित किया। भारतीय ज्ञान परंपरा एवं आधुनिक शोध विषय पर आयोजित सत्र में आईआईटी कानपुर के प्रो. नचिकेता तिवारी ने कहा कि ज्ञान नया पुराना नहीं होता। हमारा जो ज्ञान है, वो सनातन है।

वह पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। हमें शोध में इन विधियों एवं पद्धतियों का ध्यान रखना चाहिए। हमें सनातन के आलोक में शोध करना चाहिए, जिससे हमारा और विश्व का मंगल हो। उन्होंने कहा कि भारत एक विलक्षण सभ्यता है। यूरोपीय देश भाषा पर आधारित हैं। मध्यपूर्व धर्म पर आधारित है, जबकि हम ज्ञान के आधार पर जुड़े हैं। इसका अधिष्ठान ज्ञान है।

### भारत का रणकौशल शोध का विषय

मेपकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि भारत का रण और आयुध परंपरा बड़े शोध का विषय है। अच्छे शोध के लिए हमें अपने जड़ों में जाना होगा। हमें अपनी गौरवशाली परंपरा को अनुभूति करना है और उस पर काम करने की आवश्यकता है।

### शोध जागरूक बनाने में निभाता है महत्वपूर्ण भूमिका

माखनलाल चतुर्वेदी विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने भोजशाला पर किए अपने शोध के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शोध इतिहास को समझने और समाज को जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत की असली विरासत को पहचानने और सहेजने के लिए गहराई से शोध करने की जरूरत है। उन्होंने जोर दिया कि हमारा इतिहास केवल एक ही दौर या शासकों तक सीमित नहींहोना चाहिए, बल्कि इसमें भारत के अलग-अलग राजवंशों के योगदान को भी शामिल किया जाना चाहिए। अंत में उन्होंने इतिहास को संतुलित और शोध-आधारित तरीके से समझने की अपील की। छत्तीसगढ़ की शोधार्थी स्वाति आनंद ने दर्शन (दृष्टि) और भारतीय लोक परंपरा के महत्व पर बात की।

### इंटरनेट प्रोटोकॉल का प्रभाव हर मॉलिक्यूल पर

जवाहरलाल नेहरु विवि, दिल्ली की प्रोफेसर डॉ. रीता सोनी ने कहा कि भविष्य में इंटरनेट प्रोटोकॉल का प्रभाव हर मॉलिक्यूल पर होगा। उन्होंने योग का उदाहरण देते हुए कहा कि हम यह परंपरा सारे विश्व को बिना किसी मूल्य के दे रहे हैं। अनुवाद, व्यक्तिकरण एवं वैश्वीकरण में एआई की प्रासंगिकता समागम में डॉ. उत्पल चक्रवर्ती ने कहा कि एआई का सबसे सटीक और सार्थक प्रयोग भाषा के क्षेत्र में हो रहा है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण है अनुवाद।

### समय के साथ चिंतन और अभिव्यक्ति में आता है परिवर्तन

दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. वैद्यनाथ लाभ (कुलगुरु सांची विवि, सांची) ने कहा कि समय के साथ लोगों के चिंतन एवं अभिव्यक्ति में परिवर्तन आता है। 1192 के बाद तुर्कअफगान आए। उन्होंने नालंदा, विक्रमशिला जैसी धरोहरों को नष्ट किया, मुगलों ने भी संस्कृति को कुचलने का भरसक प्रयास किया। उन्होंने भारतीयों के मन में उनके प्रति जानबूझ कर नकारात्मक भावना भरने का प्रयास किया। हम इन हीन भावनाओं से तभी उबर सकते हैं, जब अपनी ज्ञान परंपरा को आत्मसात कर अपने शास्त्रों, साहित्य, दर्शन एवं वास्तविक स्रोत को जानने का प्रयास करेंगे।

एक छात्र से वसूलता था 500 से 1 हजार रुपए, राशि कम होने के कारण कई छात्र नहीं करते थे शिकायत

# बोर्ड परीक्षा के सैंपल पेपर को लीक पेपर बताकर छात्रों को ठगने वाले को दबोचा

» टेलीग्राम ग्रुप में छात्रों-अभिभावकों को जोड़कर रखा था

» करीब डेढ़ सौ छात्रों के साथ ठगी की

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ भोपाल

साइबर क्राइम ब्रांच ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा का सैंपल पेपर को लीक पेपर बताकर छात्रों-अभिभावकों से ठगी करने वाले जालसाज को गिरफ्तार किया है। 12वीं तक पढ़ा आरोपी छात्रों के साथ ठगी करता था। ठगी करने के लिए वह टेलीग्राम ग्रुप में छात्रों-अभिभावकों को जोड़ रखा था।



एडिशनल डीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की तरफ से छात्रों को फर्जी पेपर ऑनलाइन बेचकर ठगी करने की एफआईआर दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामले में भिंड निवासी 20 वर्षीय शिवम यादव को गिरफ्तार किया था। जबकि इसी गिरोह से जुड़ा छिंदवाड़ा निवासी 19 साल का दीपांशू कोरी पिता रमेश कोरी फरार था। पुलिस ने उसे छिंदवाड़ा से गिरफ्तार किया। आरोपी दीपांशू माध्यमिक शिक्षा मंडल का लोगो (मोनो) व नाम का उपयोग कर टेलीग्राम ग्रुप बनाकर बच्चों को 10वीं-12वीं का पेपर देने का झांसा देकर अपने अकाउंट में ऑनलाइन ठगी करता था। आरोपी 500 से 1 हजार रुपए एक छात्र से वसूलता था। पैसा मिलने के बाद छात्रों को सैंपल पेपर भेज देता था। उसने करीब डेढ़ सौ छात्रों के साथ ठगी की है। ठगी की रकम कम होने की वजह से छात्र उसकी शिकायत नहीं करते थे। छात्रों को यह भी डर रहता था कि अभिभावकों को पता चल जाएगा तो उन्हें अलग से फटकार पड़ेगी।

### किराए अनुबंध में छेड़छाड़ कर दुकान का मालिक बताकर ठगी

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित इंडस गार्डन के पास किराएदार ने किराए अनुबंद में छेड़छाड़ कर खुद को दुकान मालिक बताकर असली मालिक से धोखाधड़ी की। पुलिस ने पति-पत्नी और बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धोखाधड़ी कर हड़पी गई दुकान दो हजार स्क्वायर फीट में है। शाहपुरा पुलिस के मुताबिक, 62 वर्षीय सुरेश कुमार चौकसे बावडिया कलां में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि इंडस गार्डन के पास उनकी करीब दो हजार स्क्वायर फीट में दुकान है। चार साल पहले उन्होंने यह दुकान लोहा व्यापारी विनोद कुमार मंडल को किराए पर दी थी। इसका किराया अनुबंध बनाया था। विनोद उन्हें इसका किराया देता रहा। इस बीच विनोद में इस किराएनामा में छेड़छाड़ कर मालिक की जगह अपना नाम और किराएदार में पत्नी नीलम अग्रवाल का नाम लिख दिया। दुकान में एक अस्थाई मीटर लगा था। इस मीटर के दस्तावेज में उनके बेटे शिवम ने हेरफेर कर नीलम के नाम से गुमास्ता तैयार कराने में मदद की। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी विनोद मंडल, नीलम अग्रवाल और बेटे शिवम अग्रवाल के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

### ठेले पर चावल बेच रहे व्यापारी से तीन हजार रुपए लूटकर ले गए बदमाश

चावल खरीदने के बहाने पहुंचे थे बाइक सवार

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित समता नगर भानपुर इलाके में शनिवार शाम बाइक सवार दो बदमाशों ने ठेले पर चावल बेचने वाले दुकानदार के गल्ले से तीन हजार रुपए लूट लिए। आरोपी चावल खरीदने के बहाने फेरीवाले के पास पहुंचे थे। जैसे ही फरियादी चावल तौलने में व्यस्त हुआ, बदमाशों ने गल्ले में हाथ डालकर रुपए निकाल लिए और मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग निकले। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार समता नगर कॉलोनी भानपुर निवासी फैजान खां (24) ठेले पर चावल बेचते हैं। शनिवार शाम करीब 6 बजे वह अटल नेहरू नगर रोड पर ठेला लगाकर चावल बेच रहे थे। उसके ठेले पर दो-तीन ग्राहक चावल खरीद रहे थे। इस बीच बाइक से आए दो युवक चावल खरीदने उसके ठेले पर पहुंचे। उनमें से एक ने कहा कि हमें भी चावल दे दो। तब फैजान ने कहा कि ठीक है भाई, इन ग्राहकों को देने के बाद आपको देता हूं। इस बीच फैजान चावल तौलने में व्यस्त हो गया। तभी अचानक मौका मिलते ही एक बदमाश ने ठेले पर रखे गल्ले में हाथ डालकर उसमें रखे रुपए निकाल लिए और दोनों बाइक पर बैठकर फरार हो गए। नजर पड़ते ही फैजान ने शोर मचाकर पीछा किया, लेकिन आरोपी तेजी से बाइक चलाकर भाग निकले। बाद में फैजान ने थाने पहुंचकर अज्ञात बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया।

आरोप, आईफोन की डिमांड कर रही थी युवती

# गर्लफ्रेंड से दुखी होकर कारपेंटर ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित प्रेस कॉलोनी में कारपेंटर ने घर की बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास सुसाइड नोट नहीं मिला है। युवक के परिजन ने आरोप लगाए कि उसकी गर्लफ्रेंड उससे आई फोन की डिमांड कर रही थी। इससे परेशान होकर आत्महत्या की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार प्रेस कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय राजू मीणा कारपेंटर के साथ पेंटर था। वह 6वीं तक पढ़ा था। शनिवार रात खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में चला गया। सुबह उसकी दादी बाथरूम गई। अंदर से दरवाजा बंद मिला। करीब 10 मिनट तक वह बाथरूम के बाहर इंतजार करती रही, लेकिन गेट नहीं खुला। अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों को बुलाया। गेट तोडकर अंदर पहुंचे तो राजू फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजन ने उसे नीचे उतारा। तब तक काफी देर हो चुकी थी।

### युवती को पकड़कर ले गए थाने

*राजू के पिता मन्नू लाल मीणा ने बताया कि बेटे का रत्नागिरी में रहने वाली एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह उनकी जाति की नहीं थी। हमें शादी से कोई आपत्ति नहीं थी। दोनों को समझाया था कि सही उम्र हो जाने पर शादी करा देंगे। सुसाइड से एक दिन पहले बेटे ने भाभी को बताया था कि गर्लफ्रेंड गिफ्ट में आईफोन मांग रही है। युवती बेटे को प्रताड़ित कर रही थी। उनका कहना है कि हम लोग युवती को लेकर थाने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने छोड़ दिया। आनंद नगर चौकी प्रभारी एसआई संतोष रघुवंशी का कहना है कि युवती के खिलाफ ऐसे कोई साक्ष्य नहीं आए कि उसकी गिरफ्तारी की जा सके। जांच कर रहे हैं।*

## इंजीनियरिंग छात्रा से सहपाठी ने किया दुष्कर्म, ढाई लाख रुपए भी हड़पे

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ भोपाल

अयोध्या नगर पुलिस ने इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा की शिकायत पर सहपाठी के खिलाफ दुष्कर्म, दैहिक शोषण और पैसे ऐंठने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया, वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 23 साल की युवती मूलतः पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। कॉलेज में बिहार निवासी गुंजन कुमार उसके साथ पढ़ता था। गुंजन उसे हिंदी सिखाने में मदद करता था। लिहाजा दोनों में प्रेम हो गया था।

विधायक पटवा ने किया सहयोग का आह्वान

## इंदौर मॉडल के अनुरूप हो औबेदुल्लागंज का विकास

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ औबेदुल्लागंज

व्यापार महासंघ, किराना व्यापार महासंघ एवं विधायक सुरेंद्र पटवा का कहना है कि औबेदुल्लागंज को सुंदर, स्वच्छ बनाने के लिए इंदौर मॉडल की जरूरत है।



पटवा ने कहा कि इंदौर मॉडल अनुरूप औबेदुल्लागंज का विकास हो। इसमें व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों के सहयोग से फुटपाथ, डिवाइडर बनाए जाएं, पार्किंग की व्यवस्था हो, सुंदर बस स्टैंड बने, ऑटो, टेंपो और लोडिंग गाड़ियों के खड़े होने की व्यवस्था बस स्टैंड में हो। औबेदुल्लागंज में पक्की, सुंदर दुकानें बनें, जिससे सभी को रोजगार के लिए दुकानें मिलें। पटवा से मुलाकात करने व्यापारी उनके निवास पर पहुंचे थे। उनसे पटवा ने चर्चा के दौरान कहा कि औबेदुल्लागंज इतना सुंदर बने कि देश, विदेश के पर्यटक औबेदुल्लागंज के विकास की तारीफ करें। मध्य प्रदेश में औबेदुल्लागंज नगर पंचायत सुंदरता में प्रथम आए। पटवा ने औबेदुल्लागंज के विकास के लिए सभी लोगों से आह्वान किया है।

## साईं बाबा की निकलेगी भव्य पालकी संतनगर में होंगे धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ संतनगर

कैलाश नगर स्थित साई बाबा मंदिर समिति द्वारा समिति के 17वें स्थापना दिवस समारोह में निकलेगी सांई बाबा की भव्य पालकी। कार्यक्रम के आयोजक आचार्य पं. गंगाराम भार्गव ने बताया कि इस वर्ष भी सांई बाबा मंदिर साँई रेसिडेंसी कैलाश नगर में 12 मार्च मंदिर में संगीत में सुंदरकांड का पाठ किया गया है, वही 13 मार्च को भव्य पालकी निकाली जाएगी।

पालकी कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, कृष्ण मोहन सोनी, पार्षद कुसुम चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।



### कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन होगा

*कार्यक्रम के पश्चात शाम को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंदिर प्रांगण में बैठक हुई। यहां कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में प्रमोद तिवारी, संजय वाधवा, डॉ. एके सिंह, रवि मीणा, विकास खन्ना, एच आर सिंह, अभिषेक सिंह, दिनेश मालवीय, टीकाराम पटेल, विपिन कुमार जैन, राघवेंद्र शर्मा, सज्जन सिंह राजपूत, पंडित एके तिवारी आदि मौजूद रहे।*

चार दिवसीय समारोह को लेकर समिति की हुई बैठक

## विक्रमादित्य महोत्सव में सिंधी गीत संगीत व संस्कृति की मिलेगी झलक

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ संतनगर

लुप्त होती सिंधी परम्परागत भगत, सिंधी छेज, पल्लव एवं बहिराणों साहिब की एक बार फिर झलक इस बार भी चार दिवसीय वीर विक्रमादित्य महोत्सव में देखने को मिलेगी। किशोर तेजवानी की अध्यक्षता में रविवार को हुई विक्रमादित्य महोत्सव समिति की बैठक में 7 मार्च से प्रस्तावित समारोह की तैयारियों की समीक्षा हुई।

किशोर तेजवानी ने बताया कि 7 मार्च को स्व. प्रेमचंद तेजवानी, नारीमल नरियानी, रूपचंद रायचंदानी एवं नारी तनवानी की स्मृति में रात 9 बजे मोहनलाल एण्ड पार्टी उल्हासनगर की सिंधी भगत होगी, जबकि 8 मार्च को विधिवत शुभारंभ सुबह 10 बजे बहिराणा साहिब के साथ किया जाएगा, जिसमें सांसद आलोक शर्मा मुख्य अतिथि होंगे, जबकि विधायक रामेश्वर शर्मा अध्यक्षता करेंगे।



### समापन समारोह में यह मुख्य अतिथि

*किशोर तेजवानी के अलावा महोत्सव समिति के संरक्षक ईश्वरदास हिमथानी, सुरेश जसवानी, लख्मीचंद नरियानी, नरेश चोटरानी, मुख्य सलाहकार हीरो हिन्दू इसरानी, बसंत चेलानी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधु चादवानी, मनोहर वीधानी, जेठानंद मूलचंदानी, नंदलाल दादलानी, कन्हैयालाल मोरंदानी, भोजराज मोतियानी, जानी मूलचंदानी, राज मनवानी, नानक दादलानी व घनश्याम लालवानी की उपस्थिति में बैठक हुई। समापन अवसर पर भोपाल दक्षिण-पश्चिम के भाजपा विधायक एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री भगवानदास सबनानी मुख्य अतिथि होंगे।*

9 जिलों के 10 नगरों में लागू किया जा रहा आयोजन

# मप्र के 10 नगरों में नक्शा कार्यक्रम लागू सम्पत्ति लेने-देने की प्रक्रिया बनेगी सरल

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के 9 जिलों के 10 नगरों में नक्शा कार्यक्रम लागू किया है। इसे केन्द्रीय भूमि संसाधन विभाग ने 'डिजिटल इण्डिया लैण्ड रिकॉर्ड्स और मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम' के तहत शुरू किया है। नक्शा कार्यक्रम (नेशनल जियो स्पेिटियल नॉलेज बेस्ड लैण्ड सर्वे ऑफ अर्बन हेबिटेशन) सम्पत्ति लेन-देन और ऋण प्राप्ति को सरल बनाएगा। यह कार्यक्रम प्रापर्टी टैक्स कलेक्शन में सुधार और वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करेगा।

प्रदेश में यह कार्यक्रम 9 जिलों के 10 नगरों में लागू किया जा रहा है। इनमें शाहगंज, छनेरा, अलीराजपुर, देपालपुर, धार कोठी, मेघनगर, माखन नगर (बाबई), विदिशा, सांची और उन्हेल शामिल हैं। नक्शा कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित नगरों में जियो स्पेिटियल मेपिंग करना और भूमि सर्वेक्षण में आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करना शामिल है।



### स्व-चालित भवन योजना

मप्र के नगरीय निकायों में स्व-चालित भवन योजना अनुमोदन प्रणाली (एबीपीएएस 3.0) के माध्यम से पूर्व में आ रही कठिनाइयों को दूर किया जा रहा है। उन्नत परियोजना एबीपीएएस 3.0 में जीआईएस टेक्नोलॉजी, ओपन सोर्स प्लेटफार्म और कॉलोनी विकास अनुज्ञा से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं से जुड़ी आधुनिक तकनीकों को शामिल किया गया है।

### ई-नगरपालिका 2.0

*प्रदेश में ई-नगरपालिका के माध्यम से सभी नागरिक सेवाएं ऑनलाइन प्रदाय की जा रही हैं। योजना के दूसरे चरण में पोर्टल के तहत 16 मॉड्यूल तथा 24 नागरिक सेवाएं शामिल की जा रही हैं। इसी के साथ इनका डाटा प्रबंधन क्लाउड सेवाओं की ओर से प्रतिस्थापित किया जा रहा है। ई-नगरपालिका 2.0 में जीआईएस एकीकरण और ऑर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग किया जा रहा है। कॉमन सर्विस सेंटर, एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर और भुगतान गेटवे के साथ ई-नगरपालिका 2.0 का एकीकरण किया जा रहा है।*

जांच, परामर्श, उपचार किया जाएगा

## विश्व श्रवण दिवस पर आज लगेंगे स्क्रीनिंग एवं जागरुकता शिविर

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ भोपाल

श्रवण संबंधी समस्या की सही समय पर पहचान, श्रवण रोग संबंधी जानकारी, बचाव एवं रोकथाम जागरूकता के लिए प्रतिवर्ष तीन मार्च को विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य संस्थाओं में श्रवण रोग जांच, परामर्श, उपचार एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। जेपी अस्पताल में श्रवण जागरूकता रैली एवं श्रवण संबंधी समस्याओं की स्क्रीनिंग की जाएगी। जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में श्रवण बाधित बच्चों का बेरा टेस्ट किया जाएगा। सामुदायिक स्तर पर जागरूकता रैलियों ,कान की सफाई के संबंध में निबंध प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आरबीएसके दल द्वारा स्कूलों में जाकर श्रवण संबंधी परीक्षण एवं परामर्श सत्र आयोजित किए जाएंगे। सीएमएचओ डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई एवं बाल्य गहन चिकित्सा इकाई से डिस्चार्ज बच्चे, आंगनवाड़ी एवं स्कूल में पंजीकृत बच्चे, जन्मजात शारीरिक एवं मानसिक समस्या से ग्रस्त बच्चों, छात्रावास, अनाथालय, वृद्ध आश्रम,बाल गृह में पंजीकृत बच्चों को विशेष तौर पर लक्षित कर सेवाएं दी जा रही हैं।

## ई-रिक्शा में चालक की फंदे पर लटकी लाश, जांच शुरू

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित बसई गांव में स्वामी विवेकानंद कॉलेज के पास मैदान में ई रिक्शा चालक की लाश ऑटो में फांसी के फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। लाश बैठी हुई अवस्था में है। लिहाजा मामला संदिग्ध लग रहा है। परिजन ने हत्या के आरोप लगाते हुए बैरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पीएम कराने से मना कर दिया। पुलिस को शव पीएम के लिए हमीदिया अस्पताल लाना पड़ा। हमीदिया में पीएम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। संतोष यादव पिता रामचरण यादव (28) शांतिकुंज बैरसिया में रहता था और ई-रिक्शा चलाता था। शनिवार रात वह ई-रिक्शा लेकर घर से निकला था। सोमवार सुबह उसका ई रिक्शा बसई गांव में स्वामी विवेकानंद कॉलेज के पास मैदान में खड़ा मिला। ई-रिक्शे में पीछे की सीट पर हुड पर लगे बेल्ट में उसकी गर्दन में फंदा लगा हुआ था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कराने के बाद शव पीएम के लिए हमीदिया भेज दिया। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

# कटनी सहित प्रदेश के 10 अलग-अलग स्थानों पर होगी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

## कटनी में जल्द ही मिनरल एंड माइनिंग और फूड प्रोसेसिंग संबंधी कॉन्क्लेव का होगा आयोजन

### सबसे पहले इंदौर में आईटी, सेमीकंडक्टर व आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग पर केंद्रित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगी

### मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से कटनी के औद्योगिक विकास पर किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर और अनुकूल वातावरण है। प्रदेश में उपलब्ध संसाधन और संभावनाओं को देखते हुए कटनी सहित 10 अलग-अलग जिलों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की जाएगी।

कटनी में उद्योग एवं निवेश को बढ़ावा देने से रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसर सृजित होंगे। ऐसे में कटनी में शीघ्र ही मिनरल एंड माइनिंग और फूड प्रोसेसिंग संबंधी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह बात रविवार को कटनी जिले में औद्योगिक विकास के संबंध में उद्योगपतियों से संवाद में कही।





*सीएम ने कहा कि शुरूआत सबसे पहले इंदौर से आईटी, सेमीकंडक्टर व आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग पर केंद्रित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और फिर उज्जैन में पर्यटन (विशेषकर धार्मिक पर्यटन) और फूड प्रोसेसिंग के मद्देनजर इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद अन्य स्थानों में भी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कटनी में माइनिंग एवं मिनरल्स, फूड प्रोसेसिंग, चूना उद्योग, मार्बल उद्योग के नजरिए से औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों की बेहतरी के लिए कदम से कदम मिलाकर चल रही है। मप्र में औद्योगिक निवेश के नजरिए से अनुकूलता है।*

### औद्योगिक विकास के नए युग की ओर अग्रसर मध्य प्रदेश

*डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में अलग-अलग प्रकार की परिस्थितियों के साथ संभावनाएं भी है। मप्र अपने रणनीतिक प्रयासों से औद्योगिक विकास के नए युग की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से जनसंवाद के दौरान ही संभागायुक्त जबलपुर श्री अभय वर्मा एवं कलेक्टर कटनी दिलीप कुमार यादव से कहा कि वे उद्योगपतियों के हित व औद्योगिक विकास के नजरिए से शासन की सभी 18 प्रकार की नीतियों और उद्योग की स्थापना में मिलने वाले लाभों की जानकारी उद्योगपतियों को उपलब्ध कराएं।*

### विकास को लेकर मिशन के तौर पर प्रयास होंगे

कटनी जिले में औद्योगिक विकास के संबंध में उद्योगपतियों से संवाद में मुख्यमंत्री, सांसद शहडोल हिमाद्री सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए वर्ष-2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित किया गया है। पूरे वर्ष प्रदेश में औद्योगिक विकास को लेकर एक मिशन के तौर पर प्रयास किए जाएंगे। संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इसके तहत माइनिंग मिनरल, फूड प्रोसेसिंग जैसी जिस प्रकार की, जिस स्थान पर संभावनाएं उपलब्ध होंगी, प्रदेश की उन 10 अलग-अलग जगहों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन होगा।

### एक जिला एक उत्पाद के तहत चयन

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया। जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को एक जिला एक उत्पाद के तहत चयनित कटनी सैंड स्टोन से निर्मित अशोक स्तंभ की प्रतिकृति भेंट की। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भगवान पिंड गणेश की प्रतिमा भेंट की। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, सहित उद्योगपति पवन मित्तल, अरविंद गुगालिया, लघु उद्योग भारती के महामंत्री अरूण कुमार सोनी के अलावा माइनिंग एंड मिनरल्स, हेल्थ, एजुकेशन, दाल एवं राईस मिल, होटल व्यवसाय से संबंधित उद्योगपतियों की मौजूदगी रहीं।*

---

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. भागवत कल करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन

# आज से राजधानी में विद्या भारती के अभ्यास वर्ग की होगी शुरुआत, 700 से अधिक कार्यकर्ता होंगे शामिल

### शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े अधिकारी और 22 विशेषज्ञ सत्रों में शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान का अखिल भारतीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग सोमवार से शुरू होगा। राजधानी के केरवा डैम रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय, शारदा विहार में 3 से 8 मार्च तक यह वर्ग आयोजित किया जाएगा। रविवार को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के महामंत्री अवनीश भटनागर ने अभ्यास वर्ग की जानकारी साझा करते हुए बताया कि 3 मार्च को सुबह 10 बजे डिजिटल एवं मैन्युअल प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष डी रामकृष्ण राव, अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविन्द महंत, विश्वास सारंग, मंत्री, खेल एवं युवा कल्याषण, सहकारिता करेंगे।

कार्यक्रम का उद्घाटन 4 मार्च को सुबह 9 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत करेंगे। 5 मार्च को शाम 7:15 बजे से पंच परिवर्तन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 6 मार्च को ग्राम दर्शन योजना के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं को शारदा विहार आवासीय विद्यालय द्वारा संचालित 40 ग्रामों के संस्कार केंद्रों का भ्रमण कराया जाएगा, जिससे वे समाज में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव कर सकें। इस अभ्यास वर्ग में एनसीईआरटी, सीबीएसई डायरेक्टर, भाषा भारती अध्यक्ष सहित शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े अधिकारी और 22 विशेषज्ञ सत्रों में शामिल होंगे।



### एक अच्छा स्किल डेवलपमेंट सेंटर तैयार हो : राव

*अखिल भारतीय अध्यक्ष डी. रामकृष्ण राव ने कहा कि देश के सभी जिलों में एक अच्छा स्किल डेवलपमेंट सेंटर तैयार हो। कल्पना यही है कि स्किलिंग बाय स्कूलिंग यानि शिक्षा के साथ निपुणता की व्यवस्था हो। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीप टेक्नोलॉजी में हमारे शिक्षक गण दक्ष हों। हमारे पास 1 लाख 6 हजार आचार्य हैं, उनको सशक्त करने के लिए यह अभ्यास वर्ग चला रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले नए परिवर्तन पर प्रशिक्षण लेकर यह जिला स्तर पर भी कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देंगे। महामंत्री अवनीश भटनागर ने कहा कि सा विद्या या विमुक्तये के ध्येय वाक्य के साथ विद्या भारती लगातार शिक्षा और शिक्षण के विकास में योगदान के लिए प्रयासरत है। कार्यकर्ता विकास की दृष्टि से भी अनेक कार्यक्रम होते हैं। पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग इसी श्रृंखला का हिस्सा है। यह वर्ग उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की संगठित और प्रभावी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा। अभ्यास वर्ग में देशभर से 700 से अधिक पूर्णकालिक कार्यकर्ता भाग लेंगे।*

### समापन समारोह में वरिष्ठ मार्गदर्शक सुरेश सोनी शामिल होंगे

8 मार्च को अभ्यास वर्ग का समापन समारोह आयोजित होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ मार्गदर्शक सुरेश सोनी शामिल होंगे। इस आयोजन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष डी रामकृष्ण राव, अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविंद चंद्र महंत, सह संगठन मंत्री यतीन्द्र शर्मा, श्रीराम आरावकर, प्रादेशिक संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी, मोहनलाल गुप्ता, अध्यक्ष सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, शिरोमणि दुबे, प्रादेशिक सचिव सरस्ववती विद्या प्रतिष्ठान पूरे समय उपस्थित रहेंगे।



### 9400 से ज्यादा अनौपचारिक शिक्षा केंद्र नि:शुल्क



वर्तमान में विद्या भारती भारत के 684 जिलों में 12,098 औपचारिक विद्यालयों का संचालन करती है। इनमें से लगभग 100 विद्यालय आवासीय हैं। 200 से अधिक सीबीएसई और शेष स्थानीय राज्य बोर्डों से सम्बद्ध हैं। विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र तक सुदूर दुर्गम तथा जनजातीय क्षेत्रों, महानगरों की सेवा बस्तियों इत्यादि में 9400 से ज्यादा अनौपचारिक शिक्षा केंद्र नि:शुल्क चला रही है। इन सभी विद्यालयों में तकरीबन 36 लाख छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। उच्च शिक्षा में विद्या भारती 60 महाविद्यालय तथा एक विश्वविद्यालय संचालित करती है।

---

### गोल्डन ग्लोबल गेट की हुई ओपनिंग

# नई फिल्म पर्यटन नीति से सिनेमा, रोजगार को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र लंबे समय से फिल्म निर्माताओं के लिए कल्पना लोक बना रहा है। राज्य सरकार की नई फिल्म एवं पर्यटन नीति-2025 ने यहां शूटिंग को व्यापारिक दृष्टिकोण से भी आकर्षक बना दिया है। इस नीति से प्रदेश की छवि बड़े पर्दे पर और भी प्रभावशाली बनकर वैश्विक पटल पर उभरेगी। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन को भी नई ऊंचाइंया मिलेंगीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस भोपाल से फिल्म निर्माण एवं पर्यटन उद्योग के गोल्डन ग्लोबल गेट की ओपनिंग हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीआईएस-भोपाल का शुभारंभ करते हुए बताया कि भारत के विकास में टेक्नोलॉजी, टेक्सटाइल और टूरिज्म महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वर्ष 2047 तक भारत की जीडीपी में पर्यटन का योगदान 10 प्रतिशत से अधिक होगा।

### नई नीति बनी करोड़ों के निवेश का आधार

जीआईएस-भोपाल में पर्यटन विभाग ने राज्य सरकार की नई फिल्म एवं पर्यटन नीति पर प्रेजेंटेशन से फिल्म निर्माता और पर्यटन उद्योग के पुरोधा अत्यंत प्रभावित हुए। उन्होंने माना कि इससे प्रदेश में और अधिक अनुकूल वातावरण बनेगा। साथ ही इस क्षेत्र में दीर्घकालिक निवेश होंगे। जीआईएस-भोपाल से पर्यटन, फिल्म-पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में 68,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, इससे पर्यटन क्षेत्र में 1.2 लाख नए रोजगार सृजित होंगे। नई नीति में फीचर फिल्म निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपए, वेब सीरीज निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपए, टीवी सीरियल निर्माण के लिए 1.5 करोड़ रुपए, डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण के लिए 50 लाख रुपए, अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों के निर्माण पर, 12 करोड़ रुपए और शॉर्ट फिल्म निर्माण पर 20 लाख रुपए तक का अनुदान दिया जाएगा।

### मप्र में फिल्म शूटिंग बढ़ता क्रेज

वर्तमान में मप्र में फिल्म निर्माता आगे आ रहे हैं। मध्यप्रदेश को वर्ष-2022 में 'द मोस्ट फिल्म-फ्रैंडली' राज्य का पुरस्कार मिल चुका है। अब तक 15 हिंदी फिल्मों, 2 तेलुगु फिल्मों और 6 वेब सीरीज को 30 करोड़ रुपए से अधिक का वित्तीय अनुदान दिया जा चुका है। प्रमुख फिल्म और वेब सीरीज परियोजनाओं में स्त्री-1 एवं स्त्री-2, भूल-भुलैया-3, सुई-धागा, लापता लेडीज, द रेलवे मैन, पैडमैन, धड़क-2, स्त्री, पंचायत आदि शामिल हैं।

---

## खबर संक्षेप

### कमलनाथ से तत्काल माफी मांगें बंटी: पीयूष

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को लेकर छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है और सांसद से तुरंत पूर्व मुख्यमंत्री से माफी मांगने के लिए कहा है। बबेले ने कहा कि जो कमलनाथ 9 बार छिंदवाड़ा सांसद रहे, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हैं और कई बार केंद्रीय मंत्री रहे, उन कमलनाथ के बारे में पुलिस से पिटाई कराने का बंटी साहू का बयान अत्यंत निंदनीय है। बबेले ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को खुद आगे बढ़कर बंटी साहू से माफी मांगने के लिए कहना चाहिए। बबेले ने कहा कि साहू को याद रखना चाहिए कि कमलनाथ ने 45 वर्ष से छिंदवाड़ा की सेवा की है, देश में छिंदवाड़ा का विकास मॉडल कमलनाथ जी के नाम से जाना जाता है।

### प्रहलाद पटेल के बयान से उजागर हुआ राजशाही चेहरा: अग्रवाल

**भोपाल।** खुद वोट मांगने जाए तो भिखारी नहीं, जनता के काम न होने पर आवेदन दे तो भिखारी? मंत्री प्रहलाद पटेल जनता से इतनी नफरत कहा से सिखते हो। उक्त तंज कसते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नवीन कुमार अग्रवाल ने प्रहलाद पटेल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पटेल के इस बयान से भाजपा का असली चेहरा और चरित्र उजागर हो गया है। अग्रवाल ने कहा कि एक और जनता अपने खून पसीने की कमाई में से विभिन प्रकार से 50 प्रतिशत टैक्स दे रही है और उस टैक्स के बदले नेता अधिकारी बिजली, पानी, बंगला, नौकर चाकर, विभिन्न प्रकार के भत्ते, गाड़ी डीजल, खाना सब फ्री में ले रहे हैं।

---

### भाजपा पदाधिकारी अग्रवाल हुए शामिल

# मोक्षवाहिनी वाहन समाजसेवा के लिए एक सकारात्मक प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वैश्य फाउंडेशन के ग्वालियर स्थित सनातन धर्म मंदिर में आयोजित मोक्षवाहिनी लोकार्पण कार्यक्रम में रविवार को भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र गंगवाल, प्रवीण अग्रवाल, नीतिन मांगलिक, डॉ. लोहिया, रवि गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मंचासीन रहे। वैश्य फाउंडेशन द्वारा मोक्षवाहिनी वाहन लोकार्पण समाजसेवा के लिए एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक प्रयास है। यह सेवा प्रियजनों के अंतिम संस्कार के लिए वाहन की पूर्ति सहज और सरल करेगा।



---

### मंत्री पटेल के बयान पर कांग्रेस ने घेरा

# जनता को भिखारी कहने वालों को मिलेगा करारा जवाबः जीतू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ग्रामीण पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल के राजगढ़ में दिए गए बयान पर भाजपा सरकार सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि साम, दाम, दंड, भेद से मिले जनादेश के घमंड में भाजपा इस हद तक डूब चुकी है कि वह जनता के अधिकारों की मांग को भीख कहने लगी है, जो केवल मध्य प्रदेश ही नहीं, पूरे देश की जनता का सीधा अपमान है।

पटवारी ने कह कि भाजपा सत्ता में बनी रहने के लिए जनता को अपना भगवान बताकर वोट मांगती है, मगर जब जनता अपने हक की बात करती है, तो उसे भिखारी कहा जाता है। क्या देश प्रदेश की जनता को लोकतंत्र में अपने हक, अधिकार और सम्मान के लिए अपनी आवाज उठाना अपराध है ? पूरा मामला यह है कि राजगढ़ में मंत्री पटेल ने कहा कि अब तो लोगों को सरकार से भीख मांगने की आदत पड़ गई है। उनके इस बयान को लेकर सियासत गर्मा गई है।



---

# एनसीआईएसएम बोर्ड अध्यक्ष बदले जाएंगे आयुष मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

### देश में पहली बार एक साथ चारों बोर्ड के प्रेसीडेंट्स बदले जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) बोर्ड के अध्यक्षों को बदलकर नवीन नियुक्तियां करेगा, ताकि आयुर्वेद, सिद्धा, सोवारिग्पा व यूनानी मेडिकल कॉलेजों के पाठ्यक्रम बनाने व मापदंडों से लेकर नवीन मान्यताएं प्रदान करने में पारदर्शिता बरकरार रह सके।

आयुष मेडिकल एसोसिएशन के प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि आयुष मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर एनसीआईएसएम के अंतर्गत बोर्ड ऑफ आयुर्वेद के प्रेसीडेंट, बोर्ड ऑफ यूनानी, सिद्धा एण्ड सोवारिग्पा के प्रेसीडेंट, मेडिकल असिसमेंट एण्ड रेटिंग बोर्ड फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन के प्रेसीडेंट, बोर्ड ऑफ इथिक्स एण्ड मेडिकल रजिस्ट्रेशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन के प्रेसीडेंट के स्थान पर नवीन प्रेसीडेंट्स की नियुक्तियां होंगी। देश में पहली बार एक साथ चारों बोर्ड के प्रेसीडेंट्स बदले जा रहे हैं। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत ये पद एक तरह से संवैधानिक होते हैं जिन पर प्रदेश समेत देशभर के एएसयू मेडिकल कॉलेजों का भविष्य निर्भर करता है। आयुष मंत्रालय ने नवीन नियुक्तियों के लिए देशभर से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि देशभर में आयुर्वेद, सिद्धा, सोवारिग्पा, यूनानी मेडिकल के 700 से ज्यादा कॉलेज संचालित हैं। सूत्र बताते हैं कि मार्च 2025 इसी माह से प्रदेश समेत देशभर के एएसयू मेडिकल कॉलेजों का निरीक्षण होना है। आयुष मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी है।

---

### पेंच जिला सिवनी में आयोजित हुई राज्य निर्वाचन आयुक्तों की नेशनल कॉन्फ्रेंस

# ईवीएम के बाद अब पेपरलेस बूथ के माध्यम से चुनाव पर विचार

### लोकतंत्र की प्रयोगशाला हैं पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन : राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में ईवीएम के बाद अब पेपरलेस बूथ की कल्पना को मूर्त दिया जा रहा है। पंचायत उप निर्वाचन में चुनाव पेपरलेस बूथ के माध्यम से सफलतापूर्वक कराए जा चुके हैं। मप्र में तो निकायों में पहले 33 प्रतिशत और बाद में 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया गया है। इसकी जितनी स्वीकार्यता पिछड़े कहे जाने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में हुई, उतनी वरिष्ठ स्तरों पर अभी भी नही हो पाई।

मप्र के राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने यह बात राज्य निर्वाचन आयोग की 31 वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस में कही। कॉन्फ्रेंस पेंच जिला सिवनी में आयोजित की गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से कराए जाने वाले पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन लोकतंत्र की प्रयोगशाला और परीक्षण स्थली हैं। पूरी दुनिया के साथ भारत का यह अनुभव है कि जब भी निर्वाचन संबंधी कोई महत्वपूर्ण प्रयोग होते हैं, तो सबसे पहले स्थानीय निर्वाचनों में होते हैं। जब महिलाओं को प्रतिनिधि संस्थाओं में आरक्षण का विचार आया, तो सबसे पहले पंचायतों और स्थानीय निकायों में इसे लागू किया गया।

### ईवीएम शेयरिंग होना चाहिए

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव ने कहा कि चुनावी खर्च कम करने के उद्देश्य से राज्यों के बीच ईव्हीएम शेयरिंग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांफ्रेंस में राज्य निर्वाचन आयुक्त उनके राज्य में किए गए नवाचारों को साझा करेंगे। इससे अन्य राज्यों में भी उसे लागू किया जा सकेगा। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता असम के राज्य निर्वाचन आयुक्त आलोक कुमार ने की। इस दौरान विभिन्न राज्य निर्वाचन आयोग के नवाचारों को समाहित कर लिखी गई पुस्तक एक्स-चेंज@एक्स-पीरियंस इनीशिएटिव-2025 का विमोचन किया गया।

### त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन लोकतंत्र की नींव




राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन लोकतंत्र की नींव हैं। यह चुनाव पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता से कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस चुनाव के माध्यम से नागरिक सीधे शासन और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदार बनते हैं। उन्होंने ऑनलाइन वोटिंग पर चर्चा करते हुए कहा कि यह प्रयोग पहली बार एस्टोनिया में किया जा चुका है। श्रीवास्तव ने कहा कि प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रहे परिवर्तनों के मद्देनजर यह जरूरी है कि हम चुनाव प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए प्रक्रिया में बदलाव करते रहें।

### लोकल बॉडी इलेक्शन प्रक्रिया पर प्रेजेंटेशन

*आन्ध्रप्रदेश निर्वाचन आयोग की आयुक्त नीलम साहनी ने स्वचलित लोकल बॉडी इलेक्शन प्रक्रिया पर प्रेजेंटेशन दिया गया। उन्होंने इलेक्ट्रोरल रोल मैनेजमेंट, पोल मैनेजमेंट के ऑटोमेशन प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए अन्य आयुक्तों के साथ समस्या एवं सुधार की संभावनाओं पर चर्चा की। विभिन्न राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्तों ने निर्वाचन प्रक्रिया में सुधार के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए।*

### सरल होगी प्रक्रिया

### इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम

*मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने स्थानीय निकायों की निर्वाचन प्रक्रिया में पेपरलेस बूथ प्रणाली तथा इंटरग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम को अपनाने की कार्ययोजना पर प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि पेपरलेस बूथ प्रणाली में डिजिटल टूल्स अपनाने से स्थानीय निर्वाचन प्रक्रिया सरल होगी। सभी डॉक्यूमेंटेशन डिजिटल होंगे तथा मानवीय भूल की संभावना भी कम होगी। उन्होंने बताया कि डिजिटल टूल्स का उपयोग होने से चुनाव में लगने वाले अमले की संख्या में कमी आएगी तथा चुनाव खर्च भी कम होंगे।*

### नवीन तकनीकों को अपनाने के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया

*लखनादौन एसडीएम रवि सिहाग तथा सहायक कलेक्टर पंकज वर्मा की ओर से ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिसेस और सुविधाजनक निर्वाचन प्रक्रिया के लिए नवीन तकनीकों को अपनाने के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग त्रिपुरा ने राज्य में स्थानीय निर्वाचन प्रक्रिया पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर सिवनी सुश्री संस्कृति जैन ने प्रथम सत्र के समापन पर आभार व्यक्त किया। कॉन्फ्रेंस में तीन और चार मार्च को भी विभिन्न विषयों पर विषय-विशेषज्ञ प्रेजेंटेशन देंगे।*

# बड़े तालाब पर आज से 7 मार्च तक 42वीं नेशनल सीनियर रोइंग चैंपियनशिप

## मंत्री सारंग ने आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मुख्यमंत्री शाम 4 बजे करेंगे पांच दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

राजधानी के बड़े तालाब स्थित मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी, बोट क्लब पर 3 से 7 मार्च तक 42वीं नेशनल सीनियर रोइंग चैंपियनशिप आयोजित होगी। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने आयोजन स्थल का खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 मार्च को शाम 4 बजे पांच दिवसीय 42वीं नेशनल सीनियर रोइंग चैंपियनशिप का शुभारंभ करेंगे।

मंत्री सारंग ने कहा कि मप्र में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण है, जिससे प्रदेश में वॉटर स्पोर्टस खेलों के प्रति उत्साह बढ़ेगा और युवा वर्ग को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि वॉटर स्पोर्ट्स में भागीदारी के लिए मध्यप्रदेश देश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित हो इस दिशा में हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं।



### प्रतियोगिता में 14 इवेंट्स का होगा

मंत्री सारंग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 14 इवेंट्स का आयोजन किया जाएगा जिसमे 2 इवेंट्स पैरा सिंगल स्कल महिला एवं पुरुष वर्ग भी शामिल है। 14 इवेंट्स के सभी फाइनल्स 7 मार्च 2025 को संपन्न होंगे जिसमे 7 इवेंट्स सुबह एवं 7 की शाम होंगें। सभी स्पर्धाएं 2000 मीटर की दूरी पर आयोजित की जाएंगी।

### भोपाल का बड़ा तालाब देश की सबसे बेहतर वॉटर बॉडी में से एक

मंत्री सारंग ने बताया कि भोपाल का बड़ा तालाब देश की सबसे बेहतरीन वॉटर बॉडी में से एक है, और यहां पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश के लिए गौरव की बात है। आगे उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर की कुल 27 टीमों में से 23 राज्यों की एवं इंडियन आर्मी, इंडियन नेवी, इंडियन एयरफ़ोर्स, और सर्विस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की टीमों के 500 प्रतिभागी शामिल होंगे। मंत्री सारंग ने बताया कि प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी रोइंग, क्याकिंग-केनोइंग, सेलिंग और स्लालम खेलों की विशेष प्रस्तुति देंगे।

### मध्यप्रदेश में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण

मंत्री सारंग ने बताया कि यह प्रतियोगिता वॉटर स्पोर्टस को बढ़ावा देने के साथ ही प्रदेश के युवाओं को अपनी प्रतिभा को दिखाने का एक बेहतर मंच प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि रोइंग खिलाड़ी अपनी सर्वोत्तम तकनीक और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। मंत्री सारंग ने बताया कि खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

### प्रतियोगिता का सीधा प्रसारण बनेगा आकर्षण का केंद्र

मंत्री सारंग ने बताया कि इस प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बोट क्लब सहित शहर के प्रमुख चौराहों पर किया जाएगा, जिससे खेल प्रेमियों को एक शानदार जल क्रीड़ा का अद्भुत अनुभव मिलेगा। आगे उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के लाइव प्रसारण से खेल के प्रति युवाओं में नई प्रेरणा मिलेगी और वे वॉटर स्पोर्ट्स की तरफ आकर्षित भी होंगे।

#### ओल्ड कैंपियन में योनो ट्रॉफी क्रिकेट मैत्री मैच

# एसबीआई सीएस इलेवन ने सीजीएम इलेवन को 8 विकेट से हराया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

मुख्य सचिव (सीएस) इलेवन और एसबीआई मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) इलेवन के बीच ओल्ड कैंपियन स्टेडियम में योनो ट्रॉफी 20-20 क्रिकेट मैत्री मैच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में सीएस इलेवन ने सीजीएम इलेवन को 8 विकेट से पराजित किया।

मैच में एसबीआई भोपाल मंडल के मुख्य महाप्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा ने सीजीएम इलेवन का नेतृत्व किया, जबकि सीएस इलेवन की क मा न मध्य प्रदेश शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन के हाथों में थी। एसबीआई की टीम ने 20 ओवर मे 193 रन बनाये जिसे सीएस की टीम ने 20 वे ओवर की अखिरी बाल तक 194 रन बनाकर मैच जीत लिया।

बेस्ट बालर का अवार्ड एसबीआई के ध्यानचन्द, बेस्ट फील्डर का अवार्ड सीएस टीम के परीक्षित, बेस्ट बैट्समैन एवं मैन आफ द मैच ऐश्वर्य व आल राउंडर का अवार्ड संजय पांडे को दिया गया। इस 20-20 क्रिकेट मैच को देखने और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए एसबीआई के महाप्रबंधक कुंदन ज्योति, अजिताव पाराशर, मनोज कुमार, शुभकांत कानूनगो, गीतू शर्मा (अध्यक्ष, एसबीआई लेडीज क्लब) सहित बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, स्टाफ सदस्य और दर्शक उपस्थित थे। मैच के दौरान दोनों टीमों ने खेल भावना का प्रदर्शन किया, और दर्शकों ने पूरे उत्साह के साथ इस मैत्री मैच का आनंद लिया।

#### एसबीआई ने किया 'ग्रीन मैराथन' का आयोजन

# हरित भोपाल के लिए 3500 लोग दौड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों की सहभागिता के साथ टीटी नगर स्टेडियम में रविवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) द्वारा 'एसबीआई ग्रीन मैराथन' हाफ मैराथन का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में 3,500 से अधिक लोगों ने 'हरित भोपाल के लिए दौड़ लगाई। इस मैराथन का उद्देश्य ग्राहकों, बैंक कर्मचारियों और शहरवासियों के बीच पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

मुख्य महाप्रबंधक चंदर शेखर शर्मा ने कहा कि एसबीआई इस मैराथन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और फिटनेस के लाभों को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा, एसबीआई में हम केवल एक बैंक होने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सकारात्मक परिवर्तन के लिए एक प्रेरक शक्ति बनने का प्रयास करते हैं। 'हर भारतीय का बैंक' होने के नाते, एसबीआई को समग्र सामुदायिक विकास के अपने दृष्टिकोण से जुड़े ऐसे प्रयासों से जुड़ने पर गर्व है। श्री शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि एसबीआई की प्रतिबद्धता न केवल आर्थिक समृद्धि बल्कि पारिस्थितिक संतुलन के महत्व को समझने की भी है, जो वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य को पूरा करते हुए 'ग्रीन मैराथन' का आयोजन किया गया। इसमें एसबीआई के 2,000 से अधिक कर्मचारियों सहित अन्य प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

#### गंभीर अवस्था में मिला पीड़ित

# सेल्समैन ने मुफ्त में नहीं दी शराब तो कर लिया अपहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में एक शराब दुकान के सेल्समैन द्वारा बदमाशों को फ्री में शराब नहीं देने पर उसके साथ मारपीट कर उसका अपहरण कर लिया गया। हालांकि, मुश्किलों के बाद सेल्समैन बदमाशों के चंगुल से छूटकर वापस आया है। मामला दमोह के देहात थाना अंतर्गत नरसिंहगढ़ का है। रात करीब 11.15 बजे शराब दुकान पर 6 लोग आए और उन्होंने सेल्समैन नीलेश राय से फ्री में शराब मांगी। जब नीलेश ने शराब देने से मना किया तो सभी बदमाश दुकान में घुस गए और उसके साथ मारपीट कर उसे जीप में उठाकर ले गए। इस दौरान आरोपियों ने उसका वीडियो बनाया कि वो पुलिस में कोई शिकायत नहीं करेगा। रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। करीब चार घंटे बाद पुलिस को नीलेश ग्राम सुहाह दुवाह के पास गंभीर स्थिति में पड़ा मिला। पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर धर्मेंद्र ठाकुर, विनोद यादव और पूरन लोधी की पहचान कर गिरफ्तार किया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।



■ तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पश्चिम मध्य रेल
खुली ई–निविदा सूचना
स. भोपाल/टीआरडी/ड्राइंग/डब्ल्यू.सी. 443, दिनांक: 27.02.2025
वरि. मंडल विधुत इंजी./टीआरडी/पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 11:00 बजे तक ई–टेन्डर आमंत्रित करते हैं। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बधिंत पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है इस टेन्डर के लिये कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नही है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है, **निविदा क्र.:** बीपीएल/टीआरडी/डीआरजी/डब्ल्यू सी 443, **कार्य का विवरण:** पीरियोंडिकल ओवर होलिंग पी ओ एच ऑफ 132KV/25KV, 21.6MVA सिंगल फेज ट्रेक्शन पावर ट्रांसफार्मर (03 No.) एट गुलाबगंज एंड सांची टी एस एस ऑफ भोपाल डिवीजन।, **कार्य समाप्त करने की अवधि:** 12 माह, **अनुमानित लागत रू. में:** 10919367.84, **ईएमडी रू. में:** 204600.00, **जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय:** 21.03.2025 को 11:00 बजे तक।
वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर टीआरडी, पमरे, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## पेज एक का शेष

### सोमनाथ मंदिर में ...

मंदिर में विद्वानों ने शास्त्रीय मंत्रों के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। मंदिर में सोमनाथ संस्कृत पाठशाला के विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों का जाप किया। पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर परिसर में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सोमनाथ ट्रस्ट इस प्रसिद्ध धार्मिक स्थल का प्रबंधन करता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं।

### आज जंगल सफारी का...

पीएम मोदी सासन में कुछ महिला वनकर्मियों से भी बातचीत करेंगे।

### अब पांच रु. में ...

बढ़ाने के लिए सरकार उनकी ओर से से सौर ऊर्जा से निर्मित बिजली खरीदी की भी पहल करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को किसान आभार सम्मेलन में मुख्यमंत्री निवास पहुंचे किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के प्रत्येक अंचल से आए किसानों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत अभिवादन किया। वहीं, किसानों ने मुख्यमंत्री का साफा, गज माला, शॉल-श्रीफल और प्रतीक-चिन्ह के रूप में बैलगाड़ी एवं हल की प्रतिकृति भेंट कर अभिनंदन किया। कृषकों की ओर से होशंगाबाद सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने समस्त अतिथिगण को स्मृति चिन्ह के रूप में राम दरबार भेंट किए।

### हम कंटेनर में थे,...

गए, क्योंकि यह एक भारी तूफान था। ऐसा मंजर मैंने पहले कभी नहीं देखा। एकदम से एवलांच आया और कंटेनर हवा में उठ रहे थे। कंटेनर के साथ कुछ लोग उड़ गए थे और कुछ लोग कंटेनर से बाहर निकल गए। हम किसी तरह 23 लोग बीआरओ कैंप पहुंचे। आर्मी ने हमारा काफी सहयोग किया, उनकी मदद से ही आज हम बच पाए हैं।

### पूर्व सेबी चीफ माधबी...

कहा गया है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की निष्क्रियता के कारण सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) के प्रावधानों के तहत न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत है। शिकायतकर्ता, जो एक मीडिया रिपोर्टर है, ने कथित अपराधों की जांच की मांग की थी, जिसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, विनियामक उल्लंघन और भ्रष्टाचार शामिल है। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि सेबी के अधिकारी अपने वैधानिक कर्तव्य में विफल रहे, बाजार में हेरफेर को बढ़ावा दिया, तथा निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाली कंपनी को सूचीबद्ध करने की अनुमति देकर कॉरपोरेट धोखाधड़ी के लिए रास्ता खोला। माधबी पुरी बुच ने 2 मार्च 2022 को सेबी चेयरपर्सन के तौर पर पदभार संभाला था। वह सेबी की पहली महिला अध्यक्ष बनी थीं। अब उनकी जगह ओडिशा कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी तुहिन कांत पांडे को सेबी का प्रमुख नियुक्त किया गया है। इस संबंध में सेबी ने रविवार को कहा कि वह कथित शेयर बाजार धोखाधड़ी के संबंध में पूर्व अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के स्पेशल कोर्ट के आदेश को चुनौती देगा। सेबी ने तर्क दिया कि कोर्ट एक तुच्छ दलील पर काम कर रहा था और उसने बोर्ड को अपना विचार रखने का मौका नहीं दिया।

### डिलीवरी के बाद...

ठीक होकर सामान्य वार्ड में लौट चुकी हैं, जबकि एक अभी भी आईसीयू में भर्ती है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि सिजेरियन डिलीवरी के दौरान दी जाने वाली दवाओं और एनेस्थीसिया की खुराक की जांच की जा रही है। बुपीवाकाइन दवा के सैंपल को कोलकाता जांच के लिए भेजा गया है। पत्नी को लेकर आए शाहिद अली ने कहा पत्नी बच्चे को दूध तक नहीं पिला पाई है न ही किसी को पहचान पा रही है, कुछ बोल भी नहीं रही है।

### मप्र के अपर मुख्य सचिव ...

विभाग (कार्मिक) के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। वर्ष 1989 बैच के सीनियर अफसर सुलेमान अभी तक महत्वपूर्ण विभागों में पदस्थ रहे। पिछली सरकार में ही उनके मुख्य सचिव बनाए जाने की अटकलें लगती रही, किंतु अंतिम समय में उनके नाम पर सहमति नहीं बन पाई। पिछले वर्ष भी जब वीरा राणा सेवानिवृत्त हुईं तो भी उनके नाम पर कयास लगे। हालांकि बाद में तय हो गया कि उन्हें मुख्य सचिव नहीं बनाया जाएगा। बाद में उनके मंत्रालय से बाहर पदस्थापना की चर्चा भी हुई। हालांकि उन्हीं के बैच के उनसे सीनियर अनुराग जैन के मुख्य सचिव बनाए जाने के बाद वे मंत्रालय में ही पदस्थ रहे। एसीएस सुलेमान इसी वर्ष जुलाई में सेवानिवृत्त होने वाले थे, किंतु इससे पहले ही उन्होंने वीआरएस के लिए आवेदन कर दिया। उनके इस कदम को चौकाने वाला माना जा रहा है। चूंकि मुख्य सचिव जैन व मो. सुलेमान दोनों काफी अच्छे दोस्त भी हैं। ऐसे में माना जा रहा था कि वे कार्यकाल पूरा करने के बाद ही सेवानिवृत्त होंगे।

### मुरैना जिले में ओले ...

गिरकर 32.4 और रात का 1.7 डिग्री की कमी के साथ 16.2 डिग्री रहा। मौसम केंद्र के अनुसार कल से तापमान में और गिरावट होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार हवाएं बदलने से तापमान में भी बदलाव हो रहा है। मुरैना के गांवों में बारिश के साथ मटर के आकार के ओले गिरे। अंबाह इलाके के मैथाना, मृगपुरा, लीला का पुरा, हंसराज का पुरा, नायकपुरा, अजीतपुरा के साथ ही बंधा में बारिश के साथ ओले गिरे। सुमावली और दिमनी में भी तेज हवाओं के साथ बारिश और ओले गिरे।

### शर्मनाक! महाराष्ट्र ...

सुरक्षा गार्ड के साथ कोथली गांव में शोभा यात्रा देखने गई थी। उसी समय सुरक्षा गार्ड को कुछ युवकों द्वारा वीडियो बनाने का शक हुआ। सुरक्षा गार्ड ने इस शक के आधार पर युवक के हाथ से मोबाइल फोन जब्त कर लिया और उसकी जांच की। इस घटना से चारों युवक नाराज हो गए और सुरक्षा गार्ड से भिड़ गए। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मुक्ताईनगर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट, मोलेस्टेशन और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपी अनिकेत भोई का पहले से क्रिमिनल रिकॉर्ड है।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-14/02/25 to 18/4/25- not-fab, 16,23,26 not= march-2,9,14,16,23,30,31, April- 6,10,13,14

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910
Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।


## शब्द पहेली - 5795



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -5794 का हल



## सूडोकु नवताल - 5805

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 5804 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

# श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी का हुआ नाइजीरिया की ओलुसेगुन अगागु यूनिवर्सिटी के साथ समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



**शैक्षणिक गुणवत्तापरक शोध को नई दिशा देने के लिए**

शैक्षणिक गुणवत्तापरक शोध को नयी दिशा देने के लिए श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैडिकल साईंस सीहोर एवं ओलुसेगुन अगागु यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी नाइजीरिया के मध्य एक समझौते ज्ञापन पर सत्य साईं यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ. मुकेश तिवारी तथा नाइजीरियन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. प्रोफेसर (डॉ.) टेमी ओलोगुनोरिसा ने हस्ताक्षर किए। आरकेडीएफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ.सुनील कपूर और सत्यसांई विवि के कुलाधिपति सिद्धार्थ कपूर ने इस समझौते को छात्रों के लिए एक सौगात बताते हुए दोनों संस्थान के कुलपतियों को बधाई दी है।

## संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं में वृद्धि करने का संकल्प

*डॉ.एआई. ओलाडिमेजी (निदेशक, लिंकेज और अंतर्राष्ट्रीयकरण)तथा निदेशक अनुसंधान डॉ. संतोष कुमार राय की उपस्थिति में दोनों संस्थानों ने सयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं में वृद्धि करने के लिए संकल्प लिया। एमओयू के तहत शोध एवं अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग क्षमता निर्माण, शिक्षा एवं विधार्थियों के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास में सहयोग पर सहमति बनी है।संस्था के कुलपति डॉ.मुकेश तिवारी ने कहा कि विवि को सकारात्मक वातावरण और प्रशासनिक व्यवस्था को निरन्तर प्रगति देना जरूरी है। संस्थानों की जिम्मेवारी है कि वे इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक संसाधन व क्षमताएं उपलब्ध कराएं।*

## युवा छात्र एवं छात्राओं के सुनहरे भविष्य को रखा ध्यान में

*उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर इस बात पर को महसूस किया है कि वर्तमान परिवेश में देश के युवा छात्र एवं छात्राएं के सुनहरे भविष्य को ध्यान में रखते हुए हमारा दायित्व बनता है कि हम उन्हें सफलतापूर्वक उनके लक्ष्य तक पहुंचाने में सहायक बने । कुलपति ने इस अंतराष्ट्रीय समझौते पर हर्ष व्यक्त किया और शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को आश्वासन दिया कि भविष्य में भी संस्था के बहुमुखी विकास के लिए अन्य देशों से भी ज्ञापन समझोते पर विचार किया जाएगा।*

### सीएम राइज कमला नेहरू पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक छात्रवृति वितरण

# मलाबार गोल्ड ने शहर की 14 छात्राओं को 1 लाख 36 हजार की स्कॉलरशिप दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कारोबारी समूह और मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की पैरेंट कंपनी मलाबार ग्रुप ने राजधानी भोपाल की छात्राओं को अकादमिक वर्ष 2024-25 के लिए स्कॉलरशिप प्रदान की। सीएम राइज कमला नेहरू पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक छात्रवृति (स्कॉलरशिप) वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह शिक्षा के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाने के समूह के प्रयासों के क्रम में एक महत्वपूर्ण क्षण था। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के साथ-साथ स्थानीय ब्रांच के प्रमुख सहित मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की लीडरशिप टीम, शुभेच्छु, ग्राहक और स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाली छात्राएं मौजूद रहीं।

## शिक्षा वह नींव होती है जिससे भविष्य में बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं: अहमद

*मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहाकि शिक्षा वह नींव होती है जिससे भविष्य में बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। युवा छात्राओं की शिक्षा में निवेश के जरिए हम ना सिर्फ उनकी क्षमताओं को उजागर कर रहे हैं बल्कि एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे हैं जहां अवसर, समानता और प्रगति तक हर किसी की पहुंच हो। मलाबार ग्रुप ने अपनी शुरुआत के समय से ही सामाजिक कल्याण से जुड़ी गतिविधियों के जरिए समावेशी विकास को लेकर अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दिखाई है. इन प्रयासों को बढ़ाने और संगठित रूप देने के लिए 1999 में मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट (एमसीटी) का गठन किया गया था। समूह अपने प्रॉफिट का पांच प्रतिशत हिस्सा सीएसआर पहलों के लिए आवंटित कर देता है।*

## लड़कियों की शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए मलाबार ग्रुप का लक्ष्य

*मलाबार ग्रुप के सीएसआर फ्रेमवर्क के तहत आने वाली प्रमुख पहल मलाबार स्कॉलरशिप प्रोग्राम शिक्षा के माध्यम से युवा छात्रों को सशक्त बनाती है। वर्तमान अकादमिक वर्ष में भोपाल में छात्राओं की शिक्षा को सपोर्ट करने के लिए 14 स्कॉलरशिप वितरित करने के लिए 1,36,000 रुपये आवंटित किए गए हैं। लड़कियों की शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए मलाबार ग्रुप का लक्ष्य व्यक्तियों और पूरे समुदाय का उत्थान करना है तथा यह सुनिश्चित करना है कि भावी पीढ़ियों को सामाजिक और आर्थिक रूप से समृद्ध होने का पूरा मौका मिले।*

### खुदरा विक्रेताओं को आकांक्षाओं और किफायती दाम के बीच संतुलन बनाना होगा

# 2034 तक 190 लाख करोड़ रु. तक पहुंच जाएगा भारतीय खुदरा बाजार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





भारतीय खुदरा बाजार 2034 तक 190 ट्रिलियन रुपए से अधिक पहुंचने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जो खुदरा विक्रेता देश की बढ़ती जनसांख्यिकी और कंज्यूमर की लगातार बढ़ती पसंद को अपनाएंगे, वे इससे सबसे ज्यादा लाभान्वित होंगे।

हर शहर में अलग-अलग तरह के कंज्यूमर होते हैं, जिनकी जरूरतें भी अलग-अलग होती हैं। खुदरा विक्रेताओं को इन अवसरों को पहचान कर यह तय करना होगा कि वे 'भारत' और 'इंडिया' में कहां और कैसे सफल होना चाहते हैं। यह रिपोर्ट बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा मिलकर तैयार की गई है।

## भारत का खुदरा बाजार 2024 में 82 ट्रिलियन तक पहुंच गया, एक दशक में 8.9 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ा

*रिपोर्ट के मुताबिक भारत का खुदरा बाजार 2024 में 82 ट्रिलियन रुपए तक पहुंच गया, जो 2014 में 35 ट्रिलियन रुपए था। यह पिछले एक दशक में 8.9 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ा है, जो भारत की आर्थिक प्रगति और कंज्यूमर्स की बढ़ती विविधता के चलते संभव हुआ है। भारत में उपभोग की बढ़ती प्रवृत्ति आमतौर पर स्थिर रही है, केवल कोविड-19 महामारी के दौरान इसमें गिरावट आई थी। रिपोर्ट के अनुसार, 2024-2034 के बीच उपभोग में सबसे तेज बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस रिपोर्ट में कहा कि भारतीय खुदरा बाजार बहुत बड़ा और लगातार बढ़ रहा है, 2034 तक यह 190 ट्रिलियन रुपए से अधिक होने की संभावना है। इस बढ़ोतरी से इस क्षेत्र की मजबूती और तेजी का पता चलता है। इस बढ़ोतरी के केंद्र में एक समझदार और अलग-अलग कंज्यूमर्स हैं। लोग अब आर्थिक रूप से संपन्न हो रहे हैं, लेकिन साथ ही, वैल्यू फॉर मनी यानी पैसे की कीमत का ध्यान रखना भी उनकी प्राथमिकता बनी हुई है। इसलिए, खुदरा विक्रेताओं को आकांक्षाओं और किफायती दाम के बीच संतुलन बनाना होगा। हालांकि खुदरा बाजार में अपार अवसर हैं, लेकिन सफलता पाने के लिए कंपनियों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।*

## संवेदनशील कंज्यूमर भी मौजूद हैं

*भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है, लेकिन इसकी आबादी में कई प्रकार के अंतर हैं। यहां एक ओर बढ़ता हुआ मध्यम वर्ग और आर्थिक समृद्धि है, तो दूसरी ओर कीमत को लेकर संवेदनशील कंज्यूमर भी मौजूद हैं। एक ओर डिजिटल रूप से समझदार जनरेशन जेड है, तो दूसरी ओर 45 वर्ष से अधिक आयु का एक बड़ा कंज्यूमर वर्ग भी मौजूद है। इसके अलावा, कामकाजी महिलाओं की बढ़ती संख्या नए खरीदारी व्यवहार को आकार देने में मदद कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार, सफल खुदरा विक्रेताओं ने स्पष्ट रूप से उन कंज्यूमर्स को चुना है, जिन पर वे ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।*

### मप्र सरकार दे रही क्रेडाई के सुझावों को प्राथमिकता

# बड़े निवेशकों को राज्य में निवेश के लिए एक स्पष्ट और सुगम प्रक्रिया मिलेगी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के सफल आयोजन के बाद भी मध्यप्रदेश सरकार द्वारा क्रेडाई के सुझावों को विशेष महत्व दिया जा रहा है। निवेश को और सुगम बनाने के लिए क्रेडाई द्वारा 100 करोड़ से अधिक निवेश प्रस्तावों के लिए समर्पित संपर्क अधिकारी नियुक्त करने की सिफारिश की गई थी, जिसे सरकार ने गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज सिंह मीक ने निवेश प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए वन-पॉइंट-कॉन्टैक्ट नीति और समयबद्ध अनुमोदन प्रणाली की जरूरत पर बल दिया है। इससे बड़े निवेशकों को राज्य में निवेश के लिए एक स्पष्ट और सुगम प्रक्रिया मिलेगी। क्रेडाई की यह पहल राज्य और राजधानी को एक प्रमुख निवेश हब के रूप में स्थापित करने और कमाल का भोपाल अभियान को और मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। क्रेडाई मध्यप्रदेश शासन का आभार व्यक्त करती है संस्था सरकार के साथ सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर रहेगी।

## प्रयासों की हुई सराहना

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मुख्य सचिव अनुराग जैन ने क्रेडाई के प्रयासों सराहना करते हुए कहाकि भोपाल के नागरिक, व्यापारिक समुदाय और रियल एस्टेट सेक्टर इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं। क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक का अभियान कमाल का भोपाल एक वैश्विक ब्रांड के रूप में उभरा है और सकारात्मक छवि बनी है।

## बिजनेस न्यूज

### फेडरेशन की थाईलैंड बोर्ड के साथ हुई द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों पर चर्चा



**भोपाल।** फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फेडरेशन) के प्रबंध समिति सदस्यों ने थाईलैंड बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड रॉयल थाई काउंसलेट की डायरेक्टर एवं काउंसल से व्यापार के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। फेडरेशन की प्रबंध समिति सदस्य योगेश मेहता, हिमांशु शाह, अमित चावला, अनिल जोशी एवं सचिव प्रवीण आचार्य ने इंदौर के होटल रेडिसन में थाईलैंड बोर्ड आफ इंवेस्टमेंट एंड रॉयल थाई काउंसलेट की डायरेक्टर एवं काउंसल डे से भेंटकर द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों पर चर्चा की। इस दौरान थाई काउंसल ने बताया कि मध्यप्रदेश से थाईलैंड में निर्यात एवं आयात की असीम संभावनाएं है। इसके लिए मध्यप्रदेश के उद्योगपतियों को थाईलैंड बोर्ड आफ इन्वेस्टमेंट एंड रॉयल थाई काउंसलेट हर संभव सहायता करेगा। इस बैठक में पूजा मिमरोत, इंडिया कन्सल्टेंट, थाईलैंड बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड रॉयल थाई काउंसलेट भी शामिल थी।

### महिंद्रा यूनिवर्सिटी ने पीएमआई पर्ल सिटी चैप्टर की मेजबानी की




**भोपाल।** महिंद्रा यूनिवर्सिटी ने अपने परिसर में पीएमआई पर्ल सिटी चैप्टर (पीएमआईपीसीसी) के साथ मिलकर इंटरनेशनल स्टूडेंट लीडरशिप डे (आईएसएलडी) की मेजबानी की। इस आयोजन में नेतृत्व, प्रोजेक्ट मैनजमेंट और नवप्रवर्तन की संभावना तलाशने के लिए 134 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक और उद्योग पेशेवर शामिल हुए। सम्मेलन में डाक्टर बिष्णु पाल, डीन एकैडमिक्स, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, महिन्द्रा यूनिवर्सिटी, डाक्टर प्रदीप रछेरला, असिस्टेंट डीन, प्रोफेसर (मार्केटिंग), स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, महिन्द्रा यूनिवर्सिटी, डाक्टर पेंड्याल किरणमई दत्त, बोर्ड सदस्य, यूनाइटेड वे, हैदराबाद और मनोहर येरागुंटला, अध्यक्ष पीएमआईपीसीसी और अमार राजा ग्रुप के पीएमओ समेत प्रतिष्ठित वक्ताओं ने व्याख्यान और प्रस्तुतियां दीं। साथ ही इन्होंने नेतृत्व की विशेषताएं, मानव-एआई गठबंधन और टिकाऊपन की चुनौतियां जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों से बातचीत की। महिंद्रा यूनिवर्सिटी के कुलपति डाक्टर यजुलु मेदुरी ने कहा कि विद्यार्थियों के नेतृत्व में अपेक्स पीएमआईपीसीसी एमयू की शुरुआत व्यवहारिक तौर पर सीखने और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट को अकादमिक सीख में एकीकृत करने की दिशा में कदम बढ़ाने को लेकर महिन्द्रा युनिवर्सिटी की सतत प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। यह पहल विद्यार्थियों को उद्योग की सर्वोत्तम व्यवस्थाओं में लगने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए आवश्यक कौशल से युक्त बनाती है।

### संस्कृति यूनिवर्सिटी में संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा



**मुंबई।** संस्कृति यूनिवर्सिटी मथुरा में विद्यार्थियों के बीच सर्वाधिक पसंदीदा आयोजन संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 20 25 शुरू हुआ। जिसमें रैसलर बबिता फोगाट और क्रिकेटर मदन लाल ने छात्रों का उत्साह बढ़ाया, संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 1 मार्च 2025 तक चलेगा। इस खेल आयोजन में 1312 खिलाड़ी 28 खेलों में 40 मैचों में भाग लेंगे। जिसमें क्रिकेट, फुटबॉल, जैवलिन थ्रो, शॉटपुट, रेस, बैडमिंटन, शतरंज और टेबल टेनिस सहित विभिन्न खेलों की रोमांचक शुरुआत होगी । विश्वविद्यालय में हर वर्ष होने वाले इस खेल महोत्सव में चार गुटों में बंटे खिलाड़ी अपने-अपने समूह को चैंपियन बनाने की होड़ में जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खेल हस्तियां भी कार्यक्रम में शामिल होंगी, जिसमें बबिता फोगाट भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। संस्कृति यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉक्टर सचिन गुप्ता ने कहाकि खेल केवल प्रतिस्पर्धा ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क को विकसित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 25 के जरिए हम विद्यार्थियों को उनके सर्वांगीण विकास का अवसर प्रदान कर रहे हैं।

### हिंदुजा समूह ने की कॉलेज को डीम्ड यूनिवर्सिटी बनाने की घोषणा





**मुंबई।** शिक्षा के क्षेत्र में 75 वर्ष पूरे करने के अवसर पर हिंदुजा समूह ने अपने प्रमुख संस्थान, हिंदुजा कॉलेज ऑफ कॉमर्स के ज़रिए भारत के भविष्य को आकार देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। हिंदुजा कॉलेज ऑफ कॉमर्स की शुरूआत शरणार्थियों के बच्चों के लिए बनाए गए एक साधारण प्राथमिक विद्यालय के रूप में हुई थी। आज 6000 से अधिक छात्र यहां पढ़ते हैं और हिंदुजा कॉलेज ऑफ कॉमर्स अब एक डीम्ड विश्वविद्यालय बनने की ओर अग्रसर है। समूह हिंदुजा फाउंडेशन के माध्यम से भारत भर में 'रोड टू स्कूल' और 'रोड टू लाइवलीहूड' जैसी पहलों के माध्यम से 7,00,000 से अधिक छात्रों को शिक्षा प्रदान करता है। 2030 तक 1 मिलियन छात्रों को सशक्त बनाने की महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ, हिंदुजा फाउंडेशन शिक्षा को बदलाव के मुख्य स्त्रोत के रूप में बढ़ावा देना जारी रखता है और 2047 तक भारत के विकसित भारत के दृष्टिकोण में प्रमुख योगदान देता है। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भारत केउपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनके साथ कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति ने छात्रों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक और पाठ्येतर उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया।

### टाटा ईवी ने सबसे तेज ईवी ड्राइव का कीर्तिमान बनाया



**नई दिल्ली।** ईवी विकास की अग्रणी कंपनी टाटा ईवी ने सबसे तेज ईवी ड्राइव का कीर्तिमान बनाया है। यह दूरी केवल 76 घंटे और 35 मिनट में तय की गई। इसका नेतृत्व भारत की अपनी एसयूवी कूप, कर्वव.ईव ने किया। इससे पहले लंबी दूरी की सबसे तेज ड्राइव का कीर्तिमान टाटा की ही नेक्सन ईवी मैक्स के नाम था और यह नया कीर्तिमान पुराने रिकॉर्ड से करीब 19 घंटे कम है। भारत की लंबाई में सबसे तेज 3,800 किलोमीटर की दूरी तय करने के अलावा कर्वव.ईव ने सफलतापूर्वक 20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए हैं। इस उल्लेखनीय यात्रा को पूरा करते हुए कर्वव.ईव को केवल 16 चार्जिंग स्टॉप लगे, जिससे चार्ज होने का औसत समय 28 घंटे से घटकर 17 घंटे हो गया। यह न केवल बैटरी तकनीक में प्रगति को दिखाता है, बल्कि भारत के व्यापक पब्लिक चार्जिंग नेटवर्क को भी प्रदर्शित करता है। इनमें से अधिकांश अब राजमार्गों पर तेज चार्जिंग गति का समर्थन कर रहे हैं। जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के श्रीनगर में औपचारिक हरी झंडी दिखाने के बाद कर्वव.ईव ने यात्रा शुरू की।

### स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में सीआईआई द्वारा उद्योगों को सशक्त बनाने 'एआई इमर्जन' प्रोग्राम 10 मार्च से

SCOPE GLOBAL SKILLS UNIVERSITY
CENTRAL INDIA'S 1st SKILLS UNIVERSITY, BHOPAL (M.P.)

**भोपाल ।** कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज द्वारा उद्योगों को सशक्त बनाने के लिए एआई इमर्जन वीक का आयोजन स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय (एसजीएसयू) परिसर में 10 मार्च से किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उद्योग जगत में इस्तेमाल की जानकारी दी जाएगी जिससे ऑपरेशन्स से लेकर मार्केटिंग इत्यादि के विभिन्न आयामों को बेहतर तरीके से संचालित किया जा सके और उच्च उत्पादकता को प्राप्त कर सकें। इस तीन दिवसीय वर्कशॉप में प्रत्येक दिवस दो बेचेज को ट्रेनिंग दी जाएगी,जिसमें तीन घंटे की मास्टर क्लास होगी। इसमें विशेषज्ञ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूलभूत जानकारी समेत कई टूल्स के प्रभावी उपयोग की जानकारी साझा करेंगे जिससे उद्यमी अपने कार्यों को बेहतर तरीके से संचालित कर सकेंगे। इस पहल पर स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स का महत्व बढ़ता जा रहा है ऐसे में एआई संबंधित कौशल विकास आज की मूलभूत आवश्यकता बन गया है। वहीं एसजीएसयू के कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा और कुलगुरू डॉ. विजय सिंह ने कहा कि बढ़ते एआई के महत्व के मद्देनजर हम एआई के क्षेत्र में कई पहल कर रहे हैं।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने व्यापारियों के लिए शुरू किया 'मर्चेंट लॉयल्टी और कैशबैक' प्रोग्राम



**भोपाल।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन में व्यापारियों के लिए सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी की प्रोग्रामेबिलिट प्रणाली पर आधारित मर्चेंट लॉयल्टी और कैशबैक प्रोग्राम की पायलट आधार पर शुरुआत किए जाने की घोषणा की। बैंकिंग उद्योग में यह पहली ऐसी महत्वपूर्ण पहल है, जो छोटे और मझौले व्यापारियों को एक फिनटेक कंपनी के सहयोग से स्वतंत्र रूप से अपने ग्राहकों के लिए लॉयल्टी/कैशबैक प्रोग्राम तैयार और आरंभ करने की सुविधा प्रदान करता है। आमतौर पर इस तरह के प्रोग्राम बड़े ब्रांड्स द्वारा पेश किए जाते हैं, लेकिन अब बैंक ऑफ बड़ौदा के बॉब मर्चेंट एप के उपयोग के माध्यम से व्यापारी इसे स्वयं संचालित कर सकते हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक संजय विनायक मुदालियर ने कहा कि अब स्थानीय किराना दुकानें, मेडिकल स्टोर्स, रिटेल शॉप्स आदि जिनका खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में है और जो बॉब मर्चेंट एप पर पंजीकृत हैं, वे बिना किसी अतिरिक्त निवेश के खुद का कैशबैक, लॉयल्टी प्रोग्राम डिजाइन और संचालित कर सकते हैं। उन्हें इसके लिए कोई अतिरिक्त इंफ्रास्ट्रक्चर या सॉफ्टवेयर खरीदने की जरूरत नहीं होगी। मुदालियर ने कहाकि बैंक ऑफ बड़ौदा बैंकिंग क्षेत्र में नवोन्मेषिता को आगे बढ़ाने में अग्रणी रहा है।

### पीएनबी शाखा कालापानी में हुआ 'कृषि आउटरीच' कार्यक्रम, 30 स्व-सहायता समूह को 2.50 करोड़ रुपए के स्वीकृति पत्र प्रदान किए

**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा कालापानी में स्व सहायता समूह केन्द्रित कृषि आउटरिच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति रेखा पांडे, जिला परियोजना प्रबंधक, एसआरएलएम भोपाल, श्रीमति प्रियंका गुप्ता, बीपीएम फंदा एवं पंजाब नेशनल बैंक से कन्हैया लाल साकेत, वरिष्ठ प्रबंधक, उपासना कुरेले, शाखा प्रबंधक कालापानी एवं निहाल खाड़से, कृषि प्रबंधक उपस्थित थे। कई हितग्राहियों को बैंक के मुख्य अतिथि, वरिष्ठ प्रबंधक कन्हैया लाल साकेत तथा अध्यक्ष उपासना कुरेले करकमलों द्वारा 30 स्व सहायता समूह को 2.50 करोड़ त्वरित सैद्धांतिक स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम भोपाल मंडल के प्राथमिकता क्षेत्र के वरिष्ठप्रबंधक कन्हैया लाल साकेत की अध्यक्षता में शाखा प्रबंधक श्रीमती उपासना कुरेले के नेतृत्व मेंआयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमति उपासना कुरेले, जिला परियोजना प्रबन्धक का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम स्वयं सहायता समूह, कृषि अवसंरचना निधि, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना योजनाओं के अंतर्गत किसानों एवं समूहिक संगठनों को बैंक द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करने एवं समुचित जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। ताकि किसान कृषि संबंधी कार्य में प्रगतिशील विकास कर सके एवं समूह अपनी आवश्यकतानुसार योजनाओं से अपने व्यवसायिकसपनों को सशक्त बना सके। बैंक द्वारा आयोजन में समूह के नए खातों की क्रेडिट लिंकिंग और मौजूदा पात्र समूह को ऋण देने एवं कृषि अवसंरचना निधि के अंतर्गत सभी पात्र गतिविधियां जैसे कस्टम हायरिंग इकाइयां, कृषि मशीनीकरण, कोल्ड स्टोरेज और भंडारण अवसंरचना आदि पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़ कर सहभागिता की और वित्तीय समाधान के लिए पीएनबी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं ऋण विशेषज्ञों से ऑनस्पॉट जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि रेखा पांडे, जिला परियोजना प्रबंधक, प्रियंका गुप्ता, बीपीएम फंदा भोपाल एवं पंजाब नेशनल बैंक से कन्हैया लाल साकेत, वरि. प्रबंधक, उपासना कुरेले, शाखा प्रबंधक कालापानी एवं निहाल खाड्से, कृषि प्रबंधक द्वारा उपस्थित किसान, समूह के सदस्य एवं उद्यमी से विचारविमर्श किया तथा उनके सुझावों से अवगत हुए।

### बैंक कर्मियों की दो दिवसीय हड़ताल 24 से

# 5000 से अधिक शाखाओं में बैंक कर्मियों ने बैज बियरिंग की



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पांच दिवसीय बैंक सप्ताह के मुद्दे पर हुई सहमति का अविलंब क्रियान्वयन किया जाए, नियमित कार्यों की आउटसोर्सिंग बंद की जाए और बैंकों में लाखों रिक्त पदों को अविलंब भरा जाए, पेंशन अपडेशन तथा पेंशन योजना में सुधार होना चाहिए और डीए से जुड़ी परिभाषित लाभ पेंशन में शामिल होने का विकल्प प्रदान किया जाना चाहिए आदि मांगों के समर्थन देशभर के 10 लाख बैंक कर्मचारी और अधिकारी ने दो दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। यह हड़ताल यूनाइटेड फोरम ऑफबैंक यूनियंस के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा की। हड़ताल के पूर्व देशभर की बैंक शाखाओं और कार्यालयों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक आदि के 5000 से अधिक शाखा और कार्यालयों के 40000 से अधिक बैंक कर्मचारी और अधिकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में बेज धारण कर बैंकों में कार्य किया। विभिन्न बैंकों की ट्रेड यूनियंस के पदाधिकारियों वीके शर्मा, संजीव मिश्रा, प्रवीण मेघानी, दीपक रत्न शर्मा, संदीप चौबे, संतोष जैन, अम्बरीश नंदा,वी एस नेगी, सुनील सिंह, गुणशेखरन,देवेंद्र खरे, दीपक नायर, जेपी दुबे संतोष मालवीय, राम चौरसिया आदि ने हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 'आनंद सशक्तिकरण और उत्सव' आयोजन 8 को



**भोपाल।** राजधानी में लालघाटी,हलालपुरा बस स्टैंड स्थित प्लेयोटेल इन एरिया में वुमेन विंगेज प्लेयोटेल इन एरिया स्ट्रीट डासिंग एंड फिटनेस स्टूडियों द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर 8 मार्च 2025 को आंनद सशक्तिकरण और उत्सव के रूप में मनाने की घोषणा एससीआई के डायरेक्टर आनंद सबधाणी ने की है। आनंद सबधाणी ने बताया कि राजधानी में आयोजित यह आंनद सशक्तिकरण और उत्सव अपने आप में एक अनूठा कार्यक्रम होगा। उद्देश्य नागरिकों में सहभागिता एवं उत्साह को बढ़ाने के लिए समूह स्तर पर परम्परागत खेल-कूद और स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम को बढ़ावा देना है। आंनद सशक्तिकरण और उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं वरन सहभागिता होगी। कार्यक्रम लाइव डीजे, डांस वर्कशॉप ,उपहार ,लकी ड्रा, टैटू ,कैंडिड फोटोग्राफी,स्वादिष्ट भोजन और बहुत कुछ शामिल है। सबधाणी ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी है।

**PUBLIC NOTICE**
(After completion of Notice Period)

**NISSAN MOTOR INDIA PVT. LTD.**

The present publication is being issued on behalf of Nissan Motor India Private Limited **("NMIPL")** to state that Galaxy Automobiles **("Galaxy Nissan-Bhopal")** has ceased to be an Authorised Dealer of NMIPL on 31st March 2024 **("Expiry Date")** due to expiry of the contract terms and has no right to accept any fresh bookings henceforth including the vehicles already available in the dealership stock.

The dealership facility, Galaxy Nissan-Bhopal was located at, Showroom - Khara No. 86,87 ,88/2, 84,361/87,1/3 Opp Capital Mall Near K.M Convent School, Misroad, Bhopal 462026 Madhya Pradesh & Workshop - Ground Floor, behind Rajabhoj ITI, Misrod, Bhopal, Madhya Pradesh-462026.

It is further informed that NMIPL has no connection whatsoever with any fresh bookings offered by Galaxy Nissan-Bhopal after the Expiry Date. Any person or entity making any fresh bookings for selling Nissan vehicles or servicing the same with Galaxy Nissan-Bhopal will be doing so at their own risk with no claims against NMIPL.

This information is issued in the interest of General Public.

**SELECTION OF AGENCY FOR ESTABLISHING, OPERATING AND MAINTAINING DISTRICT NODAL CALL CENTRE, DISTRICT VIDISHA**

Notice Inviting Tender (NIT)
Office of DeGS, District VIDISHA
Department of Public Service Management
Pin Code-464001

Bid No: 3148/2025 Date: 27.02.2025

Request for Proposal (RFP) for "Selection of Agency for Establishing, Operating and Maintaining DISTRICT NODAL CALL CENTRE at Office of DeGS, District VIDISHA"

Online Tenders are invited from reputed Agencies based in India for providing manpower with IT equipment mentioned in this RFP for Establishing, Operating and Maintaining DISTRICT NODAL CALL CENTRE for Office of DEGS District Vidisha. The bids will be received up to the date & time indicated below. The online tenders will be opened in the office of the undersigned as mentioned timeschedule (key date).

| Tender Specification no | Name of the Work / Services | Tender Fees (In INR) | EMD (In INR) | Performance Bank Guarantee (PBG) | Due Date of Opening of tender online from 15:00 Hrs. |
|---|---|---|---|---|---|
| | Selection of Agency for Establishing, Operating and Maintaining DISTRICT NODAL CALL CENTRE at Office of DeGS, District Vidisha | 500/- | 50,000/- | 03% of the Overall Contract Value | 21/03/2025 |

* For updated / extended due dates for opening of tender please refer to the key dates.

The Client reserves the right to reject any or all the tenders or accept any tender in full or part as considered advantageous to the Client, whether it is lowest or not, without assigning any reason whatsoever it may be.

G-23703/24

" स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

Deputy Collector
Office Of DeGS, District Vidisha Department of Public Service Management

## चिंतन

# युद्ध समाप्ति की दिशा में बढ़ें यूक्रेन व रूस

करीब तीन वर्ष से जारी रूस और यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने की दिशा में कोई भी पहल स्वागत योग्य है। लेकिन हाल में अमेरिका व रूस के बीच बातचीत, जेलेंस्की का रूस व यूएस वार्ता को लेकर मुखर रूप, यूरोप की यूक्रेन के साथ तालबंदी, ट्रंप व जेलेंस्की के बीच तीखी बहस और ब्रिटेन, फ्रांस व यूक्रेन की युद्ध विराम योजना पर सहमति आदि घटनाएं इतनी तेजी में घटी हैं, जिसमें कूटनीति फीकी पड़ी है और मदद के बदले 'डील' फ्रंट सीट पर आई है। इसमें सकारात्मक बात है कि ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन एक युद्धविराम योजना पर काम करने के लिए सहमत हो गए हैं, जिसे अमेरिका के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 'ओवल ऑफिस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में हुई तीखी बहस के एक दिन बाद यह योजना सामने आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति यूक्रेन में स्थायी शांति चाहते हैं, लेकिन इसे कायम रखने के लिए अमेरिकी सुरक्षा गारंटी की आवश्यकता होगी। यूक्रेन यही मांग रहा है, इसके लिए वह अमेरिका के साथ 'अपमानजनक' खनिज दोहन समझौता के लिए भी तैयार हो गया था। अमेरिका शांति सुरक्षा के नाम पर कोई गारंटी नहीं देना चाहता है। यह सर्वविदित है कि अमेरिका व अधिकांश यूरोपीय देशों ने रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की मदद की है, ये मददगार देश यूक्रेन के कंधे पर बंदूक रखकर रूस के अंत की तारीख लिखना चाह रहे थे। यूक्रेन भी बिना मदद युद्ध को इतने लंबे समय तक जारी नहीं रख सकता था। लेकिन तीन साल के बाद अमेरिका में सत्ता परिवर्तन हुआ और ट्रंप राष्ट्रपति बने, तब अमेरिकी प्रशासन की राय बनी कि यूक्रेन को युद्ध के लिए मदद करना पैसे की बर्बादी है, इसलिए इस मदद को रोका जाय। इसी के साथ यूक्रेन से उसको की गई करीब 350 अरब डॉलर की मदद के बदले दुर्लभ खनिज उत्खनन पर अधिकार हासिल किया जाए। अमेरिका के मुंह फेरने के बाद यूक्रेन के लिए विकट स्थिति बन गई है। यूरोप यूक्रेन के साथ हैं, लेकिन धन व अस्त्र-शस्त्र की आपूर्ति जारी रखने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे में अमेरिकी मदद के बिना यूक्रेन के लिए युद्ध जारी रखना संभव नहीं है। युद्ध समाप्ति की दिशा में प्रयास के तहत अमेरिका ने रूस से वार्ता की, इसको लेकर यूक्रेन नाराज हुआ कि बिना उसकी भागीदारी के वार्ता के नतीजे वो स्वीकार नहीं करेगा। यह स्वाभाविक भी है कि युद्ध के दोनों पक्षकार का वार्ता में होना जरूरी है। अमेरिका ने ऐसा नहीं किया। अमेरिका रूस को मना रहा है कि युद्ध खत्म करने के लिए वह तैयार हो, लेकिन यूरोप व यूक्रेन अमेरिका की इस पहल पर सहज नहीं हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति अमेरिका आए और मदद जारी रखने के बदले खनिज पर अधिकार को लेकर ट्रंप प्रशासन के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले थे। तभी ट्रंप व जेलेंस्की में तीखी बहस हुई, उन्हें ओवल ऑफिस छोड़ने के लिए कहा गया। इन सबमें ट्रंप का रवैया कूटनीतिज्ञ जैसा नहीं रहा, वे यूक्रेनी संप्रभुता व अपने आतिथ्य का सम्मान नहीं कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द से जल्द इस युद्ध को समाप्त कर अपना चुनावी वादा पूरा करना चाहते हैं। लेकिन जैसी जल्दबाजी और तरीका ट्रंप प्रशासन अपना रहा है, वह यूक्रेन को नहीं पच रहा है। यूरोप, अमेरिका, यूक्रेन व रूस के बीच फ्रंट व बैकडोर डिप्लोमेसी से बात करके ही युद्ध समाप्ति का फार्मूला निकल सकता है। यह यूक्रेन व रूस को तय करना है कि वह शांति चाहते हैं या युद्ध? यूक्रेन के लिए राह अधिक कठिन है।

# ट्रम्प के रवैये से 'भरोसे' को झटका



कूटनीति
राजेश जैन

> अगर ट्रम्प 'सुरक्षा शुल्क', खनिज या जमीन की मांग कर सकते हैं तो आगे यह भी मांग की जा सकती है कि हमारे गुलाम बन जाओ या चीन या रूस के रहम पर रहो। इससे पहले भी डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने कई बार अंतरराष्ट्रीय नियमों और कूटनीतिक परंपराओं की अनदेखी की है। चाहे वह जलवायु समझौते से बाहर होना हो, विश्व स्वास्थ्य संगठन की फंडिंग रोकना हो, या फिर ईरान के साथ परमाणु समझौते को तोड़ना, इन सभी फैसलों में शक्ति प्रदर्शन और आत्मकेंद्रित नीतियों की झलक साफ दिखाई दी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का रवैया बताता है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नैतिकता और मूल्यों की जगह सैन्य और आर्थिक शक्ति को प्राथमिकता दी जा रही है।

अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन या तो अपनी आधी खनिज संपदा उसे देने का सौदा करे या अपनी जमीन का करीब पांचवां भाग छोड़ दे, वहीं 'नाटो' का सदस्य बनने या किसी दूसरी तरह की सुरक्षा गारंटी हासिल करने की बात तो भूल ही जाए। फरवरी के अंतिम दिन अमेरिका दौरे के दौरान इससे इनकार पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को व्हाइट हाउस से निकाल दिया गया। ट्रम्प ने कहा कि जेलेंस्की बातचीत की हालत में नहीं है। जेलेंस्की ने फिर से ट्रम्प के साथ बातचीत करने की इच्छा जाहिर की, लेकिन उन्हें मौका नहीं दिया गया।

ट्रंप ने इससे पहले कनाडा को अमेरिका का 51वां सूबा बनाने की बात कही थी। ग्रीनलैंड को खरीदने और गाजा को फलस्तीनियों से खाली करवाने की बात भी वे कह चुके हैं। यूरोप को वे यह कहकर रोने पर मजबूर कर रहे हैं कि उन्हें बे-लगाम पुतिन का सामना अपने ही बूते करना पड़ेगा। अब सवाल यह नहीं है कि ट्रम्प इन धमकियों पर अमल करेंगे या नहीं। मुद्दे की बात यह है कि कोई भी संप्रभुता-संपन्न देश ऐसी धमकियों को महज लफ्फाजी मानकर खारिज नहीं कर सकता। यहां भरोसा तोड़ा गया है। अगर ट्रम्प 'सुरक्षा शुल्क', खनिज या जमीन की मांग कर सकते हैं तो आगे यह भी मांग की जा सकती है कि हमारे गुलाम बन जाओ या चीन या रूस के रहम पर रहो। हो सकता है ट्रम्प ग्रीनलैंड ले जाएं, शी जिनपिंग ताइवान ले उड़ें और पुतिन बाल्टिक्स का कुछ हिस्सा दबोच लें। इससे पहले भी डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने कई बार अंतरराष्ट्रीय नियमों और कूटनीतिक परंपराओं की अनदेखी की है। चाहे वह जलवायु समझौते से बाहर होना हो, विश्व स्वास्थ्य संगठन की फंडिंग रोकना हो, या फिर ईरान के साथ परमाणु समझौते को तोड़ना, इन सभी फैसलों में शक्ति प्रदर्शन और आत्मकेंद्रित नीतियों की झलक साफ दिखाई दी। ट्रम्प का रवैया बताता है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नैतिकता और मूल्यों की जगह सैन्य और आर्थिक शक्ति को प्राथमिकता दी जा रही है।

यह स्थिति उस कहावत को चरितार्थ करती है- 'जिसके पास लाठी, उसकी भैंस।' अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर नजर रखने वाले जानते हैं कि जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन थे, तब यूक्रेन को अमेरिका और यूरोपीय देशों की ओर से दी जा रही मदद लोकतंत्र को बचाने की जंग थी। उन्हें अहसास था कि अगर पुतिन की मनमानी को नहीं रोका तो वह विस्तारवादी नीतियों पर आगे बढ़ते रहेंगे। आपको बता दें कि पुतिन के बारे में माना जाता रहा है कि वे सोवियत संघ के दौर के साम्राज्यवाद को फिर से स्थापित करना चाहते हैं। पोलैंड, स्लोवाकिया, लातविया, एस्टोनिया और मोल्दोवा पुतिन के निशाने पर हैं। उन्होंने 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया छीना था। 2022 के बाद युद्ध में भी पुतिन यूक्रेन के कई क्षेत्रों पर कब्जा करने में कामयाब रहे हैं। यूक्रेन के सहयोगी यूरोपीय देश चाहते हैं कि युद्ध पुतिन की शर्तों पर खत्म नहीं करना चाहिए।

युद्ध खत्म करवाने की एवज में रूसी राष्ट्रपति से भी रियायतें हासिल करनी चाहिए। ट्रम्प से मिलने के बाद जेलेंस्की ने भी कहा कि यूक्रेन तब तक रूस के साथ पीस डील में शामिल नहीं होगा जब तक कि उसे सुरक्षा की पूरी गारंटी नहीं मिल जाती। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में जिस प्रकार 'अमेरिका



फर्स्ट' नीति के तहत मनमानी और शक्ति प्रदर्शन को प्राथमिकता दी गई, उसने वैश्विक संतुलन को गहराई से प्रभावित किया है। उनकी विदेश नीति, व्यापार समझौतों से लेकर सैन्य हस्तक्षेप तक, एक ही संदेश देती है- 'जिसके पास शक्ति है, वही नियम तय करेगा।' यह दृष्टिकोण न केवल अमेरिका की वैश्विक छवि को बदल रहा है, बल्कि अन्य महाशक्तियों को भी इसी राह पर चलने के लिए प्रेरित कर रहा है, जिससे दुनिया में अराजकता की आशंका बढ़ रही है।

हो सकता है चीन ताइवान को अपने में मिलाने के लिए जंग छेड़ दे। हाल ही में शी चिनफिंग ने कहा भी है कि ताइवान मसले को वह आने वाली पीढ़ियों की खातिर नहीं छोड़ना चाहते यानी वह अपने कार्यकाल में उसका विलय चीन में करना चाहते हैं। आपको बता दें कि 1994 में यूक्रेन ने रूस, यूरोप और अमेरिका से सुरक्षा की गारंटी मिलने के बाद परमाणु हथियारों के अपने भंडार को त्याग दिया था। आज यूक्रेन के हालत देखकर अब कौन ऐसे शांति प्रस्तावों पर भरोसा करने का साहस करेगा। ट्रम्प साफ़ कह रहे हैं कि किसी की भी सुरक्षा अमेरिका का सिरदर्द नहीं है। ऐसे में क्या होगा जब ट्रम्प जापान से कहेंगे कि मुझे ओकिनावा दे दो या ऑस्ट्रेलिया से कहें कि अमेरिका से सुरक्षा गारंटी की कीमत के रूप में अपने खनिज संसाधन का पांचवां हिस्सा हमें दे दो। ऐसी ही आशंकाओं को देखते हुए यूरोप के अलावा जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अमेरिका के सभी मित्र देश उससे मिल रही सुरक्षा गारंटियों की समीक्षा कर सकते हैं। ट्रम्प ने परमाणु अप्रसार के विचार की हत्या कर दी है। परमाणु हथियार फिर से युद्ध-प्रतिरोधक बन गए हैं। आज उत्तरी कोरिया के किम जोंग उन यूक्रेन और यूरोप की हालत पर हंस रहे होंगे और सोच रहे होंगे कि अगर उन्होंने अमेरिकी अतिक्रमण के जवाब में दक्षिण कोरिया या जापान पर परमाणु हमला करने की चेतावनी न दी होती तो क्या अमेरिका उन्हें सलामत रहने देता? ईरान इस सब पर नजर रखे हुए है। अगर पाकिस्तान उन्हें बना सकता है तो कोई भी बना सकता है।

मध्य-पूर्व में ईरान, सऊदी अरब और क्या पता दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, अजरबैजान और मिस्र भी आज के हालत में इनके बारे में सोच रहे हों। कभी परमाणु अप्रसार की पक्षधर अमेरिकी लॉबी भारत पर दबाव बना रही थी कि वह परमाणु हथियार न बनाए। अमेरिका से कई उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आए, यह समझाने के लिए कि हम व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर दस्तखत कर दें। दबाव का यह सिलसिला नेहरू से लेकर तब तक चला, जब तक कि इंदिरा गांधी ने 1974 में परमाणु परीक्षण और इसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने पोखरण-2 करके इसे खत्म नहीं कर दिया। हमारे देश में भी शांतिवादियों ने वैचारिक या नैतिक आधार पर परमाणु बम बनाने पर विरोध किया था। तब हमारे नेता अडिग रहे। शायद इसके पीछे उनकी यह दूरदर्शिता थी कि एक दिन ऐसा आएगा जब सुरक्षा की कोई गारंटी काम नहीं आएगी। यदि वैश्विक राजनीति में शक्ति और स्वार्थ को ही नीति बनाने की प्रवृत्ति बढ़ती रही, तो अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में अस्थिरता और अराजकता का खतरा और बढ़ेगा।

संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं पहले से ही कमजोर पड़ रही हैं और यदि बड़े देश अपनी मनमानी पर उतर आए, तो छोटे और विकासशील देशों के लिए संकट उत्पन्न हो जाएगा। इसके अलावा, यदि महाशक्तियां अपने आर्थिक और सैन्य बल के आधार पर नीतियां लागू करेंगी, तो वैश्विक शांति खतरे में पड़ सकती है और नए संघर्षों की संभावना बढ़ सकती है। इस चुनौतीपूर्ण समय में संतुलन और नैतिकता आधारित कूटनीति की जरूरत पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विश्लेषण
प्रमोद भार्गव




# परमाणु हथियार नहीं होने से यूक्रेन लाचार

खुद की शक्ति नहीं होने की लाचारी मनुष्य या किसी देश को कहां लाकर खड़ा कर देती है, इसका जीता-जागता उदाहरण यूक्रेन और उसके राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की हैं। यूक्रेन के जब वे राष्ट्रपति बने थे, तब वे हास्य कलाकार थे, उन्हें राजनीति का कोई अनुभव नहीं था। इसी का परिणाम रहा है कि वे आज दुनिया की दो महाशक्तियों अमेरिका और रूस के बीच असहाय बने हास्यास्पद स्थिति से दो-चार हो रहे हैं। यूक्रेन का स्वाभिमान टूट चुका है। उसे अमेरिका युद्ध समाप्त करने की धमकी के साथ दुर्लभ खनिज संपदा छीन लेने के लिए भी मजबूर कर रहा है। बावजूद उसे सुरक्षा की कोई गारंटी तो दी ही नहीं जा रही, बल्कि रूस और चीन की दया पर जीते रहने की परिस्थितियां निर्मित की जा रही हैं। यह स्थिति किसी भी संप्रभुता वाले देश के लिए परतंत्रता स्वीकार लेने जैसी है। इस स्थिति को यूक्रेन इसलिए विवश है, क्योंकि उसने सोवियत संघ के विघटन के बाद 1994 में परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद उन्हें नष्ट कर देने की बड़ी भूल की थी। आज वह परमाणु निरस्त्रीकरण के दुष्परिणाम झेलने को मजबूर है। जबकि भारत ने परमाणु परीक्षण से जुड़ी इस संधि पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। भारत की ओट लेकर पाकिस्तान ने भी यही रुख अपनाया था। अगस्त-1999 में भारत सरकार ने इस सिद्धांत का एक प्रस्ताव भी जारी किया था। इसमें कहा गया था कि 'परमाणु हथियार केवल निरोध के लिए हैं और भारत केवल प्रतिशोध की नीति अपनाएगा। 'अर्थात भारत कभी स्वयं आगे बढ़कर पहले परमाणु हमला नहीं करेगा। आईसीएएन संगठन अंतरराष्ट्रीय संधि के माध्यम से दुनिया को परमाणु हथियार मुक्त बनाने के प्रयासों में जुटा है। संगठन के प्रयासों पर सहमति जताते हुए 122 देशों ने परमाणु हथियारों को प्रतिबंधित करने की संधि भी कर ली है। संयुक्त राष्ट्र संघ की जब 1945 में स्थापना हुई थी, तब उसका मुख्य उद्देश्य विश्व फलक पर परमाणु निरस्त्रीकरण ही था, लेकिन इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि इस वैश्विक संस्था के अस्तित्व में आने के बाद से ही परमाणु हथियार रखने वाले देशों की संख्या तो बढ़ ही रही है, परमाणु और हाइड्रोजन बमों की संख्या भी बढ़ रही है। जो देश परमाणु संपन्न हैं, वे अब तक परमाणु व अप्रसार संधि (एनपीटी) पर दस्तखत करने को तैयार नहीं हुए हैं। इन देशों में अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, भारत, पाकिस्तान, इजराइल और उत्तर-कोरिया शामिल हैं। यदि ये देश इन हथियारों को चिंगारी दिखा दें तो पूरा ब्रह्माण्ड तहस-नहस हो जाएगा। आईसीएएन के प्रयास से 122 देशों ने संयुक्त राष्ट्र की परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए हैं। इस लिहाज से इस संस्था का परमाणु युद्ध संबंधी खतरा टालने में अहम भूमिका सामने आई है। हालांकि परमाणु संपन्न देशों द्वारा संधि पर दस्तखत नहीं करने के कारण यह संकट यथावत बना हुआ है। इसी परमाणु शक्ति को स्वाहा कर देने के कारण यूक्रेन ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन जैसे निष्ठुर पाटों के बीच पिस रहा है। ट्रंप यूक्रेन पर युद्ध समाप्ति से पहले बड़ा दुर्लभ खनिज संपदा का सौदा करने की तैयारी में है। यह सौदा अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दी गई अमेरिकी सैन्य मदद के बदले में किया जा रहा है। जबकि युद्ध थोपते वक्त ऐसी कोई शर्त यूक्रेन के समक्ष अमेरिका ने नहीं रखी थी। जेलेंस्की ने कहा भी है कि अमेरिका उन पर 500 अरब डॉलर के सौदे पर हस्ताक्षर करने का दबाव बना रहा है, लेकिन भविष्य में रूस से सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं दी जा रही है। यदि जेलेंस्की इस सौदे पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं तो भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार की आर्थिक मदद अमेरिका द्वारा नहीं दी जाएगी। हालांकि जेलेंस्की ने यह जरूर भरोसा दिया था कि यदि यूक्रेन में शांति स्थापना होती है तो वे नाटो देशों की सदस्यता मिलने पर राष्ट्रपति पद छोड़ देंगे। इधर इस सौदेबाजी के परिप्रेक्ष्य में पुतिन ने भी अमेरिकी कंपनियों को रूस के साथ व्यापारिक समझौतों के लिए आमंत्रित किया है। पुतिन ने कहा है कि यदि अमेरिकी कंपनियां चाहें तो रूस ने यूक्रेन की जिस भूमि पर कब्जा किया है, उस क्षेत्र में खनिज संपदा का दोहन कर सकती हैं। साथ ही रूस ने साइबेरिया क्षेत्र में भी खनिज संपदा के उत्खनन के लिए भी कहा है। इस क्षेत्र में अत्यंत दुर्लभ खनिजों की उपलब्धता है। एक तरह से रूस ने अमेरिका के साथ मिलकर खनिज व्यापार की जो लकीर खींच दी है, उससे यूक्रेन की स्थिति उस लाचारी की अवस्था में आ गई है, जहां वह अपना अभिमान, अखंडता और संप्रभुता की गरिमा बचाए रखने की स्थिति में नहीं रह गया है। यदि यूक्रेन ने परमाणु अप्रसार संधि पर दस्तखत नहीं किए होते तो वह इस लाचारी को प्राप्त नहीं हुआ होता।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?



संकलित
दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

# जीवन में सब ईश्वर की दया ही है



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक अमीर सेठ के यहां एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएं दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं। असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

## चांदी सी बर्फ



लाहौल और स्पीति जिले के केलोंग में रविवार को ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके पहाड़ों का दृश्य।

## आज की पाती

### करों का उचित प्रयोग करें सरकारें

हाल ही में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट ने यह फैसला सुनाया कि अगर सड़कों की हालत खस्ता है तो टोल टैक्स लेने का सरकारों का कोई औचित्य नहीं है। कोर्ट ने नेशनल हाइवे 44 पर स्थित दो टोल प्लाजों पर लगभग 80 प्रतिशत टोल टैक्स कम करने के आदेश भी दिए हैं। सरकारें हमसे किसी भी रूप में जो टैक्स वसूलती हैं, उसका सदुपयोग नहीं किया जाए तो यह सरकारों की सबसे बड़ी नासमझी है। हमारे देश में दिन-प्रतिदिन सड़क हादसों में जान गंवाने वालों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। देश में सड़क हादसों में एक दिन में जितने लोग जान गंवाते हैं, वो आतंकवाद के शिकार होने वाले पीड़ितों से ज्यादा हैं। सड़क हादसा कभी अपनी लापरवाही से हो जाता है, तो कभी दूसरों की लापरवाही से। बहरहाल, सभी सरकारों को यह तय करना चाहिए कि करों का उचित प्रयोग हो। – *मनीष मिश्रा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### माइक मासिमिनो से मुलाकात



प्रतिष्ठित अंतरिक्ष यात्री माइक मासिमिनो से मिलकर खुशी हुई। अंतरिक्ष के प्रति उनका जुनून और इसे युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाना भी सर्वविदित है। यह भी सराहनीय है कि वह सीखने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कैसे काम कर रहे हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जनता से किए वादे निभाएंगे



हमारे लिए सत्ता, जनता द्वारा सौंपा गया वह पुनीत अवसर है, जिसके माध्यम से हम लोक कल्याण और अन्त्योदय के लिए कार्य कर सकते हैं। हम उन सभी वादों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, जो दिल्ली की जनता से किए गए हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### नशे के ख़िलाफ़ महायुद्ध



पंजाब में नशे के ख़िलाफ़ हमारी सरकार ने महायुद्ध छेड़ दिया है। नशे ने हमारे युवाओं और बच्चों को बड़ी संख्या में बर्बाद कर दिया। नशा बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पंजाब से नशे को हमेशा के लिए खत्म किया जाएगा।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### नकारात्मक रिश्ते




तेज़ बहती नदी में भँवर की तरह, आप अक्सर नकारात्मक रिश्तों और भावनाओं में फँसे रहते हैं.. नदी बह रही है.. तुम्हें तय करना होगा कि तुम कौन हो.. भँवर या नदी?

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

### दक्षिण कोरिया पहुंच गया अमेरिकी विमानवाहक पोत



**सिओल।** अमेरिका का एक विमानवाहक पोत दक्षिण कोरिया के बुसान बंदरगाह पर पहुंचा। यह कदम उत्तर कोरिया के हालिया मिसाइल परीक्षण के जवाब में उठाया गया है। दक्षिण कोरिया अमेरिका का एक विमानवाहक पोत रविवार को दक्षिण कोरिया पहुंचा। उत्तर कोरिया के हालिया मिसाइल परीक्षण के कुछ दिनों बाद इसे शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। दक्षिण कोरियाई नौसेना ने एक बयान में कहा कि यूएसएस कार्ल विन्सन और उसके स्ट्राइक ग्रुप का दक्षिण कोरिया के बुसान बंदरगाह पर आने का मकसद उत्तर कोरिया के खतरों के सामने अमेरिका व दक्षिण कोरिया के सैन्य गठबंधन को दिखाना और उनकी संयुक्त संपत्तियों की अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना है। यह जून के बाद दक्षिण कोरिया आने वाला पहला अमेरिकी विमानवाहक पोत है। इसकी अस्थायी तैनाती से उत्तर कोरिया नाराज हो सकता है। उत्तर कोरिया अमेरिकी संपत्तियों की तैनाती को प्रमुख सुरक्षा खतरों के रूप में देखता है। उत्तर कोरिया ने विमानवाहक पोतों, लंबी दूरी के बमवर्षकों और पनडुब्बियों की तैनाती के जवाब में परीक्षण किए हैं।

## ऑफ बीट

### नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

वन्यजीवों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा की

# वनतारा पशु संरक्षण केंद्र को परखा, अंबानी परिवार रहा साथ

एजेंसी ▶▶ जामनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह गुजरात के जामनगर जिले में पशु बचाव, संरक्षण एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा का दौरा किया। 3 हजार एकड़ में फैला वनतारा रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी के परिसर में स्थित है। यह वन्यजीवों के कल्याण के लिए समर्पित बचाव केंद्र है तथा दुर्व्यवहार और शोषण से बचाए गए पशुओं को अभयारण्य, पुनर्वास व चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है। वनतारा की अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, उनकी पत्नी नीता, उनके बेटे अनंत और बहू राधिका भी थे। वनतारा 200 से अधिक बचाए गए हाथियों का घर है पीएम मोदी गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर शनिवार की शाम जामनगर पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद रविवार को उन्होंने रिलायंस फाउंडेशन के पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र वनतारा का दौरा किया। इस दौरान प्रधानमंत्री गिर जिले में सासन गिर नेशनल पार्क भी जाएंगे और जंगल सफारी का आनंद लेंगे।




3 हजार एकड़ में फैला वनतारा रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी के परिसर में स्थित है। यह वन्यजीवों के कल्याण के लिए समर्पित बचाव केंद्र है तथा दुर्व्यवहार और शोषण से बचाए गए पशुओं को अभयारण्य, पुनर्वास व चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है। इसका उद्देश्य वन्यप्राणियो का संरक्षण व सुरक्षा है।

**पीएम मोदी तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे जामनगर**

उनके साथ रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी, पत्नी नीता, बेटे अनंत और बहू राधिका भी थे।



**वनतारा की पहचान विश्व स्तरीय पशु चिकित्सा के रूप में मिली**

वनतारा पशुओं की आजीवन देखभाल, पुनर्वास और इलाज के लिए काम करता है। यह 3 हजार एकड़ में फैला है, जहां पर 240 से ज्यादा बचाए गए हाथी हैं। वनतारा की पहचान उसकी विश्व स्तरीय पशु चिकित्सा की वजह से बनी है। वनतारा में पशुओं के लिए विश्व स्तरीय हेल्थकेयर, अस्पताल, रिसर्च और एकेडमिक सेंटर हैं।

### शनिवार शाम जामनगर पहुंचे

प्रधानमंत्री मोदी गुजरात यात्रा के दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए शनिवार शाम यहां पहुंचे। जामनगर वायुसेना स्टेशन पर उनके पहुंचते ही उनकी एक झलक पाने के लिए लोग सड़कों पर उमड़ पड़े। पीएम मोदी गिर वन्यजीव अभयारण्य के मुख्यालय सासन में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। रविवार को सासन में रात्रि विश्राम के बाद पीएम मोदी सोमवार को जंगल सफारी का आनंद लेंगे।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा चुनाव में 46% वोटिंग, नतीजे 12 को

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 9 नगर निगम समेत 40 निकायों के लिए रविवार को वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के अनुसार 6 बजे तक 46 फीसदी वोटिंग हुई है। इसमें बदलाव संभव है। रोहतक में झड़प को छोड़कर लगभग सभी जगह मतदान शांतिपूर्वक हुआ है। सबसे अधिक फतेहाबाद में 84.6 और सबसे कम 26.4 फीसदी मतदान सोनीपत में हुआ।



### देश की खूंखार महिला डाकू कुसमा की मौत

लखनऊ। इटावा जेल में हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रही पचनदा के जंगलों की कुख्यात डकैत कुसुमा नाइन की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। उस पर हत्या सहित 24 मामले दर्ज थे। देश की दस्यु सुंदरियों में कुसमा खूंखार मानी जाती थी। सिरसाकलार थाना क्षेत्र के टिकरी निवासी डरू नाई की पुत्री का जन्म 1964 में हुआ था।



### नए सूटकेस में ठूंसकर डाली थी महिला की लाश

**रोहतक।** यहां के सांपला बाइपास पर कांग्रेस की युवा महिला कार्यकर्ता का सूटकेस में मिला शव कई बड़े सवाल उठा रहा है। इसमें युवती की हत्या के बाद शव को सांपला ले जाकर फेंकना अपने आप में बड़ा सवाल है। यह काम किसी एक व्यक्ति का न होकर इसमें कई लोगों के शामिल होने का अंदेशा है। शव के लिए नया सूटकेस खरीदना भी मामले को गंभीर बनाता है।



### झांसी में पेट्रोल पंप पर विस्फोट, 3 कर्मी झुलसे

**झांसी।** इलाइट-चित्रा मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप पर रविवार दोपहर अचानक धमाका हो गया। ब्लास्ट से 3 कर्मचारी झुलस गए। एक कर्मचारी की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के बाद पंप पर भगदड़ मच गई। घटना उस समय हुई, जब पेट्रोल पंप के सीएनजी पंप पर मशीन को लगाने का काम चल रहा था। गैस रिसाव होने के बाद यह धमाका हो गया।



### हम निकम्मे थे, हमने कुछ नहीं किया: राय

**नई दिल्ली।** आप के नेता गोपाल राय ने रविवार को दिल्ली सरकार की 15 साल से ज्यादा पुराने वाहनों को ईंधन न देने की नीति पर बयान दिया। उन्होंने आप सरकार के कार्यकाल में किए गए कामों को गिनाया। साथ ही उन्होंने भाजपा की नई नीति पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि हम स्वीकार कर सकते हैं कि हम हम निकम्मे थे। हमने कुछ नहीं किया।



**बसपा में घमासान:** सुप्रीमो मायावती ने बड़ा फैसला लेकर किया 'समाधान'

# आकाश आनंद को सभी पदों से हटाकर उनके भाइयों को बना दिया 'नेशनल कोआर्डिनेटर'

**आकाश के ससुर अशोक के निष्कासन के बाद यह बड़ी कार्रवाई**



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में कभी राज करने वाली बसपा में आज घमासान चल रहा है। रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ा फैसला सुनाया। उन्होंने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया। आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ के निष्कासन के बाद उनका यह दूसरा बड़ा फैसला है।

विशेष बात यह है कि आकाश के भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को बड़ी जिम्मेदारी दी। दोनों को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है। इस मौके पर मायावती ने कहा कि अब मेरे जिंदा रहने तक कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। पार्टी और मूवमेंट के हित में रिश्ते नातों का कोई महत्व नहीं है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि अब मैंने खुद भी यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। जिस फैसले का पार्टी के लोगों ने दिल से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए पार्टी व मूवमेंट पहले है। भाई-बहन व उनके बच्चे तथा अन्य रिश्ते नाते आदि सभी बाद में हैं।

**मेरे जिंदा रहने तक कोई नहीं होगा उत्तराधिकारी**

पार्टी और मूवमेंट के हित में रिश्ते नातों का कोई महत्व नहीं



**गैर-राजनैतिक परिवार के साथ ही करेंगे रिश्ता**

मायावती ने कहा कि आनंद कुमार के बारे में मैं यह भी अवगत कराना चाहती हूं कि वर्तमान में बदले हुए हालात में पार्टी और मूवमेंट के हित में अब इन्होंने अपने बच्चों का रिश्ता भी गैर-राजनैतिक परिवार के साथ ही जोड़ने का फैसला लिया है ताकि अशोक सिद्धार्थ की तरह अब आगे कभी भी अपनी पार्टी को किसी भी प्रकार से कोई नुकसान आदि न हो सके।

### सिद्धार्थ पर जमकर बरसीं

मायावती ने कहा कि अशोक सिद्धार्थ को, जो आकाश के ससुर भी हैं, उसे अब पार्टी व मूवमेंट के हित में पार्टी से निकाल कर बाहर किया है जिसने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में पार्टी को दो गुटों में बांटकर इसे कमजोर करने का घिनौना कार्य किया है, जो कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है। यह सब उनकी लड़के की शादी में भी देखने के लिए मिला है। जहां तक इस मामले में आकाश आनंद का सवाल है तो आपको यह मालूम है कि अशोक सिद्धार्थ की लड़की के साथ इनकी शादी हुई है। अब अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकालने के बाद उस लड़की पर अपने पिता का कितना प्रभाव पड़ता है तथा आकाश पर भी उसकी लड़की का कितना प्रभाव पड़ता है तो यह सब भी अब हमें काफी गंभीरता से देखना होगा जो अभी तक कतई भी पॉजिटिव नहीं लग रहा है।

### अशोक को जिम्मेदार ठहराया

ऐसे में पार्टी व मूवमेंट के हित में आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से अलग कर दिया गया है। जिसके लिए पार्टी नहीं बल्कि पूर्ण रूप से इसका ससुर अशोक सिद्धार्थ ही जिम्मेदार है, जिसने पार्टी को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ आकाश के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है।

### पार्टी कार्यक्रमों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए

इसी परिपेक्ष्य में उन्होंने पार्टी के लोगों को यह भी विश्वास दिलाया है कि जब तक मैं जिंदा रहूंगी तो तब तक मैं अपनी आखिरी सांस तक भी अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पार्टी को आगे बढ़ाने का हर संभव पूरा-पूरा प्रयास करती रहूंगी। उन्होंने समीक्षा के दौरान कमियों को दूर करके आगे के पार्टी कार्यक्रमों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

### सपा-भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू

बसपा सुप्रीमो ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव नहीं लड़ने के फैसले के बावजूद समाजवादी पार्टी की हार का उल्लेख करते हुए कहा कि अब इसके लिए सपा किसको जिम्मेदार ठहराएगी क्योंकि पिछले उपचनुाव में पार्टी की हार के लिए सपा ने बसपा को जिम्मेदार ठहराने का मिथ्या प्रचार किया था, जबकि कुल मिलाकर, सपा और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और भाजपा व अन्य जातिवादी पार्टियों को केवल आंबेडकरवादी नीति व सिद्धांत वाली बसपा ही पराजित कर सकती है, यह बात पूरे देश के सर्वसमाज के लोगों को जरूर समझना चाहिए।

**सरमा का राहुल और ममता पर निशाना**

# हिंदुओं को मुसलमान-ईसाई से नहीं, लेफ्ट लिबरल से खतरा



वे खुद खत्म हो जाएंगे पर हिंदू धर्म नहीं

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को मुसलमान और ईसाई से नहीं, बल्कि लेफ्ट लिबरल से खतरा है। हिमंत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोगों का भाषण जब मैं सुनता हूं तो वे समझते हैं कि जब से हमने संविधान को स्वीकार किया तब से भारत वर्ष की शुरुआत हुई, पर ऐसा बिलकुल भी नहीं है।

भारत एक सभ्यता है जो 5000 वर्ष पुरानी है। औरंगजेब जिसने प्रण किया था कि वह हिंदू धर्म को खत्म करेगा, हिंदू धर्म को खत्म नहीं कर पाया, लेकिन खुद खत्म हो गया। अगर राहुल और ममता सोचते हैं कि हिंदू खत्म हो जाएगा तो मैं तो कहूंगा आप खत्म हो जाएंगे हिंदू धर्म नहीं।

### 2014 के पहले तो हालात गंभीर थे

धीरे-धीरे लेफ्ट और लिबरल लोगों ने इस देश को घेर लिया था, फिर ऐसे ही लोगों को पद्मश्री मिली जो खासकर हिंदुओं के खिलाफ बोलती थी। 2014 तक ऐसा लगा कि देश अब उबर नहीं पाएगा। इतने स्कैम हुए हिंदुओं को कठघरे में खड़ा किया गया और कहा गया कि हिंदू मत बोलो सेकुलर बोलो और देश के प्रधानमंत्री ने यहां तक बोला कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार माइनॉरिटी का होगा, लेकिन यदा-यदा ही धर्मस्य और हमारे पास मोदी आए। मैं नहीं मानता कि मुसलमान और ईसाई से हिंदुओं को खतरा है। मैं ऐसा कभी नहीं मानता। दरअसल, ये दोनों भारत में अल्पसंख्यक हैं। हिंदुओं को खतरा खुद हमारे समाज से है।

### हिंदुओं को कमजोर किया जा रहा

मैं मानता हूं कि हमें सबसे ज्यादा खतरा है लेफ्ट और लिबरल लोगों से है। ये जो बंगाल की आज हालत है। हिंदुओं को यहां कमजोर किया गया। ममता को तो यह विरासत में मिला, लेकिन इसके लिए जिम्मेदार तो लेफ्ट और लिबरल है और आज इस विरासत का ट्रीटमेंट उनको मिल रहा है, मेरी उनसे संवेदना है। आपने हिंदुओं को गोमांस खाना सिखाया, लेकिन आप भूल गए कि हमारे पूर्वज अगर गाय का दूध नहीं पीया होता तो आज हमारा जन्म नहीं होता। मैं हमेशा मानता हूं कि जब तक भारत ने हिंदू सुरक्षित रहेगा, तब तक अन्य धर्म भी सुरक्षित रहेंगे।

**तेलंगाना में सुरंग में फंसे लोगों को निकालने की जद्दोजहद**

आज कन्वेयर बेल्ट की हो जाएगी मरम्मत

# गाद हटाने के प्रयास तेज, यहां कर्मियों और उपकरणों की तैनाती भी बढ़ाई गई

**कीचड़ और मलबा हटाने में हो रही दिक्कत**

एजेंसी ▶▶ नगरकुरनूल

तेलंगाना में सुरंग में फंसे लोगों को निकालने के प्रयास जारी हैं। अब गाद हटाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। कर्मियों और उपकरणों की तैनाती बढ़ा दी है। क्षतिग्रस्त कन्वेयर बेल्ट को भी ठीक किया जा रहा है और सोमवार तक मरम्मत होने की उम्मीद है। इसके बाद ही सुरंग से कीचड़ और मलबा हटाना आसान हो जाएगा, जिससे लापता लोगों को ढूंढने में भी आसानी होगी।



### सुरंग में फंसे 4 लोगों के बारे में पता चला

शनिवार को बचाव अभियान में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली, जब सुरंग के अंदर फंसे 8 में से 4 लोगों का पता चला। राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार का उपयोग किया और 4 लोगों की स्थिति के बारे में पता लगाया।सोमवार को अहम खबर मिल सकती है।

**बचाव अभियान में बड़े पैमाने पर जुटे कर्मचारी :** बचाव अभियान में 18 संगठन, 54 अधिकारी और 703 कर्मी लगे हुए हैं। 22 फरवरी से श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल सुरंग की छत ढह जाने से उसमें 8लोग फंस गए थे। इन्हीं 8 लोगों को सुरक्षित निकालने का अभियान चल रहा है।

# भारत का आर्थिक भविष्य विदेशी संस्थागत निवेशक नहीं, घरेलू निवेशक 'तय' करेंगे

**उद्योग छोटे निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें, बाजार में अनावश्यक उतार-चढ़ाव को कम करें**

**केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने कहा**

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया समिट में शामिल हुए गोयल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत का आर्थिक भविष्य विदेशी संस्थागत निवेशकों के बजाय घरेलू निवेशकों के योगदान से तय होगा। उन्होंने इंडस्ट्री से कहा, वे छोटे निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और बाजार में उतार-चढ़ाव को कम करने पर ध्यान दें। मुंबई में एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया समिट में गोयल ने यह बात कही।

### घरेलू निवेशकों की अहम भूमिका



गोयल ने जोर दिया कि म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा दिया है और देशभर में निवेशकों तक नए वित्तीय विचारों को पहुंचाया है। उन्होंने करोना जैसे कामों पर घरेलू निवेशकों की भूमिका की सराहना की।

### बाजार की वास्तविकताओं के बारे में सही जानकारी दें

गोयल ने म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री से आग्रह किया कि वे छोटे और नए निवेशकों को बाजार की वास्तविकताओं के बारे में सही जानकारी दें। अनिश्चितता और गलत सूचनाएं कई बार निवेशकों को भ्रमित कर सकती हैं, इसलिए म्यूचुअल फंड कंपनियों को जिम्मेदारीपूर्वक निवेशकों का मार्गदर्शन करना चाहिए। निजी कंपनियों के निवेश से देश को मजबूती मिल रही है।

**गृहमंत्री शाह ने नशे के खिलाफ अभियान और तेज किया**

# 29 नशा तस्करों को मिली सजा, किसी को नहीं छोड़ेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को घोषणा की कि सरकार देश से नशे के कारोबार को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि 12 अलग-अलग मामलों में 29 नशा तस्करों को सजा दी गई है। यह कार्रवाई सरकार की सख्त जांच प्रक्रिया और प्रभावी रणनीति का नतीजा है। शाह ने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार नशा तस्करों के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतेगी। उन्होंने कहा कि ये तस्कर हमारे युवाओं को नशे की लत में डालकर सिर्फ पैसे कमाने के लिए उनका जीवन बर्बाद करते हैं।

**मोदी सरकार नशा तस्करों के खिलाफ कोई भी नरमी नहीं बरतेगी**

दिल्ली में सीएम के साथ भी की बैठक



### केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर करेंगी काम

सरकार और राज्य प्रशासन मिलकर नशे के कारोबार पर लगातार शिकंजा कस रहे हैं। मणिपुर पर समीक्षा बैठक में गृह मंत्री ने कहा कि राज्य में ड्रग कार्टेल (नशा माफिया) को पूरी तरह खत्म किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मणिपुर को नशामुक्त राज्य बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री आशीष सूद के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की।

**पंजाब और हिमाचल में छापेमारी**

पंजाब में पुलिस ने 290 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। 750 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी की और 232 एफआईआर दर्ज की। हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने 6 महीने का विशेष अभियान शुरू किया है, जिसमें पुलिस को नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्लान तैयार, लॉरेंस और गोल्डी तक सभी निशाने पर

जेल में भी बंद अपराधियों पर नकेल कसी जाएगी। अपराधियों की संपत्ति कुर्क भी की जा सकती है। कई ऐसे गैंगस्टर हैं, जो रिमोट से भारत में क्राइम को अंजाम देते हैं। गैंगस्टर की भी पहचान की जा रही है। गैंगस्टर्स में गोल्डी बराड़, गैंगस्टर साहिल हिमांशु भाऊ, गैंगस्टर हिमाशु भाऊ, लकी पटियाला, लॉरेंस बिश्नोई, कौशल चौधरी, जग्गू भगवानपुरिया, जग्गा धुरकोट पर शिकंजा कसने की तैयारी है।



**मीरा बीघा टैंपल सिटी में बोले लालू**

# निशांत राजनीति में आएंगे सरकार तेजस्वी की बनेगी

एजेंसी ▶▶ जहानाबाद

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव रविवार को अपने करीबी सहयोगी रहे दिवंगत डॉ. चंद्रिका प्रसाद यादव की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने जहानाबाद जिले के मीरा बीघा टेंपल सिटी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने तेजस्वी यादव के नेतृत्व में 2025 में बिहार में सरकार बनने का दावा किया और कहा कि जनता का पूरा समर्थन राजद के साथ है। जब उनसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के राजनीति में आने को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने संक्षिप्त जवाब में कहा कि हां, आ रहे हैं। जब सी-वोटर सर्वे को लेकर लालू से सवाल किया गया, तो उन्होंने आत्मविश्वास के साथ कहा कि 2025 में बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जनता मौजूदा सरकार से पूरी तरह ऊब चुकी है और बदलाव चाहती है। बिहार की जनता अब एक नई सरकार चाहती है।



# थिंक टैंक जीटीआरआई ने कहा-भारत के टैरिफ डब्ल्यूटीओ के अनुरूप, सरकार को ये बात अमेरिका को बतानी चाहिए

**तब विकसित राष्ट्र विकासशील देशों को उच्च टैरिफ देने पर सहमत हुए थे**

*ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव का कहना है कि भारत द्वारा जो टैरिफ लगाए जाते हैं, वे डब्ल्यूटीओ के ही अनुरूप हैं। इन्हें साल 1995 में अमेरिका सहित सभी देशों ने मंजूर किया था।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने रविवार को कहा कि भारत के आयात शुल्क वैश्विक व्यापार नियमों के अनुरूप हैं और सरकार को अमेरिकी प्रशासन को यह बताना चाहिए। इसने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत करना कई चुनौतियों को प्रस्तुत करता है। जीटीआरआई ने ये भी कहा है कि अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत करना भारत के लिए कई चुनौतियां ला सकता है।

**साल 1995 में जब डब्ल्यूटीओ की स्थापना हुई थी**




### ट्रंप लगा चुके हैं ज्यादा टैरिफ का आरोप



*थिंक टैंक ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते में अमेरिका भारत पर, अमेरिकी फर्मों के लिए सरकारी खरीद खोलने, कृषि सब्सिडी कम करने, पेटेंट सुरक्षा को कमजोर करने और डाटा प्रवाह पर प्रतिबंध हटाने के लिए दबाव डाल सकता है। भारत दशकों से इन मांगों का विरोध करता रहा है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई बार भारत पर उच्च टैरिफ वसूलने का आरोप लगाया है और वे भारत को टैरिफ का दुरुपयोग करने वाला देश भी कह चुके हैं। बता दें कि टैरिफ एक आयात शुल्क है, जो सरकार द्वारा विदेशी सामान पर लगाया जाता है।*

### डब्लूटीओ नियमों को अनदेखा कर रहे हैं ट्रंप

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के संस्थापक अजय श्रीवास्तव का कहना है कि भारत द्वारा जो टैरिफ लगाए जाते हैं, वे डब्ल्यूटीओ के ही अनुरूप हैं। इन्हें साल 1995 में अमेरिका सहित सभी देशों ने मंजूर किया था। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ को लेकर जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उन्हें लेकर भारत को अमेरिका के सामने अपना पक्ष स्पष्ट करने की जरूरत है। 166 सदस्यों वाला डब्लूटीओ फोरम एकमात्र अंतरराष्ट्रीय निकाय है जो सदस्यों देशों के बीच व्यापार के नियम तय करता है। साल 1995 में जब डब्ल्यूटीओ की स्थापना हुई थी, तब विकसित राष्ट्र, विकासशील देशों को उच्च टैरिफ देने पर सहमत हुए थे। उन्होंने कहा कि भारत के उच्च टैरिफ के बारे में बात करते समय ट्रंप, डब्ल्यूटीओ के नियमों को आसानी से भूल जाते हैं। जीटीआरआई ने कहा कि अमेरिका द्वारा उच्च शुल्क लगाने की धमकी से निपटने के लिए भारत के पास सबसे अच्छे विकल्प हैं कि अमेरिका को अधिकांश औद्योगिक वस्तुओं पर शून्य टैरिफ की पेशकश करना या फिर बिना किसी प्रतिशोध के नए अमेरिकी टैरिफ को स्वीकार करना।

## खबर संक्षेप

### आज अमेरिका के लिए रवाना होंगे पीयूष गोयल



**नयी दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की वॉशिंगटन यात्रा सोमवार से शुरू होगी। एक अधिकारी ने कहा कि भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की योजना बना रहे हैं, और गोयल की यात्रा इसी सिलसिले में होगी। अधिकारी ने कहा कि यह यात्रा तीन मार्च से शुरू होगी और मंत्री शुक्रवार तक अमेरिका में रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की वाशिंगटन यात्रा के दौरान, भारत और अमेरिका ने 2030 तक आपसी व्यापार को दोगुना से अधिक कर 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने की बात कही थी।

### 5वीं बार फोर्ब्स की लिस्ट में कमाऊ एक्टर बने जॉनसन



**न्यूयॉर्क।** फोर्ब्स ने हाल ही में दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले मशहूर हस्तियों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में 'द रॉक' ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। रेसलर से अभिनेता बने ड्वेन जॉनसन अक्सर अलग-अलग वजहों से सुर्खियों में रहते हैं। अब यह उपलब्धि हासिल करके वह एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। यह पहली बार नहीं है कि ड्वेन जॉनसन इस सूची में शामिल हो रहे हैं। अभिनेता पांचवीं बार इस सूची में शामिल हो रहे हैं। अभिनेता ने पहली बार 2016 में 64.5 मिलियन डॉलर की कमाई के साथ इस सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया था।

**यूरोपीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन की बैठक हुई आयोजित**

# दुनिया के 16 देश एक सुर में बोले- यूक्रेन युद्ध विराम समझौते पर मिलकर करेंगे काम

*ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन एक युद्धविराम योजना पर काम करने के लिए सहमत*

*लोन का इस्तेमाल यूक्रेन के जरूरी हथियार खरीदे जाएंगे*

एजेंसी ▶▶ लंदन

व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच हुई तीखी नोंक झोंक के बाद पूरी दुनिया में हलचल मच गई। इस मामले को लेकर यूरोपिय देश एकजुट हुए और शिखर सम्मेलन में इस मुद्दे पर चर्चा की गई। मौजूद सभी देशों ने मिलकर एक सुर में कहा कि शांति स्थापित होना बहुत जरूरी है। इसके लिए हम सब मिलकर प्रयास करेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप से चर्चा करके कोई बेहतर रास्ता निकालेंगे। बता दें कि बहस के बाद जेलेंस्की सीधे लंदन गए थे जहां उनका जमकर स्वागत हुआ और आर्थिक मदद का भी भरोसा दिलाया गया। उन्होंने लंदन में यूरोपीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन में भी हिस्सा लिया।

इस सम्मेलन में नाटो के अधिकतर देश शामिल हुए, जिसमें कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भी थे। इस दौरान यूक्रेन युद्ध विराम समझौते पर काम करने पर सहमति भी बनी। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 'ओवल ऑफिस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में हुई तीखी बहस के एक दिन बाद यह योजना सामने आई है। ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन एक युद्धविराम योजना पर काम करने के लिए सहमत हो गए हैं, जिसे अमेरिका के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर ने यह जानकारी दी। स्टॉर्मर ने युद्ध समाप्त करने पर चर्चा के लिए यूरोपीय नेताओं के साथ रविवार को आयोजित शिखर सम्मेलन से पहले यह बात कही। स्टॉर्मर ने कहा कि यह योजना चार देशों के नेताओं के बीच बातचीत के बाद सामने आई है।



### जेलेंस्की ने भी दिया धन्यवाद

स्टार्मर ने युद्धग्रस्त देश के नेता से कहा, और जैसा कि आपने बाहर सड़क पर नारों के जरिए सुना, आपको पूरे ब्रिटेन में समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा, हम आपके साथ, यूक्रेन के साथ खड़े हैं, भले ही इसमें (युद्ध में) कितना भी समय लगे। जेलेंस्की ने उन्हें और ब्रिटेन के लोगों को उनके समर्थन एवं दोस्ती के लिए धन्यवाद दिया।

### ब्रिटेन-फ्रांस बनाएंगे युद्धविराम योजना

*स्टॉर्मर ने कहा कि उनका ध्यान शांति वार्ता बहाल करने के लिए सेतु बनने पर है। उन्होंने इसे बयानबाजी तेज करने के बजाय ट्रंप, जेलेंस्की और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ फिर से जुड़ने के अवसर के रूप में इस्तेमाल किया। स्टॉर्मर ने कहा, अब हम इस बात पर सहमत हो गए हैं कि ब्रिटेन, फ्रांस और संभवतः एक या दो अन्य देशों के साथ मिलकर यूक्रेन के साथ लड़ाई रोकने की योजना पर काम करेगा।*

### यूक्रेन को 24 हजार करोड़ का लोन दिया

ब्रिटेन ने यूक्रेन को 24 हजार करोड़ का लोन दिया। इसके लिए शनिवार को ब्रिटिश पीएम स्टार्मर और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने समझौते पर साइन किए। रिपोर्ट के मुताबिक इस लोन को जी-7 देशों की एक्स्ट्रा-ऑर्डिनरी रेवन्यू एक्सीलरेशन पहल के तहत दिया। इस लोन का इस्तेमाल यूक्रेन के जरूरी हथियार खरीदने में किया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर में जी-7 देशों ने यूक्रेन को 50 बिलियन डॉलर यानी 4.3 लाख करोड़ रुपए की मदद देने का वादा किया था।

### ब्रिटिश पीएम बोले- पुतिन पर भरोसा नहीं

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर भरोसा नहीं है, लेकिन ट्रंप पर भरोसा है। उन्होंने कहा, क्या मुझे डोनाल्ड ट्रंप की बात पर यकीन करना चाहिए जब वे कहते हैं कि वे स्थायी शांति चाहते हैं? इसका जवाब है हां। स्टॉर्मर ने कहा कि अमेरिका से सुरक्षा गारंटी प्राप्त करने के लिए गहन चर्चा चल रही है। सम्मेलन में फ्रांस, जर्मनी, डेनमार्क, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, पोलैंड, स्पेन, कनाडा, फिनलैंड, स्वीडन, चेक गणराज्य और रोमानिया के नेता भी शामिल हो रहे हैं। तुर्किये के विदेश मंत्री, नाटो महासचिव तथा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष शामिल हुए।

**दूसरे चरण की बातचीत बाकी**

# इजराइल ने गाजा में राहत सामग्री की आपूर्ति व मदद पर रोक लगाई

**रमजान में यह निर्णय पर हो रही निंदा**



एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल ने रविवार को गाजा पट्टी में सभी तरह की राहत सामग्री की आपूर्ति और मानवीय सहायता पर रोक लगाने के साथ चेतावनी दी कि यदि हमास ने संघर्ष विराम के विस्तार के लिए अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया तो उसे अतिरिक्त परिणाम भुगतने होंगे।

हमास ने इजराइल पर नाजुक संघर्ष विराम समझौते को पटरी से उतारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सहायता बंद करने का उसका फैसला जबरन वसूली का घटिया हथकंडा, युद्ध अपराध और (संघर्ष विराम) समझौते पर हमला है।

इजराइल-हमास के बीच संघर्ष विराम का पहला चरण शनिवार को समाप्त हो गया। इसमें मानवीय सहायता में वृद्धि शामिल थी। दोनों पक्षों के बीच अभी दूसरे चरण पर बातचीत होनी बाकी है।

**20 अप्रैल 25 तक संघर्ष विराम को आगे बढ़ाने के पक्ष में**

### सहायता रोकने के पीछे ट्रंप की सलाह

*जिसमें इजराइल के अपनी सेना वापस बुलाने और स्थायी युद्ध विराम के बदले में हमास दर्जनों शेष बंधकों को रिहा करेगा। एक इजराइली अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि सहायता निलंबित करने का निर्णय ट्रंप प्रशासन के समन्वय से लिया गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कार्यालय ने रविवार सुबह कहा कि इजराइल 'पासओवर' या 20 अप्रैल तक संघर्ष विराम को आगे बढ़ाने के पक्ष में है। इसने कहा कि यह प्रस्ताव अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के पश्चिम एशिया के दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से आया है। नेतन्याहू के कार्यालय के मुताबिक, प्रस्ताव के तहत आधे बंधकों को, चाहे वे जीवित हों या मृत, पहले दिन छोड़ा जाएगा और अगर स्थायी युद्ध विराम पर सहमति बन जाती है तो बाकी को रिहा कर दिया जाएगा।*

### मिस्र ने इजराइल के फैसले की निंदा की

*मिस्र ने गाजा पट्टी पर पूर्ण घेराबंदी करने के इजराइल के फैसले की निंदा की है और उस पर भुखमरी को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने रविवार को इजराइल-हमास युद्धविराम के अगले चरण के तत्काल कार्यान्वयन का आह्वान किया। मिस्र ने हमास-इजराइल के बीच युद्धविराम के लिए प्रमुख मध्यस्थ के रूप में काम किया है।*


**जूते चप्पल वापस लेने के लिए 5 किमी की दूरी**

# अयोध्या में भक्तों के लावारिस हुए जूते-चप्पल बने बड़ी समस्या

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में भक्तों की उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए व्यवस्थागत बदलाव के चलते राम मंदिर के प्रवेश द्वार के पास करीब एक महीने से रोजाना बड़ी संख्या में लावारिस जूते-चप्पल एकत्र हो रहे हैं। नगर निगम पहले ही वहां से बड़ी संख्या में जूते-चप्पल हटा चुका है।

ये जूते-चप्पल तीर्थयात्रियों के हैं, जिन्होंने इन्हें राम पथ पर स्थित मुख्य प्रवेश द्वार गेट संख्या एक पर उतार दिया था। शुरुआत में, लगभग आधा किलोमीटर का गोलाकार मार्ग पूरा करने के बाद, तीर्थयात्री उसी



द्वार (गेट संख्या एक) से बाहर निकलते थे और अपने जूते-चप्पल लेते थे।

हालांकि, बढ़ती भीड़ के कारण, अयोध्या प्रशासन ने गेट संख्या तीन और अतिरिक्त द्वारों के माध्यम से निकास को पुनर्निर्देशित किया।

### मादक पदार्थः नेपाल पुलिस ने दो भारतीयों को पकड़ा

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में दो भारतीयों समेत तीन लोगों को रविवार को नेपालगंज से गिरफ्तार किया। नेपाल पुलिस ने बताया कि भारत के कोलकाता निवासी जियाउल हक शेष (38) और किशोर (18), नेपालगंज निवासी नफीस मोहम्मद कबाडिया को गिरफ्तार कर उनके पास से ट्रामाडोल नामक मादक पदार्थ की 5,000 गोलियां बरामद की। इसमें बताया गया कि जायसपुर पुलिस थाने से भेजी गई पुलिस की एक टीम ने भारत से नेपाल की ओर जा रही एक भारतीय नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल की जांच के दौरान तीनों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**नासा ने किया ऐलान**

# मार्च के आखिरी सप्ताह में सुनीता की होगी वापसी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बैरी विल्मोर को लेकर अच्छी खबर सामने आई है। सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर अंतरिक्ष से जल्द ही पृथ्वी पर वापसी होने वाली है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि करते हुए कहा कि सुनीता विलियम्स और विल्मोर मार्च 2025 के आखिरी में पृथ्वी पर वापस आएंगे। नासा के दोनों अंतरिक्ष यात्री आठ महीने से ज्यादा समय से अन्तरराष्ट्रीय अन्तरिक्ष स्टेशन पर फंसे हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुनीता और बैरी विल्मोर की वापसी पहले जल्दी होने वाली थी, लेकिन मिशन के पुनर्निर्धारण और तकनीकी समस्याओं की वजह से इनमें देरी हुई है। क्रू-10 मिशन के आने से उनकी वापसी जुड़ी है।

**महाकुंभ में 54 हजार से अधिक श्रद्धालु हुए गुम**

# हाईटेक खोया-पाया केंद्र और शिविरों ने बिछड़ों को मिलाया



एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इस दौरान कुल 54,357 लोग अपने परिवारों से बिछड़ गए।

योगी सरकार द्वारा स्थापित डिजिटल खोया-पाया केंद्रों ने 35 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाया। मकर संक्रांति पर्व पर 598, मौनी अमावस्या के दौरान 8,725 और बसंत पंचमी पर 864 लोगों को उनके परिवारों से मिलाया गया। अन्य स्नान पर्वों और सामान्य दिनों में 24,896 लोगों का पुनर्मिलन कराया गया। पुलिस ने भी देश के विभिन्न राज्यों और नेपाल से आए श्रद्धालुओं को उनके परिवारों से मिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाकुंभ में खोए हुए लोगों की मदद के लिए योगी सरकार की यह डिजिटल पहल बेहद कारगर साबित हुई। इस तरह कुंभ के दौरान कुल 35,083 लोगों को उनके परिजनों से मिलाया गया।

### महाकुंभ के आखिरी दिन 19,274 को मिलाया

इनमें सबसे पुराना भारत सेवा केंद्र एवं हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति भी शामिल हैं। भारत सेवा केंद्र के भूले भटकों के शिविर के संचालक उमेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, महाकुंभ के समापन तक शिविर ने 19,274 बिछड़े महिला और पुरुष को अपनों से मिलाया।

**लैंडर अब लगातार मानव मिशन के लिए डेटा जुटाकर देता रहेगा फीडबैक**

# ब्लू घोस्ट लैंडर चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरा, मानव मिशन की तैयारी


एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरिक्ष की दुनिया में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ गई। अमेरिका की निजी कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस का 'ब्लू घोस्ट लैंडर रविवार को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतर गया।

मिशन का उद्देश्य भविष्य के मानव मिशनों की तैयारी के लिए चंद्रमा पर आवास, संसाधन और जलवायु अध्ययन के लिए डाटा जुटाना है। यह नासा के लिए 10.1 करोड़ डॉलर यानी लगभग 884 करोड़ रुपए की लागत से खास उपकरण लेकर गया है।

**खास बातें**

- चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाली बनी दूसरी निजी कंपनी
- चांद पर उतरने के बाद ब्लू घोस्ट ने ली पहली तस्वीर



**चंद्रमा की सतह से ली तस्वीर धरती पर भेजी**

*चंद्रमा पर लैंड करने के बाद ब्लू घोस्ट ने चांद की सतह से ली गई अपनी पहली तस्वीर भेजी है, जो जबर्दस्त है। फायरफ्लाई एयरोस्पेस द्वारा पहली सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया कि स्नैपशॉट में ब्लू घोस्ट की सभी खूबियाँ समाहित हैं। साहसिक महत्वाकांक्षा, अजेय प्रेरणा और नवाचार की भावना।*

### 15 जनवरी को लॉन्च हुआ था मिशन

इस मिशन को फ्लोरिडा से जनवरी के बीच में लॉन्च किया गया था। ये लैंडर नासा के लिए चंद्रमा पर 10 प्रयोग करेगाण। स्पेस एजेंसी नासा ने लैंडर की डिलीवरी के लिए 101 मिलियन डॉलर और बोर्ड पर मौजूद विज्ञान और तकनीक के लिए 44 मिलियन डॉलर का भुगतान किया है। ये नासा के वाणिज्यिक चंद्र डिलीवरी कार्यक्रम के तहत तीसरा मिशन है। इसके साथ एक जापानी कंपनी आई स्पेस पेंचबमद्ध का तीसरा लैंडर भी भेजा गया है जो मई के महीने में चंद्रमा की सतह पर लैंड करेगा।

### यान में लगी ड्रिल नापेगी तापमान

चांद पर भेजे गए इस मिशन में एक खास वैक्यूम उपकरण लगाया गया था जो वहां की मिट्टी को विश्लेषण के लिए सुरक्षित रखता है इसके इस यान में एक ड्रिल भी लगाई गई थी जो चांद की सतह के 10 फीट करीब 3 मीटर नीचे तक पहुंचकर वहां का तापमान रिकॉर्ड कर सकती है। जिसका काम चंद्रमा की सतह पर मौजूद खुरदरी और नुकसानदायक धूल को हटाना था। यह वही धूल है जिसने नासा के ऐतिहासिक अपोलो मिशन के दौरान वहां गए अंतरिक्ष यात्रियों की स्पेस सूट और उपकरणों को पूरी तरह से ढक दिया था।

**स्थिर बनी हुई है हालत**

# ब्रोंकोस्पज्म बीमारी से पीड़ित हैं धर्मगुरु.... पोप फ्रांसिस

एजेंसी ▶▶ पेरिस

कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस की हालत स्थिर बनी हुई है, उन्हें पिछले दिनों डबल निमोनिया अटैक के कारण वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि पहले की तुलना में उनकी हालत में थोड़ा सुधार जरूर है, पर अब भी उन्हें खतरे से बाहर नहीं माना जा रहा है। शुक्रवार को कुछ स्वास्थ्य जटिलताएं देखी गई थीं हालांकि अब उसमें काफी सुधार है। बिना वेंटिलेटर मास्क के भी अब वह सांस ले पा रहे हैं।

### चिकित्सकों की देखरेख में पोप, रख रहे नजर



*फिलहाल वह लगातार चिकित्सकों की देखरेख में हैं। वेटिकन ने एक रिपोर्ट में बताया कि पोप फ्रांसिस 'ब्रोंकोस्पज्म' नामक श्वसन समस्या से पीड़ित हैं, जिसके कारण पिछले कुछ समय से उन्हें सांस लेने में गंभीर जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा था। ब्रोंकोस्पज्म तब होता है जब आपकी ब्रोंकाई (फेफड़ों का वायुमार्ग) को लाइन करने वाली मांसपेशियों में कसावट आ जाती है।*

# विदर्भ तीसरी बार बना रणजी ट्रॉफी चैंपियन, खिताबी मुकाबला रहा ड्रॉ

पहली पारी में बढ़त के आधार पर विदर्भ ने जीता खिताब

दानिश मालेवार 226 रन बनाकर बने प्लेयर ऑफ द मैच




एजेंसी ⏭ नागपुर

विदर्भ ने रविवार को अपने घरेलू मैदान पर खेले गए फाइनल के पांचवें और अंतिम दिन केरल को पहली पारी की बढ़त के आधार पर हराकर तीसरा रणजी ट्रॉफी खिताब जीत लिया। विदर्भ ने पहली पारी में 379 रन बनाए थे। केरल ने इसके जवाब में 342 रन बनाए। विदर्भ को पहली पारी के आधार पर 37 रन की बढ़त मिली। विदर्भ ने मैच के पांचवे दिन तक दूसरी पारी में 9 विकेट के नुकसान पर 375 रन बनाए और केरल को खेलने के लिए बुलाए बिना ही मैच ड्रॉ करने का ऐलान किया गया। विदर्भ ने तीसरी बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता है। इससे पहले 2017-18 और 2018-19 सत्र में लगातार दो खिताब जीते थे।

### विदर्भ सर्वश्रेष्ठ टीम

अक्षय वाडकर की कप्तानी और मुख्य कोच उस्मान गनी की अगुआई वाली टीम ने पूरे रणजी ट्रॉफी सत्र में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विदर्भ लीग चरण में सभी चार ग्रुप में सर्वश्रेष्ठ टीम रही, जिसने सात मैच में से छह जीत के साथ 40 अंक हासिल किए।

### दानिश प्लेयर ऑफ द मैच

विदर्भ ने रविवार सुबह 249/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 126 रन जोड़े और 5 विकेट गंवा दिए। दानिश मालेवार को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने विदर्भ के लिए पहली पारी में 153 और दूसरी में 73 रन बनाए। टीम के लिए दूसरी पारी में करुण नायर ने 135 रन बनाए। दर्शन नालकांडे ने नाबाद 51 रन की पारी खेली।

### 10 मैच में से 9 मैच जीते

विदर्भ ने इस सत्र में रणजी ट्रॉफी में खेले गए 10 मैच में से नौ में जीत हासिल की जो भारत की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में टीम के प्रभुत्व को दर्शाता है।

### जीत के हीरो

**हर्ष दुबे : 69 विकेट, 476 रन**



22 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे ने रणजी ट्रॉफी के एक सत्र में 69 खिलाड़ियों को आउट करके सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया जो बिहार के आशुतोष अमन के 68 विकेट के पिछले रिकॉर्ड से बेहतर रहा। दुबे ने 10 मैच में पांच अर्द्धशतकों के साथ 476 रन भी बनाए।

**यश राठौड़ : 5 शतक, 960 रन**



बाएं हाथ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने 10 मैचों में पांच शतकों और तीन अर्द्धशतकों की मदद से 53.33 के औसत से 960 रन बनाकर बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया।

**करुण नायर : 5 शतक, 863 रन**




नायर ने सिर्फ विजय हजारे ट्रॉफी में पांच शतकों के साथ ही टीम का नेतृत्व नहीं किया बल्कि रणजी ट्रॉफी में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी रहे, उन्होंने नौ मैच में 53.93 के औसत से चार शतकों और दो अर्द्धशतकों की मदद से 863 रन बनाए।

**दानिश मालेवार : 783 रन**



21 वर्षीय दानिश मालेवार दो शतकों और छह अर्द्धशतकों की मदद से 52.20 के औसत से 783 रन बनाकर पांचवें स्थान पर रहे, उन्होंने फाइनल में 153 और 73 रन बनाए।

**अक्षय वाडकर 722 रन**



कप्तान अक्षय वाडकर भी पीछे नहीं रहे, वह 10 मैच में 45.12 के औसत से दो शतक और इतने ही अर्धशतकों के साथ 722 रन बनाकर सातवें स्थान पर रहे।

## खबर संक्षेप



### रित्विक चिली ओपन युगल चैंपियन

**नई दिल्ली।** भारत के रित्विक चौधरी बोल्लिपल्ली ने कोलंबिया के निकोलस बारियेंतोस के साथ मिलकर शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के आंद्रेस मोल्तेनी और मैक्सिमो गोंजालेस को सीधे सेटों में हराकर सैंटियागो में चिली ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीता। रित्विक और निकोलस की गैर वरीय जोड़ी ने गोंजालेस और मोल्तेनी को एक घंटा चले फाइनल मुकाबले में 6-3, 6-2 से हराया। उन्होंने मैच में 11 ऐस लगाए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी एक ही लगा सके।

### दिल्ली एफसी ने 10 मैच के बाद चखा जीत का स्वाद

**माहिलपुर।** दिल्ली एफसी ने रविवार को यहां आई-लीग में डेम्पो



स्पोर्ट्स क्लब को 2-1 से हराकर 10 मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज की। मैच के सभी गोल पहले हाफ में हुए। दिल्ली की टीम के लिए समीर बिनॉन्ग (चौथे मिनट) और विक्टर कामहुका (20वें मिनट) ने गोल किए जबकि मार्कस जोसेफ (35वें मिनट) ने डेम्पो के लिए गोल किया। इस जीत के बावजूद दिल्ली तालिका में सबसे नीचे (17 मैचों में 13 अंक) है। दिल्ली एफसी ने बीते साल 19 दिसंबर को शिलांग लाजोंग एफसी के खिलाफ अपना पिछला मैच जीता था। इसके बाद टीम ने 10 मैच खेले और सिर्फ दो ड्रॉ करने में सफल रहा।

### कोचिन क्वींस ओवरआल नौकायन लीग चैंपियन




**हैदराबाद।** कोचिन क्वींस ने पहली अस्मिता नौकायन लीग में ओवरआल चैंपियन का खिताब जीत लिया है। केरल की टीम ने छह स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। मेजबान हैदराबाद क्वींस चार स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रही। अंडर 19 और अंडर 23 वर्ग में 20 स्पर्धाओं में आठ टीमें खिताब की दौड़ में थी। कोचिन क्वींस ने अंडर 23 वर्ग में पांच में से चार स्पर्धाएं जीती। वहीं हैदराबाद क्वींस ने अंडर 19 खिताब और पांच में से तीन स्पर्धाएं जीतीं। यह देश की पहली नौकायन लीग थी जिसमें टीमों के नाम शहरों के नाम पर थे।

चैंपियंस ट्रॉफी : चक्रवर्ती पांच विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज

# भारत जीत से शीर्ष पर, सेमीफाइनल में कल ऑस्ट्रेलिया से मिलेगी चुनौती

एजेंसी ⏭ दुबई




वरुण चक्रवर्ती की फिरकी के जादू से भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में न्यूजीलैंड को रविवार को यहां 44 रन से हराकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी थी लेकिन भारत की इस जीत से सेमीफाइनल का कार्यक्रम तय हो गया। भारत के सामने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया जबकि न्यूजीलैंड के सामने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी।

■ न्यूजीलैंड 44 रन से हारा, हेनरी और विलियमसन की पारी बेकार

भारत ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर श्रेयस अय्यर (79) की अर्धशतकीय पारी की मदद से नौ विकेट पर 249 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड को 45.3 ओवर में 205 रन पर आउट कर दिया।न्यूजीलैंड के लिए केन विलियमसन ने 120 गेंद में 81 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली लेकिन दूसरे छोर से उन्हें तेजी से रन बनाने वाले बल्लेबाज का साथ नहीं मिला। चक्रवर्ती की फिरकी का न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। वह चैंपियंस ट्रॉफी में रविंद्र जडेजा (2013) और मोहम्मद शमी (2025) के बाद पांच विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज है। कुलदीप यादव को दो सफलता मिली जबकि हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट चटकाए।

### अय्यर का संयमित अर्धशतक

भारत ने शुरुआती सात ओवर में 30 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन अय्यर ने 98 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के की मदद से 79 रन की संयमित पारी खेलने के अलावा अक्षर पटेल (42) के साथ चौथे विकेट के लिए 136 गेंद में 98 रन की साझेदारी कर टीम को खराब शुरुआत से उबारा। उन्होंने लोकेश राहुल (23) के साथ भी 42 गेंद में 44 रन की साझेदारी की। अक्षर ने 61 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। आखिरी ओवरों में हार्दिक पंड्या ने 45 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 45 रन बनाकर टीम को 250 रन के करीब पहुंचाया।

### कोहली 300 मैच खेलने वाले 7वें भारतीय




विराट कोहली ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले में उतरते ही एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। यह कोहली के वनडे करियर का 300वां मुकाबला है। कोहली से पहले भारत के छह खिलाड़ियों ने 300 या इससे ज्यादा वनडे मैच खेले हैं। इनमें शीर्ष पर क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का नाम दर्ज हैं। उन्होंने 463 मैचों में 18426 रन बनाए हैं। दूसरे पायदान पर महेंद्र सिंह धोनी हैं जिन्होंने 347 वनडे में भारत का प्रतिनिधित्व किया। राहुल द्रविड़ (340) तीसरे, मोहम्मद अजहरुद्दीन (334) चौथे, सौरव गांगुली (308) पांचवें और युवराज सिंह (301) छठे पायदान पर मौजूद हैं।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का यंग बो जैमीसन | 15 | 17 | 1 | 1 |
| शुभमन गिल पगबाधा हेनरी | 02 | 07 | 0 | 0 |
| कोहली का फिलिप्स बो हेनरी | 11 | 14 | 2 | 0 |
| अय्यर का यंग बो ओ'राउरकी | 79 | 98 | 4 | 2 |
| अक्षर का विलियमसन बो रविंद्र | 42 | 61 | 3 | 1 |
| राहुल का लाथम बो सेंटनर | 23 | 29 | 1 | 0 |
| पंड्या का रविंद्र बो हेनरी | 45 | 45 | 4 | 2 |
| जडेजा का विलियमसन बो हेनरी | 16 | 20 | 1 | 0 |
| शमी का फिलिप्स बो हेनरी | 05 | 08 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल: 50 ओवर में 249/9
गेंदबाजी : हेनरी 8-0-42-5, जैमीसन 8-0-31-1 , ओ'राउरकी 9-0-47-1, सेंटनर 10-1-41-1, ब्रेसवेल 9-0-56-0, रविंद्र 6-0-31-1.

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विल यंग बो चक्रवर्ती | 22 | 35 | 3 | 0 |
| रविंद्र का अक्षर बो पंड्या | 06 | 12 | 0 | 0 |
| विलियमसन स्टं. राहुल बो अक्षर | 81 | 120 | 7 | 0 |
| मिचेल पगबाधा कुलदीप | 17 | 35 | 1 | 0 |
| टॉम लाथम पगबाधा जडेजा | 14 | 20 | 0 | 0 |
| फिलिप्स पगबाधा चक्रवर्ती | 12 | 08 | 0 | 1 |
| माइकल ब्रेसवेल पगबाधा चक्रवर्ती | 02 | 03 | 0 | 0 |
| मिचेल सेंटनर बो चक्रवर्ती | 28 | 31 | 1 | 2 |
| हेनरी का कोहली बो चक्रवर्ती | 02 | 04 | 0 | 0 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 09 | 04 | 0 | 1 |
| ओ' राउरकी बो कुलदीप | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 45.3 ओवर में 205/10
गेंदबाजी : शमी 4-0-15-0, पंड्या 4-0-22-1, अक्षर 10-0-32-1, चक्रवर्ती 10-0-42-5, कुलदीप 9.3-0-56-2, जडेजा 8-0-36-1.

### सेमीफाइनल की 4 टीमें एक ही शहर में मौजूद



**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी प्रतिद्वंद्वी की अनिश्चितता के कारण ग्रुप बी की शीर्ष दो टीमें ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दुबई में मौजूद है। किसी वैश्विक टूर्नामेंट में ऐसा कम ही होता है कि अंतिम चार में पहुंचने वाली टीमों के लिए भविष्य की योजना पूरी तरह से साफ ना हो। ग्रुप ए से अंतिम चार में प्रवेश करने वाले भारत और न्यूजीलैंड को अगर इसमें शामिल कर लें तो वर्तमान में दुबई में सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी चारों टीमें है। ऑस्ट्रेलिया अंतिम चार में जगह पक्की करने के बाद शुक्रवार देर रात कराची से दुबई के लिए उड़ान भरी। दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर अपने अंकों की संख्या पांच कर ली और ग्रुप बी में शीर्ष पर रहते हुए दुबई जाने वाली फ्लाइट में सवार हो गया।

## युकी ने दुबई में जीता पहला एटीपी 500 युगल खिताब



एजेंसी ⏭ दुबई

भारत के युकी भांबरी ने पहला एटीपी 500 पुरुष युगल खिताब जीत लिया जब उन्होंने आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार एलेक्सेइ पोपिरिन के साथ दुनिया की 14वें नंबर की जोड़ी फिनलैंड के हारी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पाटेन को दुबई टेनिस चैंपियनशिप में हराया। पहला सेट हारने के बाद दोनों ने शानदार वापसी करते हुए शनिवार को 51 मिनट तक चला मुकाबला 3-6, 7-6, 10-8 से जीता। इस जीत के साथ भांबरी सोमवार को एटीपी रैंकिंग में कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ 40वीं रैंकिंग हासिल कर लेंगे।

भांबरी और पोपिरिन ने खिताबी सफर में दुनिया की नंबर एक जोड़ी अल सल्वाडोर के मार्शेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पेविच को 4-6, 7-6, 10-3 से मात दी।

### सुधार के लिए अफगान से सीख ले वेस्टइंडीज: रिचर्ड्स

**मुंबई।** चैंपियंस ट्रॉफी में वेस्टइंडीज की अनुपस्थिति से 'निराश' और 'आहत पूर्व महान खिलाड़ी सर विवियन रिचर्ड्स चाहते हैं कि कैरेबियाई टीम खुद को विश्व क्रिकेट में एक ताकत के रूप में फिर से स्थापित करने के लिए अफगानिस्तान से सीख ले। वेस्टइंडीज और श्रीलंका दो ऐसी टीमें है जो विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत चुकी है लेकिन पाकिस्तान और दुबई में खेले जा रहे आठ-टीमों की प्रतियोगिता में के मौजूदा सत्र के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहीं।



'इंटरनेशनल मास्टर्स लीग' के संचालन समिति के सदस्य रिचर्ड्स ने रविवार को मीडिया से कहा, 'मैं बस उम्मीद कर रहा हूं कि मेरी वेस्टइंडीज टीम इन लोगों की किताब से सीख ले सकती है, क्योंकि अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने खेल में जुनून और ऊर्जा भर दी है। वे क्रिकेट की दुनिया में इतने लंबे समय से नहीं हैं जितना शायद कुछ अन्य टीमें है लेकिन उनमें संघर्ष करने का जज्बा कमाल का है। जब आप चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान को देखते हैं और वेस्टइंडीज को नहीं, तो इसका मतलब है कि अफगानिस्तान कुछ सही कर रहा है।'



### ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने स्पिन गेंदों का किया अभ्यास


**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया ने रविवार दोपहर आईसीसी अकादमी में तीन घंटे का गहन अभ्यास सत्र आयोजित किया जिसमें उनका पूरा ध्यान स्पिन के खिलाफ अभ्यास पर लगा था। स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों ने जहां हल्का अभ्यास किया, वहीं युवा खिलाड़ियों ने पूरी ताकत लगाई।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने आईसीसी अकादमी के सात नेट गेंदबाजों को चुना जिसमें सभी स्पिनर थे। इनमें बाएं हाथ के धीमी गति के गेंदबाज हर्षित सेठ के अलावा दो बाएं हाथ के चाइनामैन गेंदबाज, इतने ही ऑफ स्पिनर और एक लेग स्पिनर शामिल था।

2036 खेलों को लेकर कई अन्य देश भी दौड़ में शामिल

# ओलंपिक मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष पद के दावेदार सेबेस्टियन को का मानना है कि 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत' है लेकिन कई अन्य देशों के इस दौड़ में शामिल होने से प्रतिस्पर्धा कठिन होगी।

भारत ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है जो वैश्विक खेल की शीर्ष संस्था के साथ महीनों की अनौपचारिक बातचीत के बाद एक महत्वाकांक्षी योजना में पहला ठोस कदम है। को ने साक्षात्कार में कहा, 'मेरी पृष्ठभूमि को देखते हुए मेरे यह कहने से आपको हैरानी नहीं होगी कि मैं बहुत खुश हूं कि भारत वैश्विक खेल और विशेष रूप से ओलंपिक आंदोलन के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे यह सुनकर बहुत खुशी हुई। पर यह बहुत प्रतिस्पर्धी होगा। क्योंकि इसमें सिर्फ एक ही बोलीदाता नहीं होगा, लेकिन भारत इसे बहुत मजबूत दावा बना सकता है।' पोलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कतर, हंगरी, तुर्कीए, मैक्सिको और मिस्र उन अन्य देशों में शामिल हैं जिन्होंने 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा व्यक्त की है। 2036 खेलों के मेजबान देश का 2026 से पहले पता नहीं चलेगा। लेकिन यह निश्चित है कि नए आईओसी प्रमुख के 20 मार्च के चुनाव के विजेता की अध्यक्षता के दौरान मेजबान का चयन किया जाएगा। आईओसी अध्यक्ष के रूप में चुनाव लड़ने वाले सात उम्मीदवारों में उन्हें सबसे आगे माना जा रहा है। 68 वर्षीय को दो बार ओलंपिक 1500 मीटर के स्वर्ण पदक विजेता हैं।

### खत्म नहीं करें महत्वाकांक्षा

भारत को सलाह देते हुए कहा कि अगर उसे 2036 ओलंपिक की मेजबानी का अधिकार नहीं मिलता है तो उसे ओलंपिक आयोजित करने की अपनी महत्वाकांक्षा को खत्म नहीं करना चाहिए। को ने कहा, 'बहुत से शहरों ने बोली लगाई और लेकिन उनकी बोली स्वीकार नहीं हुई। दिलचस्प बात यह है कि जब लंदन ने 2005 में (2012 चरण के लिए) बोली हासिल की थी, तो उसने पेरिस को हराया था। हम सभी अभी पेरिस ओलंपिक खेलों (2024) में गए थे। रियो उन शहरों में से एक था जो 2012 की बोली के लिए शुरुआती मूल्यांकन से आगे नहीं बढ़ पाया था। और ब्रिटेन के तुरंत बाद उनके पास 2016 में बोली थी। इसलिए यह किसी भी तरह से कहानी का अंत नहीं है। और बोली लगाने से मिली विरासत भी एक बहुत मजबूत विरासत है।'

## प्राग मास्टर्स : प्रज्ञानानंदा संयुक्त रूप से शीर्ष पर

एजेंसी ⏭ प्राग



ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए जर्मनी के विंसेंट केमेर को हराया और अब प्राग मास्टर्स शतरंज के चौथे दौर के बाद वह तीन अंक लेकर अरविंद चिदंबरम के साथ शीर्ष पर हैं। अरविंद ने अमेरिका के सैम शांकलैंड के साथ ड्रॉ खेला जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के वेइ यि ने स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को हराया।

नीदरलैंड के अनीश गिरि ने लगातार चौथा ड्रॉ खेला। उनकी बाजी तुर्किए के गुरेल एडिज के साथ बराबरी पर रही। चेक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर एंगुयेन थाइ देइ वान ने वियतनाम के कुआंग लेइम ली से ड्रॉ खेला। शांकलैंड, केमेर, गिरि और ली संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा का सामना अगले दौर में अरविंद से होगा जिसमें वह सफेद मोहरों से खेलेंगे। चैलेंजर वर्ग में दिव्या देशमुख ने चीन की मा कुन से ड्रॉ खेला और अब चार मुकाबलों के बाद उनके डेढ़ अंक हैं।

# लोक कलाओं की समृद्धि के लिए तत्पर संस्कार भारती

## लोक कला अध्येता एवं विशेषज्ञों से चर्चा के बाद बोले राष्ट्रीय संगठन महामंत्री गोखले

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

अंग्रेजी का फोक शब्द वास्तव में अंग्रेजी का नहीं बल्कि जर्मन से आया है। फोक शब्द भारत में लोक शब्द को सम्पूर्ण ढंग से परिभाषित नहीं करता है। हम जब लोक की बात करते हैं तो उसमें व्यक्ति से लेकर परमेष्ठि तक सारी बातों का उल्लेख मिलता है जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार दर्शन में भी है। सारी बातें उसमें समाहित होती है, जो फोक अपने शब्दों में परिभाषित करने में असमर्थ है। यह बात संस्कार भारती के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अभिजीत गोखले ने रविवार को पत्रकारों से चर्चा में कही।



### मनोरंजन के साथ समाज जागरण करना कला का उद्देश्य


उन्होंने कहा कि भारत में लोक से जुड़ा हुआ शब्द पुरातन काल से चला आ रहा है। कला के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था संस्कार भारती लोक बियोंड फोक सूत्र को आत्मसात कर यहां के लोक कलाओं के साथ विचार कर रही है।

### इन लोक कला पर करेंगे कार्य

गोखले ने कहा कि मध्यप्रदेश में संस्कार भारती आने वाले समय में प्रदेश के लोक गीत, आल्हा गीत, निर्गुण गायन शैली, कलगी तुरी, फाग गायन, संजा गीत, बुंदेली, बघेली गीत, लोक नृत्य सहित अन्य लोक कलाओं पर कार्य करेंगे।

### भारत में विविधता और व्यापक पहुंच है

गोखले ने कहा कि भारत में सभी लोक कलाओं की एक समृद्ध परंपरा है। इसी आधार पर यहां की लोक कलाओं की रचना हो। इस मंथन में 13 अलग-अलग राज्यों के लोक कलाओं से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



# भोपाल परिक्षेत्र में विरासत संवर्धन चित्रांकन कार्यशाला आरंभ

हरिभूमि न्यूज :भोपाल

भोपाल और उसके आसपास के क्षेत्रों में प्राचीन मानव सभ्यता, इतिहास, संस्कृति, जीवन शैली और उनसे संबंधित चित्रांकन के महत्वपूर्ण अवशेष मिलते हैं। विरासत की विकास यात्रा को चित्रकारों की दृष्टि से रेखांकित करने के उद्देश्य से भोपाल परिक्षेत्र में विरासत संवर्धन चित्रांकन कार्यशाला आरंभ की गई है।

### मानव सभ्यता की उपस्थिति प्रागैतिहासिक काल से रही

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि भोपाल, रायसेन, विदिशा, नर्मदापुरम व सीहोर आदि क्षेत्रों में प्राचीन मानव सभ्यता, इतिहास, संस्कृति, जीवन शैली और उनसे संबंधित चित्रांकन के महत्वपूर्ण अवशेष मिलते हैं। इनका इतिहास केवल रियासतकालीन नहीं है वरन इस संपूर्ण परिक्षेत्र में मानव सभ्यता की उपस्थिति प्रागैतिहासिक काल से रही है और इसके प्रमाण हमें असंख्य प्रागैतिहासिक कालीन शैल चित्रों से प्राप्त होते हैं।

### रवीन्द्र भवन में गीत गुंजन में सुरों की बारिश...

# हम तुम्हें चाहते हैं ऐसे...से शुरू हुआ सफर, तू क्या जाने वफ़ा पर थमा...

## गायकों में कोई चिकित्सा विशेषज्ञ था, तो कोई प्रशासनिक सेवा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

गीत गुंजन.......गुंजन फाउंडेशन द्वारा रवीन्द्र भवन में रविवार को सुरों से सजी इस शाम में कुर्बानी के सदाबहार गाने...हम तुम्हें चाहते हैं ऐसे से जो सुरीला आगाज युवा गायक उज्जवल कटारे की मनोहारी आवाज से हुआ तो यह सफर लगभग तीन घंटे के बाद, मधु तिवारी द्वारा पेश किए फिल्म हाथ की सफाई का गीत, तू क्या जाने वफ़ा....पर जाकर ठहरा। भोपाल के प्रसिद्ध संगीतकार गायक और संगीत गुरु कैलाश यादव के शिष्यों के लिए आयोजित इस सालाना जलसे में जो गायक गायिकाएं शुमार थे, उनकी खासियत यह भी थी कि इनमें कोई चिकित्सा विशेषज्ञ था, तो कोई प्रशासनिक सेवा का वरिष्ठ अधिकारी, कोई शहर का जाना माना व्यवसाई था तो कोई इंजीनियर और वकील। जिनके गानों पर लोग खूब थिरके और जी भरकर तारीफ भी की।



### संगीत गुरु कैलाश ने गाया, प्यार करते हैं हम तुम्हें इतना....

गीत गुंजन में डॉ. अरविंद नामदेव का गाया गीत **यार बिना चैन कहां रे** खास था तो डॉक्टर संध्या गर्दे ने **तुमको पिया दिल दिया** गीत सुनकर सबका मन जीत लिया। मयंक सत्संगी ने **चूड़ी नहीं ये मेरा दिल है**..गीत गाया तो आयोजक कैलाश यादव और अस्मत रावत ने एक डुएट प्यार करते हैं हम तुम्हें इतना....गाकर सभागार में उपस्थित संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया।

**एक और दोगाना...तुझ संग प्रीत लगाई सजना**...अजय अग्रवाल संगीता अग्रवाल की पेशकश थी तो स्मिता निगम ने नागिन का सुपर हिट गाना ...तेरे संग प्यार मैं नहीं छोड़ना गाकर महफिल ही लूट ली। मंच पर दीवानों की तरह आए भोपाल के प्रसिद्ध गेस्ट्रो चिकित्सक डॉक्टर संजय कुमार का तो अंदाज हर बार की तरह निराला ही था....इस बार उनकी पेशकश थी, दीवाने हैं दीवानों को न घर चाहिए......सच में उन पर संगीत से प्यार करने वालों की मोहब्बत की नजरें बिछ गईं। इसके अलावा रीटा देराश्री का गाया गीत आधा है चंद्रमा रात आधी, और अश्विन उपमन्यु का गाना, जो तुमको हो पसंद वही बात करेंगे, भी श्रोताओं को खूब पसंद आया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड डीजीपी संजय चौधरी, विशेष अतिथि बाघराय मांझी, ऋषि श्रृंगारी, कोमल साईं कृति और आचार्य राजेश थे। संगीतकारों में मुकेश कटारे, विक्रम, संजीव झा, आनंद भट्टाचार्य, और मूलचंद थे। उद्घोषक बद्र वास्ती और साउंड संयोजन मनोज खरे का था।











# पापा चाहते थे कि शबद गायन करें, उन्होंने ही कीर्तन सिखाया

## *असीस कौरः सुरीली आवाज़ की मलिका से हरिभूमि की खास बातचीत*

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल



हरिभूमि चर्चा

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर असीस कौर अपनी सुरीली आवाज़ और दिल छू लेने वाले गानों के लिए जानी जाती हैं। 'बोलना' 'राता लंबिया' 'वी माही' और 'दिलरूबा' जैसे सुपरहिट गानों ने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई है। भक्ति संगीत से शुरुआत करने वाली असीस कौर ने अपनी मेहनत और समर्पण से बॉलीवुड में अपनी खास जगह बनाई। हाल ही में भोपाल आई असीस से हरिभूमि ने खास बातचीत की, जिसमें उन्होंने अपने सफर, संघर्ष और संगीत की दुनिया से जुड़े कई अनसुने किस्से साझा किए।

### गुरबानी से हुआ संगीत से पहला परिचय

**प्रश्नः** आपने बहुत छोटी उम्र से गुरबानी गाना शुरू कर दिया था। आपका संगीत से परिचय कैसे हुआ?

**उत्तरः** मेरा संगीत से पहला परिचय गुरबानी के जरिए हुआ। मेरे पापा चाहते थे कि हम शबद गायन करें। हरिद्वार से जुड़े होने के कारण उन्होंने मुझे कीर्तन सिखाया और वहीं से मेरी शुरुआत हुई।

**प्रश्नः**सफलता की राह आसान नहीं होती। बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने के लिए आपको कितना संघर्ष करना पड़ा?

**उत्तरः** मैं इसे संघर्ष नहीं मानती। जब आपको अपने काम से प्यार होता है, तो मेहनत भी आनंद देती है। मेरा सपना था बॉलीवुड में प्लेबैक सिंगर बनने का, और उस सपने को पूरा करने के लिए मैंने खूब मेहनत की, जिसे मैंने हर पल एन्जॉय किया।

**प्रश्नः** हजारों लोग बॉलीवुड में आने का सपना देखते हैं। आपको पहला मौका कैसे मिला?

**उत्तरः** जब मैं मुंबई आई, तो मैंने अलग-अलग म्यूजिक डायरेक्टर्स से मिलना शुरू किया। मेरा पहला गाना 'बोलना' (कपूर एंड संस) अरिजीत सिंह के साथ था। वह मेरे फेवरेट सिंगर हैं और उनके साथ डेब्यू करना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा था।

**प्रश्नः** आपने कई कलाकारों के साथ गाने गाए हैं। आपका फेवरेट को-आर्टिस्ट कौन है?

**उत्तरः** मेरे कई फेवरेट आर्टिस्ट हैं, लेकिन सबसे ज्यादा मज़ा मुझे अपने हसबैंड गोल्डी सोहेल के साथ गाने में आता है।

### हिंदी लेखिका संघ का सम्मान समारोह



# लेखिका लेखन के माध्यम से करती है समाज का प्रतिनिधित्वः भूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

हिन्दी लेखिका संघ का 30वां वार्षिक कृति पुरस्कार व सम्मान समारोह रविवार को हिन्दी भवन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री महिला एवं बाल विकास निर्मला भूरिया ने की। कार्यक्रम में 40 सम्मान व पुरस्कार दिए गए। हिन्दी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त बालिका बबीता लोधी को रामवती खरे स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में लेखिका संघ की वार्षिक पत्रिका सर्जना का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामदरश मिश्र ने किया जो वरिष्ठ व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई के कृतित्व व्यक्तित्व पर केंद्रित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा, आज हमारे पास साहित्य की प्रत्येक विधा पर लिखने वाली बहनें हैं। सर्जना का प्रकाशन विशेष कार्य है, जो कीर्तिशेष रचनाकारों को समर्पित रहती है। लेखिका लेखन के माध्यम से समाज का प्रतिनिधित्व करती है।

मुख्य अतिथि संतोष चौबे ने कहा, आज लेखन की संभावनाओं को लेखिकाओं ने प्रबल किया है। जीवनचर्या के बहुत सारे कार्य करने के साथ-साथ लेखन करना विशिष्ट कार्य है।

संस्था का प्रतिवेदन सचिव डॉ. वर्षा चौबे ने प्रस्तुत किया। सरस्वती वंदना कुसुम श्रीवास्तव, मृदुल, महिमा वर्मा ने प्रस्तुत की, लेखिका संघ गान-महिमा वर्मा श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शशि बंसल ने एवं आभार उपाध्यक्ष साधना गंगराड़े ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष, सचिव व वरिष्ठ गीतकार डॉ. रामवल्लभ आचार्य, महेश सक्सेना, चरणजीत सिंह कुकरेजा, पुरुषोत्तम तिवारी, अनिता सिंह चौहान, राधारानी चौहान कुलतार कौर कक्कर, मधु सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### इन्हें किया गया सम्मानित

कुसुम कुमारी जैन वरिष्ठता सम्मान - सुनीता यादव
डॉ. फिरोजा मुजफ्फर सेवा सम्मान-सुधा दुबे
डॉ. सुशीला कपूर हिंदी सेवी सम्मान -अनीता सक्सेना
शोभा शर्मा कर्मठता सम्मान- मधुलिका श्रीवास्तव
मृत पर्व सम्मान-सुनीता मिश्रा, कांति शुक्ला, डॉ. लीला धुलधोये।

### कृति पुरस्कारों में दिए गए ये पुरस्कार

प्रभा बरतरिया सारस्वत सम्मान, द्वारा प्रभा बरतरिया (समग्र साहित्य)-अंजना छलोत्रे श्यामलाल सोनी पुरस्कार द्वारा डॉ. सुशीला कपूर-गीता कौशिक(उपन्यास) अर्पिता उमा देवी पटेरिया पुरस्कार द्वारा डॉ. राजश्री रावत-(कविता) अनीता तिवारी-हिलोर अंजना मगरे पुरस्कार द्वारा सुनीता गजबे, मनोरमा-चिराग दिल का जलाओ प्रेम नारायण विजयवर्गीय पुरस्कार द्वारा कल्पना विजयवर्गीय (लघु कथा) सुनीता द्वारका प्रसाद सक्सेना स्मृति पुरस्कार द्वारा मधु सक्सेना-डॉ. मीना श्रीवास्तव राधा रमण सक्सेना स्मृति पुरस्कार द्वारा मधु सक्सेना-रजनी गुप्त (लखनऊ) आदि।

# पहचान स्टूडियो का भव्य काव्य सम्मेलन और संगीत समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

पहचान स्टूडियो ने भोपाल के प्रतिष्ठित अभिनय मंच थिएटर में एक शानदार काव्य सम्मेलन एवं संगीत समारोह का आयोजन किया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य युवा कवियों, गीतकारों और संगीतकारों को एक मंच प्रदान करना था, जहां उन्होंने अपनी रचनात्मकता और संगीत प्रतिभा से श्रोताओं का दिल जीत लिया।



### फिल्मों का निर्माण और पुस्तक प्रकाशन भी

कार्यक्रम के दौरान पहचान स्टूडियो के संस्थापक एवं सीईओ आनंद मोहन झा ने बताया कि स्टूडियो केवल कवि सम्मेलन और संगीत कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां फिल्मों का निर्माण और पुस्तक प्रकाशन भी किया जाता है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में पहचान स्टूडियो के को-फाउंडर कैफ़ी की अहम भूमिका रही, जिन्होंने पूरे कवि सम्मेलन और मुशायरे की ज़िम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई।

पर्यटन ग्राम बांचा में मंत्रीद्वय ने गांव की पारंपरिक जीवनशैली एवं प्राकृतिक सौंदर्य का किया अनुभव



# प्रदेश के होम स्टे में ठहरना जीवन का सदैव के लिए रहेगा अविस्मरणीय पल

**भोपाल।** एमपी टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटकों को प्रदेश की संस्कृति से परिचय और प्राकृतिक सौंदर्य से विस्मित कर देने के उद्देश्य से बनाए गए होम स्टे ठहरने का एक लोकप्रिय और आकर्षक विकल्प बन गए हैं। इन होमस्टे के माध्यम से ग्रामीण जीवनशैली के साथ ही स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और खानपान अनुभव कर रहे हैं। इस अविस्मरणीय अनुभव को केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके और उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद मोहन नागर ने पर्यटन ग्राम बांचा में स्वयं महसूस किया। शनिवार की रात अलाव के बीच ग्रामीणों से चर्चा की और स्थानीय संस्कृति को करीब से जाना।

### प्राकृतिक सौंदर्य का लिया लुत्फ

रविवार सुबह प्राकृतिक सौंदर्य के बीच भुने हरे चने के नाश्ते के साथ देशी महुआ पत्तल में कढ़ी, बेसन और प्याज के भजिये का लुत्फ उठाया। साथ ही समीप जंगल का भ्रमण भी किया। केंद्रीय राज्य मंत्री बोले प्रदेश के होमस्टे में ठहरना जीवन का अविस्मरणीय पल बन गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री उइके ने ग्रामीणों से गांव के विकास को लेकर चर्चा भी की।

### राजधानी में तीन नाटक देखकर दर्शक हुए भाव-विभोर

# कलाकारों ने पिता-बेटी के साथ पति-पत्नी का भी निभाया किरदार

## संस्कार भारती में आहान नाट्य उत्सव तीन में नाटक सम्बोधन का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

संस्कार भारती में आयोजित आलोक चटर्जी स्मृति नाट्य महोत्सव-1 और आहान नाट्य उत्सव-3 में अविराम संस्था के नाटक सम्बोधन का मंचन हुआ। सम्बोधन के लेखक और निर्देशक सुनील राज हैं। तीन पात्रों के इस नाटक को दो कलाकारों द्वारा मंच पर उतारा गया।



### नाटक की कहानी

नाटक सम्बोधन रिश्तों के बीच आई खटास का विश्लेषण करता है। कोई भी प्रेम भरा रिश्ता बगैर अपेक्षाओं और आशाओं के पूरा नहीं होता पर नाटक सम्बोधन के पात्र स्वयं को उन अपेक्षाओं से मुंह मोड़ते दिखते है। मां और पिता के रिश्ते में अलग हो जाने के बाद बेटी पहली बार पिता से मिलती है उसके मन मे पिता से प्यार की उम्मीद की जगह, कई सवाल होते हैं, उसे जानना होता है कि वो प्यार क्यू ख़त्म हुआ जो सब कुछ त्याग कर हुआ था।

## पति-पत्नी के रिश्ते की पराकाष्ठा दिखाता नाटक हस्बैंड वर्सेज बॉयफ्रेंड

**भोपाल।** एकरंग सोशियो कल्चरल सोसायटी द्वारा रंग श्री लिटिल बेले में नाटक हस्बैंड वर्सेज बॉयफ्रेंड का मंचन किया गया। कृष्ण गोपाल के लेखन और विभा श्रीवास्तव के निर्देशन में तैयार नाटक में दिखाया कि एक समय था जब पति पत्नी एक दूसरे की इज्जत समान करते थे तथा अपने बच्चे और परिवार, समाज को देखकर ही अपना रिश्ता निभाते थे परन्तु आज के पति पत्नी ने अपने सारे संस्कार ही खो दिये हैं।

**रंग श्री लिटिल बेले में नाटक का मंचन**



### सभी संस्कार खोत जा रहे हैं

पति-पत्नी के रिश्ते की पराकाष्टा दिखाते इस नाटक को करने का उद्धेश्य समाज में व्याप्त परिवार के विघटन के प्रति समाज को जागरुक करना है तथा चाहे मां-बाप हों, चाहे बच्चे सभी मोबाइल गेम पर रील बनाने पर तथा सोशल मीडिया में अपने आपके अपडेट करने में लगे हैं और एक साथ होते हुए भी अपने परिवार से बहुत दूर हैं। आज के बच्चों को परिवार का महत्व भी नहीं पता है कि परिवार होता क्या है, सभी संस्कार खोते जा रहे हैं।

## कुछ आंखों-आंखों में प्यार करते हैं तो कुछ दुनिया से बचते बचाते हुए...

**भोपाल।** शहीद भवन में नाटक मालिनी फ्लर्ट का मंचन रविवार शाम किया गया। नाटक में लेखन नरेंद्र कोहली का रहा तथा निर्देशन गगन मिश्रा का। नाटक में दिखाया गया कि कुछ लोग छिपाकर प्यार करते हैं, जबकि कुछ लोग जताकर, कुछ आंखों-आंखों में प्यार करते हैं तो कुछ दुनिया से बचते बचाते हुए। लेकिन प्यार ऐसी चीज है, जिससे हर कोई कभी ना कभी रूबरू होता ही है।

**शहीद भवन में नाटक 'मालिनी फ्लर्ट'**





हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930